ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 3, अंक 290, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14
कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला 13

## लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं: डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल करेंगे

**अमृत विचार :** प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पब्लिक की आवाज़ सुनी जाएगी लेकिन लॉ एंड ऑर्डर से समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। शीघ्र शुरू होने वाले 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नए जमाने की आपराधिक चुनौतियों से निपट सकें। पुलिस में 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मिली बड़ी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

# जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

## परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्ज्वल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।



रजित गुप्ता



देवदत्ता माझी

### काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

### लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैंक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

### एक नजर

#### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

#### नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

# भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

## आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

### वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

# सजगता और संवाद से ही बेहतर होगी कानून व्यवस्था : मुख्यमंत्री

## योगी ने की कानून-व्यवस्था, पर्व की तैयारियों की समीक्षा

- कहा-विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा न करें, नई परंपरा की अनुमति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनहित सर्वोपरि शासन का मूल मंत्र है। छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवादों का समाधान करके कानून व्यवस्था बेहतर होगी। निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

वे सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्त, ज़ोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।



कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त रोक

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिह्नित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

# सिक्किम में भूस्खलन से 3 जवानों की मौत

- छह सुरक्षाकर्मी लापता, बचाव दल तलाश में जुटा

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। लापता छह जवानों की तलाश की जा रही है।



सिक्किम के लाचेन नगर में भूस्खलन के बाद सैन्य शिविर क्षतिग्रस्त हो गया।

### लाचुंग में फंसे 100 से अधिक पर्यटकों को निकाला

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 100 से ज्यादा सैलानियों को लेकर 18 वाहनों का पहला समूह लोअर द्ज़ोंगू के फिदांग पहुंच गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मंगन जिला कलेक्टर अनंत जैन ने काफिले का नेतृत्व किया। फिदांग से पर्यटक गंगटोक के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, वन विभाग के समन्वित प्रयास से आज सुबह फंसे पर्यटकों को निकालने का काम शुरू हुआ।

## छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- सुकमा जिले का केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपये के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

## हवा में गिद्ध से टकराया विमान आपात स्थिति में रांची में उतरा



- इंडिगो के विमान में सवार थे 175 यात्री

**रांची।** इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।

# सहायक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

- एनसीटीई के नियमानुसार नियुक्ति के दो साल में करना होगा ब्रिज कोर्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में हाल में सहायक शिक्षक बनाए गए लोगों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमानुसार शिक्षकों को नियुक्ति के दो साल के भीतर यह कोर्स पूरा करना होगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 से ऑनलाइन यह कोर्स कराने की तैयारी है। एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड डिग्रीधारकों को प्राथमिक शिक्षक बनने के बाद दो वर्षों के भीतर ब्रिज कोर्स पूरा करना जरूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में नियुक्त शिक्षक यह कोर्स नहीं कर पाए, जिससे उनकी नियुक्ति पर सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनसीटीई ने एनआईओएस को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एनआईओएस ने अपने पोस्ट में बताया है कि जुलाई और अगस्त 2025 से ब्रिज कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन होगा और इसकी अवधि छह माह रखी गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

# कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

## दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक माना जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।



### शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### डीएम ने किया क्रीड़ा संकुल का निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम डाभासेमर का निरीक्षण किया। स्वीमिंग पूल, फुटबाल कोर्ट, हाकी फील्ड, एथीलिट रनिंग ट्रैक, क्रिकेट ग्राउंड, हैंडबाल कोर्ट, फुटबॉल कोर्ट सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कई स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था कम पाए जाने पर और अधिक लाईट लगाने का निर्देश दिया। नियमित साफ सफाई और पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का भी निर्देश दिया।

### तहसील परिसर से साइकिल चोरी

सोहावल, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के पंडितपुर निवासी करम चंद तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट के सामने साइकिल खडी कर कोर्ट में जमीन के विवाद की तारीख पर गया था। करीब एक घंटे बाद वापस आने पर साइकिल नदारद मिली। करमचंद ने बताया कि 10 साल से न्याय के लिए भटक रहा है, सोमवार को तहसील से साइकिल चोरी हो गई। अभी रिपोर्ट नहीं लिखाई है।

# कागजों से निकलकर धरातल पर दिखें योजनाएं : स्वतंत्र देव

## जलशक्ति मंत्री बोले- बाढ़ से जुड़ी सभी तैयारियां 15 जून तक हो जाएं पूरी, जल प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए की समीक्षा बैठक

अयोध्या कार्यालय


सर्किट हाउस में विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर दिखें, परिणाम जनता तक पहुंचे। कहा कि बाढ़ से जुड़ी सभी तैयारियां 15 जून तक पूरी हो जाएं। वह सोमवार को जल प्रबंधन को लेकर यहां सर्किट हाउस में विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। जमीनी हकीकत जानने के बाद दिशा-निर्देश दिया।

कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर अग्रसर है। हमारा लक्ष्य है कि हर किसान तक समय पर सिंचाई सुविधा पहुंचे। हर घर तक सुरक्षित जल पहुंचे। बाढ़ जैसी आपदाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो। चालू परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। बोले कि नहरों की सफाई, मरम्मत और पुनरुद्धार पर विशेष जोर दें। बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व से तैयारी की जाए। बाढ़ चेतावनी प्रणाली दुरुस्त रखें। आधुनिक एवं डिजिटल बनाने का भी सुझाव दिया।

उन्होंने नदियों के किनारे प्रदूषण नियंत्रण को चल रही परियोजनाओं और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की कार्यक्षमता और संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। निर्देश दिया कि नदियों की निर्मलता व अविरलता हम सबकी प्राथमिकता है। जल संचयन के लिए छोटे तालाबों, चेक डैम्स और कुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा कि प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही तय है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम स्तर पर जल समितियों के साथ मिलकर योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और भागीदारी की बात कही। कहा कि जल से जुड़े अभियानों को सामाजिक आंदोलन बनाएं। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों और ग्राम सभाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी।

### अयोध्या, बस्ती और गोंडा का पंप नहर दुरुस्त, सिंचाई को मिलेगा पानी

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अयोध्या का सरयू पंप नहर, बस्ती का विक्रमजोत पंप नहर और गोंडा का उतरौला पंप नहर बहुत डैमेज हो गया था। इसका पुनर्निर्माण कर लिया गया है। अब किसानों को सिंचाई के लिए जलस्तर उपलब्ध रहेगा। मीडिया से बातचीत में बताया कि अयोध्या में बाढ़ की पांच परियोजनाएं चल रही है। आने वाले समय में एक चुनौती है मानसून आना शुरू हो गया है। महाराष्ट्र केरल मानसून आ चुका है। हमारे जितने भी नदियों के बंधे हैं, सभी सुरक्षित हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में 344 बाढ़ की परियोजनाएं चल रही है। सभी परियोजनाएं 15 जून तक पूर्ण कर ली जाएगी। किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा।

### हत्या के तीन आरोपियों की जमानत नहीं

अयोध्या, अमृत विचार। राजकुमार हत्याकांड के तीन आरोपियों को जमानत पर रिहा करने से कोर्ट ने इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज तृतीय सुरेंद्र कुमार सहाय की अदालत से सोमवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय, वादिनी के अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि घटना दो मार्च 2025 की है। राजकुमार घर से निमंत्रण करने के लिए दिन में सारंगपुर गोसाई कुटी थाना रौनाही गए थे। उनके साथ गांव के आशुतोष गोस्वामी भी थे। उनकी हत्या करके शव बड़ागांव के पास फेंक दिया था। इसकी रिपोर्ट पत्नी ने रवि गोस्वामी, रामसागर, कपिल देव और आशुतोष निवासी पुरे ठाकुर गोसाई का पुरवा मजरे कोटिया थाना खंडासा के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई थी। पोस्टमार्टम में राजकुमार के शरीर पर नौ चोट मृत्यु पूर्व की पाई गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आशुतोष को छोड़कर अन्य तीनों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की टीम आज पहुंचेगी अयोध्या


अमौना गांव में तैयारी बैठक करते जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: 16 वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में समिति मंगलवार को अयोध्या पहुंचेगी। यहां 15वें वित्त आयोग से कराए गए कार्यों का निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

भारत सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16वें वित्त आयोग की 13 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति विभिन्न राज्यों का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी। जानकारी के मुताबिक समिति के सदस्य सुबह साढ़े आठ बजे एक हाईवे स्थित एक होटल में पहुंचेंगे। यहां से वह हनुमानगढ़ी और श्रीराम मंदिर में दर्शन-पूजन करने जाएंगे। इसके बाद नगर निगम के अयोध्या जलकल कार्यालय में 15 वें वित्त आयोग से कराए गए कार्यों का निरीक्षण करेंगे। यहां से सरकिट हाउस पहुंचेंगे। लंच के बाद कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में विभागों के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। वहां से वह मसौधा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमौना के कंपोजिट विद्यालय पहुंचेंगे। यहां 15 वें वित्त आयोग से कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण कर सकते हैं। यहीं पर पंचायत के प्रतिनिधियों से संक्षिप्त बातचीत कर सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि समिति मंगलवार को आ रही है। वह स्वयं अमौना गांव में तैयारी के लिए मौजूद हैं।

## पंचायत की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी शुरू हो गई है। पुनरीक्षण में प्रयोग किए जाने वाले प्रपत्र और बुकलेट यहां पहुंच चुकी है, 15 जून के बाद कभी भी पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी हो सकता है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव साल 2026 के प्रथम छमाही में संपन्न होने की संभावना है। इसके पहले गांव की मतदाता सूची का पुनरीक्षण जरूरी है। इसके जरिए नए मतदाताओं को सूची में स्थान मिलेगा। मृतक मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे। मतदाता सूची किसी भी चुनाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। बगैर इसके मतदान नहीं कराया जा सकता है। इसीलिए आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी शुरू कर दी है। बीएलओ से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की तैनाती को लेकर कवायद शुरू कर दी गई। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान ने सोमवार को बताया कि पंचायत की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी है। आयोग से कार्यक्रम घोषित होने के बाद जिलाधिकारी के स्तर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

# बीएड प्रवेश परीक्षा : आरोपी व परीक्षार्थी समेत अज्ञात पर केस

अयोध्या कार्यालय

**फॉलोअप**

▸▸ साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान पकड़ा गया था मुन्ना भाई

अमृत विचार : कोतवाली नगर पुलिस ने केंद्र व्यवस्थापक ममता निषाद की तहरीर पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर परीक्षा दे रहे आरोपी व परीक्षार्थी समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

परीक्षा केंद्र साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज पर रविवार को सुबह की पाली की परीक्षा में कक्षा संख्या 13 में कृष्ण मोहन कुमार यादव निवासी मोतीपुर थाना करजाइन जिला सुपौल बिहार कूटरचित दस्तावेज के आधार पर दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। शक होने पर पर्यवेक्षक डॉ. अवध नारायन, स्टैटिक मजिस्ट्रेट डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने उक्त अभ्यर्थी का आधार का सत्यापन कराया तो केवाईसी अपडेट न होने पर डाटा मिलान नहीं हो सका, जिससे वह पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वह आशीष यादव निवासी गांव सुखासनी थाना पिपरा बाजार जिला सुपौल बिहार के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पूछताछ के दौरान कृष्ण मोहन ने कबूल किया कि वह अपने जीजा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केंद्र व्यवस्थापक ममता निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में इस फर्जीवाड़े में अन्य लोगों के भी शामिल होने की आशंका जताई है। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर इसकी जानकारी संबंधित जांच एजेंसियों को दी गई है।

## सार-संक्षेप

### हनुमानजी को राम मंदिर में स्थापित करने की मांग

अयोध्या, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने पूर्व में टेंट में विराजमान रामलला के साथ प्राचीन हनुमानजी के विग्रह को भी राम मंदिर में स्थापित करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने प्रश्न किया है कि 22 जनवरी 2024 को जब श्रीरामलला को अस्थाई मंदिर से निकलकर भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में स्थापित हुए तो श्रीहनुमान जी के उस प्राचीन विग्रह को अस्थाई मंदिर में क्यों रहने दिया। उन्होंने रामलला के पास ही बजरंगबली के विग्रह को स्थापित करने की मांग की है।

### राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस पर निकाली श्रद्धांजलि यात्रा


तुलसी उद्यान में जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस पर पशुओं के लिए श्रीराम अस्पताल से तुलसी उद्यान तक श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। वीगन्स ऑफ अयोध्या संस्था संस्थापक प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को पशुओं पर हो रही क्रूरता के प्रति जागरूक करना है। तुलसी उद्यान में जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पशु अधिकारों की उद्घोषणा पर हस्ताक्षर किए। जिसमें सभी जीव जंतुओं को भी मानव की तरह स्वतंत्रता व सम्मान से जीने देने के अधिकार की माँग की गई। इस मौके पर आकांक्षा मिश्रा, डॉ. अनामिका त्रिपाठी, डॉ. आशीष पांडे, उमेश तिवारी, दीपशिखा, उन्नति, साक्षी, शैल सहित पशु-प्रेमी शामिल हुए।

### पूरे प्रदेश में पंचायत चुनाव लड़ेगा रालोद: त्यागी


सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पूरे प्रदेश में पंचायत चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। वह सर्किट हाउस में रालोद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद पत्रकार से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती ही एनडीए की मजबूती है। जातिवार जनगणना के फैसले के सवाल पर बोले कि राष्ट्रीय लोकदल इस फैसले का स्वागत करता है। इसके पूर्व उन्होंने पार्टी के नेताओं के साथ बैठक में संगठन के विस्तार के साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा की। जरूरी सुझाव भी दिए। बैठक और पत्रकारों से बातचीत में रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्ववेशनाथ मिश्र, सुडडू मिश्र, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा, क्षेत्रीय महासचिव राजेश तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश, सचिव नेतराम वर्मा, जिला सचिव अजीत वर्मा आदि मौजूद थे।

## बाइक सवार को बचाने में पेड़ से टकराई डबल डेकर बस, एक घायल

सोहावल, अयोध्या/अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र के सत्तीचौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाजीपुर बरसेडी मोड़ के पास सोमवार सुबह राजस्थान से सवारियों को लेकर गोरखपुर जा रही एक डबल डेकर बस सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पेड़ से टकरा गई। घटना के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। दुर्घटना में बस में सवार यात्री ज्योति विश्वकर्मा पत्नी सोनी विश्वकर्मा निवासी गोरखपुर के हाथ-पैर में गंभीर व चालक-कंडक्टर को मामूली चोटें आई। पुलिस ने तीनों को सीएचसी सोहावल भेजवाया। जहां चालक-कंडक्टर को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया जबकि महिला का इलाज चल रहा है। चौकी प्रभारी राकेश राय ने बताया कि बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। बस में सवार यात्रियों सहित बस को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त बस।

# देश की रक्षा के लिए लागू हो समान नागरिक संहिता : स्वामी रामकृष्णाचार्य

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नेपाल स्थित चतराधाम के पीठाधिपति जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकृष्णाचार्य ने सुरति शब्द योग की गहन साधना के गुर श्रद्धालुओं को सिखाए। उन्होंने समान नागरिक संहिता तत्काल लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

स्वामी रामकृष्णाचार्य ने कहा कि हिंदुत्व वाकई में खतरे में हैं। इसलिए हिंदुओं को सनातन धर्म को समझाना होगा। ब्रह्म, जीव, माया का भेद समझाना होगा। कहा कि देश में संविधान सभी के लिए एक होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि यदि हिंदुत्व की रक्षा करना चाहते हैं तो इसे लागू करना होगा।


श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज का आशीर्वाद लेते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

### श्रीराम रक्षा स्तोत्र का पारायण कर आहुति डाली गई

मणिराम दासजी की छावनी के यज्ञशाला में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें 11 वैदिक आचार्य के द्वारा श्रीराम रक्षा स्तोत्र का पारायण कर आहुति डाली गई। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि इस श्रीराम महायज्ञ के माध्यम से देश दुनिया में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ हिंदू धर्म की रक्षा हो देश अखंड बने, की प्रार्थना की गई।

कथा व्यास जगतगुरु रामानंदाचार्य के मुखारविंद से श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में आए भक्तों के साथ नेपाल के भी श्रोताओं ने प्रभु राम की लीला प्रसंगों को सुना। इससे पहले जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने महंत नृत्यगोपाल दास से आशीर्वाद लिया। शाम के सत्र में संचालित रामकथा के दूसरे दिवस का उद्घाटन भी किया। महंत डॉ. रामानंद दास श्रीराम कथा की सुधावृष्टि कर रहे हैं। उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास, विमल दास, आकाश मणि त्रिपाठी ने उनका अभिनंदन किया।

## चुनाव में सपा को आगे लाएंगे पीडीए और सभी पीड़ित : नेता प्रतिपक्ष

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: नेता प्रतिपक्ष व सपा के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पांडे ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए का फार्मूला काम करेगा। सभी पीड़ित चाहे वह पीडीए के लोग हो, ऊंची जाति के लोग हो या फिर प्रबुद्ध वर्ग के लोग हो। चुनाव में समाजवादी पार्टी को आगे लाएंगे। वह सोमवार शाम को शहीद शशांक तिवारी के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी के कारण भाजपा से सभी ऊब गए हैं। सभी सपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। कहा कि आने वाले चुनाव में सपा गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीडीए सरकार बनाएगी तो पीडीए में अल्पसंख्यक के विकासकी योजनाएं भी शामिल होंगी। उनके साथ पार्टी के नेता भी थे।

▸▸ बोले- माता प्रसाद पांडे, कहा- साल 2027 के चुनाव में चलेगा पीडीए का फार्मूला

### योग एवं आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक : वैद्य डॉ. नीतीश



अवध विवि में योग विषय पर आयोजित परिचर्चा में मौजूद शिक्षक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योग विभाग, शारीरिक शिक्षा खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष में सोमवार को योग विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता अनंत श्री आयुर्वेद धाम के वैद्य डॉ. नीतीश दुबे ने कहा कि योग एवं आयुर्वेद सर्वथा अभिन्न है। योग एवं आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक के रूप में है। प्रथम सत्र के स्वागत उद्बोधन में संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्र ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विद्याओं में से एक महत्वपूर्ण प्राच्य विद्या योग विज्ञान है। वक्ता डॉ. अर्जुन सिंह सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग संस्थान व डॉ. अनुराग तिवारी सहायक आचार्य, उद्यमिता एवं प्रबंध संस्थान ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। परिचर्चा के द्वितीय सत्र में अहिल्याबाई होल्कर का सांस्कृतिक धरोहर के संवर्धन में योगदान पर सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र से सहायक आचार्य डॉ. अंकित मिश्र ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर को राजमाता के रूप में राष्ट्र स्तर पर लोक सम्मान प्राप्त है। संचालन योग विभाग के सहायक आचार्य आलोक तिवारी एवं अनुराग सोनी ने किया।

### रुचियों और क्षमताओं के आधार पर चुने लक्ष्य : प्रो. फर्रुख

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित बीएससी पाठ्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा भवन में 'कॅरिअर काउंसलिंग' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र के प्रमुख प्रो. फर्रुख जमाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के आधार पर कॅरिअर चुनें। उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चयन कुमार मिश्र ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने उद्देश्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर अध्ययन करें। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश के लिए पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें। संचालन करते हुए डॉ. अरविन्द कुमार बाजपेयी ने कहा कि आज के चुनौती पूर्ण समय में हर विद्यार्थी को जागरूक होकर कॅरिअर के लिए खुद को तैयार करना होगा। डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कैसे कठिन परिश्रम और प्रतिभा के बल पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान बनाकर विद्यार्थी अपना भविष्य सुरक्षित करें। काउंसलिंग में डॉ. अश्वनी कुमार एवं डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने भी छात्रों को संबोधित किया।

**खेती-किसानी** लागत और श्रम के साथ ज्यादा खर्च ने बढ़ाया किसानों का रुझान

# रोपाई के साथ बढ़ा मशीन से धान की बुवाई का प्रचलन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: धान की रोपाई के साथ ही अब बुवाई का प्रचलन भी बढ़ रहा है। लागत, श्रम और पूंजी ज्यादा लगने के कारण किसानों का रुझान इधर बढ़ा है। बेहतर उत्पादन के लिए किसान इसी का प्रयोग अब तक कर रहा है।

अमूमन अब तक जिले में धान की खेती रोपाई से ही किए जाने का प्रचलन है। अतीत में सिंचाई का साधन कम होने पर बारिश के साथ खेतों में धान को छीटकर जरूर बोया जाता रहा है। बैलों से खेती की जाती थी लेकिन बारिश के पानी पर निर्भर होने के कारण उपज कम होती थी। संसाधनों के बढ़ने के साथ धान के रोपाई विधि का प्रचलन में आया तो छा गया। बेहतर उत्पादन के लिए किसान इसी का प्रयोग अब तक कर रहा है।


खेत में मशीन से धान की बुवाई करता किसान। अमृत विचार

धान की बुवाई विधि का प्रचलन बढ़ रहा है। बुवाई मशीन से की जाती है। वह भी सूखे खेत में गेंहू की तरह। इस साल कई किसान इसका प्रयोग कर रहे हैं। कृषि विभाग तो बुवाई विधि से धान की फसल का प्रदर्शन करने की तैयारी में है ही। सोहावल क्षेत्र में 12 किसानों ने अपने खेतों में मशीन से धान की बुवाई कराई। कहते हैं पहली बार प्रयोग किया है। लाभ हुआ तो इस विधि का प्रयोग करेंगे। जून में धान की बुवाई से इसमें महीने भर पानी की जरूरत स्वयं से पूरी करनी होगी। इसलिए नलकूप वाले किसान ही इसका प्रयोग कर रहे हैं। लागत, श्रम और व्यवस्था के कारण भी किसान इधर घूम रहा है।

▸▸ कृषि विभाग और कृषक कर रहा लाभ-हानि का आंकलन

सोहावल के किसान नरेंद्र देव पांडेय बताते हैं कि धान की नर्सरी, पानी में खेत को तैयार करने खर्च ज्यादा आ रहा है। रोपाई करने वाले मजदूर मिल नहीं रहे हैं। रोपाई महंगी हो गई। इसलिए इस बार धान की बुवाई कराई है। किसान संजय सिंह बताते हैं कि यदि धान की बुवाई और रोपाई के उत्पादन में ज्यादा अंतर न रहा तो यह विधि किसान के लिए मुफीद होगी।

सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत तिवारी ने कहा कि इस बार विभाग से किसान के खेतों में प्रदर्शन के साथ ही दूसरे किसान भी मशीन से बुवाई करवा रहे हैं। कहा कि समय से खाद, पानी और दवा का प्रयोग किया गया तो इसमें पैदावार रोपाई जैसी ही होगी।

# डीएम ने तैयारियों को लेकर की बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: केंद्र सरकार की 16 वें वित्त आयोग की समिति की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक की।

डीएम ने कहा कि समिति के लिए जिले से नामित लाइजन अधिकारी केंद्र से आ रहे लाइजन अधिकारियों के साथ पहले से ही समन्वय कर लें। समिति के सदस्यों के आगमन से लेकर प्रस्थान करने तक सभी व्यवस्थाओं की पहले से तैयारी कर ली जाए। पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिया कि प्रस्तावित मार्गों का पूर्व में निरीक्षण करते हुए यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रखें। बैठक में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप, नगर मजिस्ट्रेट, जिला पंचायती राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मसौधा व कार्यक्रम ड्यूटी में लगाए गए सभी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। बैठक के बाद डीएम ने अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# प्रायश्चित कर्म पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

## द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव : सरयू से कलश में जल लेकर सैकड़ों महिलाएं पहुंची राम मंदिर

▸▸ ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र बने यजमान, काशी के आचार्य जयप्रकाश सहित अन्य वैदिक आचार्य ने पूर्ण कराया कर्मकांड

▸▸ नगर निगम ने आयोजनों के लिए कसी कमर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार और अन्य देव विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायश्चित कर्म पूजन से हुआ। इसके पूर्व सरयू तट पर कलश और सरयू पूजन किया गया। इसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र यजमान रहे। कर्मकांड काशी के आचार्य जयप्रकाश सहित अन्य वैदिक आचार्य ने पूर्ण कराया। पूजन में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी महाराज, परमानंद महाराज और वासुदेवानंद सरस्वती महाराज विशेष रूप से शामिल रहे।

इसके बाद 400 मात्र शक्तियों ने सरयू तट से कलश यात्रा निकाली। जिसमें बीच-बीच में धार्मिक जय घोष हो रहे थे। महिलाएं पारंपरिक धार्मिक गीत गाकर संपूर्ण वातावरण को अपने आराध्य श्रीराम को समर्पित कर रही थीं। कलश यात्रा सरयू तट से लता चौराहा और फिर रामपथ से होते हुए, श्रृंगार हॉट, दशरथ महल के बाद रंग महल बैरियर से होते हुए राम मंदिर स्थित यज्ञ मंडप पर पहुंची। जहां सरयू जल से अन्य कर्मकांड जो की प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित है, संपन्न कराए गए।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तीन जून को सुबह 6:30 बजे से मंदिर परिसर में स्थापित आठ देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इनमें भगवान शिव, श्रीगणेश, श्रीहनुमान, सूर्य देव, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार के मंदिर शामिल हैं। इसके बाद पांच जून को दोपहर एक बजे तक राम दरबार की प्रतिष्ठा पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद भगवान की महाआरती और भोग का आयोजन होगा।



सरयू से जल लेकर राम मंदिर लौट रहीं कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार



मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र को चंदन लगाते मुख्य आचार्य, साथ में मौजूद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी महाराज व परमानंद महाराज।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रहेंगे मुख्यमंत्री

चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। ऐसे में यह दिन अयोध्या और उत्तर प्रदेश दोनों के लिए बेहद शुभ और ऐतिहासिक होने वाला है।

### राम दरबार सहित 14 विग्रह के स्थापना का सुंदर पल

राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने कहा कि राम दरबार सहित 14 विग्रह के स्थापना का सुंदर और पवित्र पल आ गया है। यह शुभ कार्य वैदिक विधि विधान से संपन्न होगा।

### महिलाएं बोलीं- त्रेतायुग का हुआ एहसास

कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने कहा कि हम त्रेता युग में तो नहीं थे किंतु आज हमें इस त्रेता युग का आभास हो रहा है। जिसमें मानव कल्याण आधारित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम शासन कर रहे थे और जनता सुख के साथ-साथ संपन्न भी थी। कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ही यह पौरुष है कि 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और अब राम दरबार सहित अन्य विग्रहों की भी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

### श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह छाया की व्यवस्था की गई है। पेयजल व शौचालय के भी इंतजाम किए गए हैं। गर्मी और हीट स्ट्रोक को ध्यान में रखते जिला प्रशासन ने सभी अस्पतालों में 10-10 बेड विशेष रूप से आरक्षित करा दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पुष्प वाटिका में पौधरोपण, ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव व सरयू महोत्सव में भी शामिल होंगे।

### तीन से पांच जून तक किसी को आमंत्रण नहीं : चंपत राय

राम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आने वाले श्रद्धालुओं से भीषण गर्मी को देखते हुए भावनात्मक अपील की है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। वही लोग अयोध्या आए जिन्हें रामलला का दर्शन करना हो। कहा कि राम दरबार व परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी कुछ महीने नहीं कर पाएंगे। राम मंदिर निर्माण की बाधाएं अभी सामने आ रही है। कहा कि प्रतिदिन अयोध्या में 50 से 70 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जो कि एक बहुत बड़ी संख्या है। पांच जून को यदि दो-तीन लाख लोग अयोध्या पहुंच गए, तो भीषण गर्मी में भारी अव्यवस्था और श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि जो भी आए, वह अपने साथ सत्तू या अन्य हल्का भोजन लेकर चले, ताकि गर्मी से राहत मिल सके।



### सुरक्षा के व्यापक इंतजाम: एसएसपी

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आगामी कार्यक्रम को लेकर डीएम के साथ कई बार स्थलीय निरीक्षण किया गया है। हमारे लिए वीआईपी के अलावा सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ सुरक्षाकर्मी जवान तैनात किए गए हैं। मंदिर हो या फिर बाहर हर जगह सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एटीएस और एसटीएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

## 12 वीएमएस पर भी दिखेगा आयोजन, पीएएस भी रहेगा एक्टिव

**अयोध्या कार्यालय।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाली द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण शहर के 12 वैरियेबल मैसेजिंग साइन बोर्ड (वीएमएस) पर किया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि शहर में ये स्क्रीन रामपथ, हनुमानगढ़ी, नयाघाट और अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थापित की गई हैं। जिससे कि श्रद्धालु और स्थानीय लोग इस पवित्र आयोजन को देख सकें। इसके अलावा 100 पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम (पीएएस) का भी उपयोग किया जाएगा। कहा कि साफ-सफाई के लिए मशीनरी का उपयोग किया जाएगा, जिसमें मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीनें और कचरा संग्रहण वाहन शामिल हैं। रामपथ और सरयू तट सहित प्रमुख मार्गों को चमकाने के लिए सफाई कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई हैं।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम वन विभाग व नगर निगम के संयोजन में होगा। मुख्यमंत्री रामकथा पार्क के निकट पुष्प वाटिका में पौधरोपण करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और छाया की व्यवस्था भी की गई है।

### आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना नहीं है।

| 38.5° | 26.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउट सोर्सिंग कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- रामायण अभिरुचि कार्यशाला जेबी अकादमी में सुबह 11 :00 बजे से।
- आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज में भंडारा दोपहर 02 :00 बजे से।
- पूराबाजार के मोहतसिमपुर में बड़ा मंगल को आयोजित भंडारे का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा अपराह्न 03 :00 बजे से।

### थाना दिवस का रोस्टर जारी

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित होने वाले थाना दिवस/समाधान दिवस का रोस्टर सोमवार को जारी कर दिया है। यह रोस्टर 14 जून से 23 अगस्त तक के लिए जारी किया गया है।

# वर्षों से एक ही जगह जमे 131 कर्मी इधर से उधर

▸▸ पॉवर कॉर्पोरेशन : जिले से 6 अवर अभियंता बाहर भेजे गए

▸▸ 59 टेक्नीशियन भी आए चपेट में, मुख्य अभियंता ने जारी किया आदेश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जूनियर इंजीनियर संगठन और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के प्रदर्शन के बीच मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने पॉवर कॉर्पोरेशन के 16 अवर अभियंताओं समेत कुल 131 कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया है। मुख्य अभियंता द्वारा सोमवार को तबादले की पहली लिस्ट जारी की है। इससे जद में आए कर्मियों में खलबली मच गई है।

अयोध्या से छह अवर अभियंताओं प्रवीण त्रिपाठी, रामेश्वर गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, हिम्मत सिंह को सुल्तानपुर, सुनील कुमार जायसवाल को अमेठी और हेमंत यादव को बाराबंकी भेजा है। ये कई वर्षों से एक ही उपकेंद्र पर तैनात थे। अन्य जनपदों से छह अवर अभियंताओं को अयोध्या में तैनात किया गया है। इसमें अंबेडकरनगर से हरिशंकर यादव व राजित राम वर्मा, अमेठी से गिरीश चंद्र व सुरेश कुमार और सुल्तानपुर से राम बालक वर्मा व अमरेश कुमार सिंह को अयोध्या भेजा गया है। मुख्य अभियंता ने सभी को तत्काल प्रभाव से रिलीव करते हुए तैनाती स्थल पर पदभार संभालने का भी निर्देश दिया है।

> शासन की स्थानांतरण नीति के तहत सभी तबादले किए गए हैं। सभी को तत्काल पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि दो दिन में कोई पदभार ग्रहण नहीं करता तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। -अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता पॉवर कॉर्पोरेशन, अयोध्या मंडल।

इसके अलावा 59 टेक्निशियन और 56 परिचालकीय संवर्ग के कर्मचारियों का भी तबादला किया गया है। सभी टेक्नीशियन को अमेठी, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर जिलों में भेजा गया है। यह टेक्नीशियन भी उप केन्द्र अदल-बदल कर जिले में ही आठ वर्षों से जमे हुए थे। 57 परिचालकीय संवर्ग के स्थानांतरित कर्मियों का भी यही हाल था। पॉवर कॉर्पोरेशन में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में तबादले किए गए हैं। बताया जाता है कि गैर जिले भेजे गए दो अवर अभियंताओं पर अपनी तैनाती वाले उप केन्द्र के संचालन आदि को लेकर तमाम आरोप थे। इस स्थानांतरण में इस तबादले के बाद शेष 63 में से 57 अवर अभियंताओं के तबादले भी अगली सूची में संभावित हैं। मुख्य अभियंता कार्यालय के अनुसार अगले तीन दिनों में दूसरी सूची भी जारी हो जाएगी।

# विशाल गुप्ता बने भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**अयोध्या। अमृत विचार :** जयपुरिया स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता को भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ की आम सभा की बैठक में उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह बैठक रविवार को नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने विशाल गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। विशाल अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं।



विशाल गुप्ता निदेशक, जयपुरिया स्कूल

विशाल गुप्ता ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं एमेच्योर बॉक्सिंग को गांव-गांव तक पहुंचाने और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व सुविधाएं दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कोशिश रहेगी कि उत्तर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलें। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा यह न केवल हमारे परिवार के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुझे विश्वास है कि विशाल अपने नए दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए बॉक्सिंग एवं खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करेंगे। वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, संजय शुक्ला, बालकृष्ण वैश्य, हरभजन गौड़, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, कपिल देव वर्मा, सतीश नंदराज जयपुरिया स्कूल के शिक्षकों व कर्मचारयों सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## सार-संक्षेप

### हर्ष ने उत्तीर्ण की आईआईटी एडवांस्ड 2025 परीक्षा



परिवार के साथ हर्ष।

**अयोध्या, अमृत विचार।** पूरा ब्लॉक के तिहुरा उपरहार निवासी हर्ष श्रीवास्तव ने अपने पहले प्रयास में ही आईआईटी एडवांस्ड 2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हर्ष ने जेईई मेन की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जेईई एडवांस्ड भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी में प्रवेश परीक्षा पास किया है। हर्ष के पिता मुकेशचन्द्र श्रीवास्तव कृषक व माता रंजना श्रीवास्तव गृहिणी हैं। हर्ष का कहना है कि लगन व कठिन परिश्रम से सफलता पाई जा सकती है।

### बयाना वापस मांगने पीटा, भाइयों पर केस

**मवई, अयोध्या/अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र के डिलवल गांव के सगे भाई अमित शर्मा व सुमित शर्मा से सुल्तान चक मजरा जरायल कला निवासी राजा ने पुरानी एसयूवी गाड़ी का सौदा किया था। इसके लिए राजा ने पांच हजार रुपये एडवांस दिया था। बाद में राजा ने गाड़ी लेने से मना कर दिया और अपना बयाना वापस मांगा। दोनों भाइयों ने सोमवार को बयाना वापस करने के लिये उसे बुलाया। आरोप है कि दोनों ने राजा की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं, सीओ रुदौली आशीष निगम, थाना प्रभारी शशिकांत यादव, हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे व जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की घायल राजा की तहरीर पर दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### कराएं ई-केवाईसी नहीं तो होंगे खाद्यान्न से वंचित

**बड़ागांव, अमृत विचार :** लगभग पांच महीने पहले खाद्यान्न के कार्डधारकों से अपने राशन कार्ड की ई-केवाईसी करवाने के लिए कहा गया था। जून इसके अंतिम समय है। सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह ने बताया सोहावल, मसौधा ब्लॉक मिलाकर 142 सस्ते गल्ले की दुकान हैं। इसमें लगभग 20 फीसदी कार्डधारकों ने ई-केवाईसी नहीं कराई। ई-केवाईसी कराने के लिए जून अंतिम माह है। जून माह बाद उनका खाद्यान्न रोक दिया जाएगा।

### नगर में जाम से जनता परेशान

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र गोसाईगंज में ट्रैफिक जाम की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है। इसकी जड़ में एक नई मार्केट को माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि यहां न तो पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण की कोई योजना दिखाई देती है।यहां आने वाले लोग अपने वाहन सड़कों पर ही खड़े कर देते हैं। जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। समाजसेवी एसएन विश्वकर्मा ने जिला अधिकारी से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### आउट सोर्सिंग कर्मियों का धरना जारी




मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय पर धरना देते कर्मी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय पर चल रहा धरना सोमवार को 42 वें दिन भी जारी रहा। धरने में पहुंचे मध्याचंल अध्यक्ष राज बहादुर उपाध्याय ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर तबादले धन उगाही के लिए किए गए हैं। उन्होंने अयोध्या जोन कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार की जांच की मांग मुख्यमंत्री से की। संचालन जोन अध्यक्ष के एन सिंह ने किया। विरोध सभा में प्रविधिक संघ के संरक्षक विजय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष विद्दुत् मजदूर पंचायत दिवाकर चौबे, शिव कुमार यादव, सत्य प्रकाश, ज्ञानेंद्र यादव, प्रदीप यादव, विनय मौर्य, आदि शामिल रहे। प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को एक बैठक बुलाई गई है। जिसमें आगे की रणनीति तय होगी।

### भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सोहावल, अयोध्या/अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन की सोहावल इकाई ने सोमवार को सोहावल ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत कर पांच मांगों का ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा को सौंपा। पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम अभिलाष यादव ने व संचालन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया। किसान पंचायत में जवाहर लाल तिवारी, सविता मौर्या, आसमा निशा, शहजादी बेगम, राजू निषाद, अमर नाथ सिंह, मगरू राम, काशीराम, लालमति सहित अन्य मौजूद रहे।

## दूसरी तहसील में भेजे गए 8 राजस्व निरीक्षक

**अयोध्या।** मुख्य राजस्व अधिकारी एसके त्रिपाठी ने सोमवार को आठ राजस्व निरीक्षकों का तबादला कर दिया। रुदौली तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र को बीकापुर, राजस्व निरीक्षक जय नारायन तिवारी को बीकापुर तहसील से सोहावल, तहसील सदर में तैनात प्रेमकुमार कनौजिया को बीकापुर, बीकापुर तहसील में तैनात रहे शोभाराम को सोहावल, तहसील सदर में तैनात वसीम अहमद खां को मिल्कीपुर और राम हिमाचल तिवारी को रुदौली से तहसील सदर में निजी अनुरोध पर तैनाती दी गई। 6 साल का समय पूरा करने वाले बीकापुर तहसील में तैनात रहे राजेंद्र प्रताप को तहसील सदर और सोहावल तहसील में तैनात रहे अरुण कुमार को रुदौली भेजा गया है।

# आईएमए और स्वास्थ्य विभाग आमने-सामने

▸▸ सेन्टर सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को आईएमए ने लौटाया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की निजी अस्पतालों पर चल रही सीलिंग की कार्रवाई को लेकर सोमवार को बखेड़ा खड़ा हो गया है। आईएमए अयोध्या और स्वास्थ्य विभाग आमने-सामने आ गए। आईएमए ने सीएमओ पर धनउगाही का गम्भीर आरोप लगाते हुए कठघरे में खड़ा कर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि अगर क्वालिफाइड चिकित्सकों पर कार्रवाई न थमी तो 5 जून को मुख्यमंत्री के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

रुदौली के अली हॉस्पिटल पर हुई कार्रवाई को लेकर आईएमए के चिकित्सक सीएमओ से मिलने पहुंचे थे। प्रतिनिधिमंडल में सिविल लाइन्स स्थित अवध आर्थो सेंटर के चिकित्सक डॉ. अब्दुस्सस्लाम भी शामिल थे। वह भी स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का विरोध जता रहे थे, लेकिन तभी उनके पास फ़ोन पहुंचा की स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके अस्पताल में जांच-पड़ताल करने पहुंच गई है। इसके बाद आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके बनौधा के नेतृत्व में चिकित्सक अवध आर्थो सेन्टर पहुंच गए। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम को घेर लिया। अध्यक्ष डॉ. आरके बनौधा ने कहा कि झोलाछाप के अस्पताल व क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, जबकि क्वालिफाइड चिकित्सकों के अस्पतालों को जानबूझकर सील किया जा रहा ह। अली अस्पताल के डॉ. मेराज के साथ भी यही हुआ। उन्होंने कहा कि अगर मंगलवार तक अली हॉस्पिटल की सील नहीं खोली गई तो हम कठोर कार्रवाई का निर्णय लेंगे। इस संबंध में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैं सीएम के आगमन की तैयारियों की प्रसाशनिक बैठक में हूं। थोड़ी देर बाद बात करूंगा।



सिविल लाइन्स स्थित अवध आर्थो सेन्टर में मौजूद आईएमए सदस्य।

### छह माह बची है नौकरी, ऊपर पैसे देकर आये हैं सीएमओः डॉ. अब्दुस्सस्लाम

डॉ. अब्दुस्सस्लाम ने कहा की मैं सीएमओ ऑफिस गया था। मुझे अस्पताल से फ़ोन आया कि कुछ अधिकारी आये हैं सील करने की बात कर रहे हैं। सीएमओ को बताया तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं होगा। इसके बाद फिर फोन आया तो हम सब सेन्टर पर ही आ गए। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम और डीएम के कहने पर जबरदस्ती लूप होल निकाला जा रहा है। मैं 31 वर्ष से प्रेक्टिस कर रहा हूं। अब सीएमओ साहब की छह माह की नौकरी बची है। ऊपर खूब देकर आये हैं तो वसूलना भी तो है। वही कर रहे हैं। वसूल के कहाँ देना है ये भी नहीं बता पाएंगे। अगर क्लीनिक सील हुआ तो हम लोग सामूहिक रूप से अस्पताल बंद करेंगे। सरकार को पता चलना चाहिए कि हम सेवा भाव के लिए काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक भाजपा नेत्री ने डॉक्टर और आरोप लगाए थे कि उन्होंने पैर में प्लेट डाली वो चार महीने में ही टूट गई। इस मामले में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने जांच बैठाई है।

### मैं रूटीन चेकअप के लिए आया थाः डॉ. अरविंद

सीएमओ आफिस से आये डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मैं सिर्फ रूटीन चेकअप के लिए था। एनओसी है या नहीं। बायोवेस्ट व फायर टेंडर आदि की जांच करने पहुंचा था।

**परेशानी** — कुमारगंज के 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय से गर्भवती महिलाओं को किया जा रहा रेफर

# तीन स्त्री व प्रसूति चिकित्सक छह माह से गायब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** योगी सरकार जहां प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए तमाम प्रयास कर रही है, वहीं अयोध्या के कुमारगंज स्थित 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में तीन स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के छह महीने से गायब होने का मामला सामने आया है। इनकी अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें मजबूरन अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

कुमारगंज अस्पताल में स्थायी रूप से नियुक्त तीनों चिकित्सक डॉ. आशा आर्या, डॉ. शीला वर्मा व डॉ. सोनम सिन्हा ने छह महीनों से ड्यूटी ज्वॉइन नहीं की है। अस्पताल प्रशासन ने कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन चिकित्सकों की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार, इन चिकित्सकों की अनुपस्थिति का मामला अब गंभीर हो चुका है और यह प्रकरण प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) तक पहुंच गया है। विभाग ने इन चिकित्सकों का वेतन रोक आगे की कार्रवाई के लिए जांच शुरू कर दी है।



कुमारगंज अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में मरीज, खासकर गर्भवती महिलाएं और स्त्री रोग से संबंधित समस्याओं के इलाज के लिए आती हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें या तो प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया जाता है या फिर अयोध्या और लखनऊ के बड़े अस्पतालों में भेजा जा रहा है। इससे मरीजों को आर्थिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। स्थानीय निवासी अर्जुन ने कहा कि ऐसे चिकित्सकों की लापरवाही से जनता का भरोसा टूटता है। अस्पताल के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण स्टाफ पर भी अतिरिक्त दबाव है।

### नेत्र रोग की ओपीडी शुरू

कुमारगंज चिकित्सालय में काफी दिनों बाद नेत्र रोग की ओपीडी शुरू हुई है। शासन ने यहां नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एनके वर्मा की तैनाती की है। यह लखनऊ से आये हैं। इनके आने से अब नेत्र रोगियों को आपरेशन की भी सुविधा मिल जाया करेगी।

### शासन व डीएम को भी दे दी है सूचना : सीएमएस

100 शैय्या के सीएमएस डॉ. रवि पांडेय ने बताया कि गैरहाजिर रहने वाली तीनों ही विशेषज्ञ राजपत्रित हैं। इसलिए स्थानीय स्तर से कार्रवाई नहीं हो पा रही है। शासन को सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को भी इस सम्बन्ध में बताया गया है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को एक चिकित्सक अटैच करने के निर्देश दिए हैं। पहले तीनों चिकित्सक जब आती थीं उनका उतने दिन का वेतन जारी हो जाता था। अब मैंने पूरा वेतन रोक दिया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**रानी बाजार, अयोध्या।** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत बीकापुर बाजार में रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपू शर्मा (26) पुत्र जानकी प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम सरियावा के मजरे चयन तिवारी का पुरवा थाना पूराकलंदर, अयोध्या के रूप में हुई। परिवार के लोगों ने बताया कि दीपू रविवार को बाइक से सुल्तानपुर गया था। रात करीब 8 बजे लौटते समय हादसा हुआ। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजवाया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। बीकापुर कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



दीपू शर्मा (फाइल फोटो)

## सार-संक्षेप



अवध विवि में निरीक्षण करते प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। अमृत विचार

### प्रभारी कुलपति ने किया भवनों का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न भवनों का प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने ईडीपी सेल भवन, रामशलभ भवन व परीक्षा मूल्यांकन भवन का निरीक्षण कर जानकारी ली। निर्देश दिया कि परीक्षा मूल्यांकन भवन सहित सभी भवनों में जलापूर्ति व एसी व्यवस्था ठीक कराई जाय। साफ-सफाई के साथ मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को शीघ्र हटाने का संबंधित को निर्देश दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. एस एस मिश्र, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, इं. आरके सिंह व डॉ. राजेश पांडे मौजूद रहे।

### यात्रा निकालकर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




यात्रा निकालतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एनएसएस द्वारा यात्रा निकालकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। एनएसएस इकाई दो व तीन के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में ग्राम जोरियम और लाल पांडेय का पुरवा में यह यात्रा निकाली गई। एनएसएस स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि खराब आहार, व्यायाम की कमी और गतिहीन दिनचर्या वजन और मोटापे का कारण बनती है। एनएसएस अधिकारी डॉ. उलमन यशमिता नितिन ने बताया कि मोटापे के कारण मधुमेह, दिल की बीमारी, जोड़ों में दर्द जैसी बीमारियां तेजी के साथ बढ़ने लगतीं हैं। इस दौरान ग्रामीणों को कोविड-19 के गंभीर खतरों के बारे में भी जागरूक किया गया। एनएसएस के यूनिट-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत वर्मा ने बताया कि मोटापे की बढ़ती समस्या से लड़ने के लिए साइकिल चलाना एक शक्तिशाली और व्यावहारिक उपकरण है। इस जागरूकता यात्रा में एनएसएस के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### नि:शुल्क जल प्याऊ लगाया

**अयोध्या।** सोनी ज्वेलर्स और एंड्राइड मोबाइल शॉप के बैनर तले सोमवार को पब्लिक सेवा संस्थान के मंडल अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने रायबरेली रोड पेट्रोल टंकी के सामने निशुल्क जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस मौके पर अभिषेक यादव, रवि सिंह, सचिन सोनी, आदित्य सोनी, अमित तिवारी, दीपक चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### अपना स्कूल में 10 दिवसीय रामलीला कार्यशाला शुरू



अपना स्कूल में रामलीला कार्यशाला के शुभारंभ पर मंचासीन अतिथिगण।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : खाकी वाले गुरुजी द्वारा जयसिंहपुर वार्ड में वंचित वर्ग के बच्चों के चलाए जा रहे अपना स्कूल में सोमवार को 10 दिवसीय रामलीला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने किया। गायक चंद्रेश भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ सुंदर प्रस्तुति देकर अतिथियों और बच्चों का मन मोह लिया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में मौजूद जय मां हंसवाहिनी रामलीला एवं नाट्य मंडल कौशांबी के अध्यक्ष संतोष कुमार व उनकी टीम ने बच्चों को रामलीला पात्रों के बारे में बताया। अपना स्कूल के संस्थापक रणजीत यादव अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक राजीव रंजन, अंबरीश पांडेय, एसबी सागर प्रजापति, पल्लवी वर्मा, सत्येंद्र गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, सीता शर्मा, उपनिरीक्षक जंग बहादुर यादव, ऋषभ शर्मा, अंशिका सिंह, विनय कुशवाहा समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने घेरा कुलपति कार्यालय, न मिलने पर भड़के

## मूल्यांकन केंद्र पर व्यवस्थाओं को लेकर उठाई मांग, धरने पर बैठे ▶ दो दिन के अंदर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के आश्वासन पर माने

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र पर अव्यवस्था के विरोध में सोमवार को शिक्षकों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। कुलपति द्वारा मिलने से इंकार करने पर तानाशाही का भी आरोप लगाया। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चले घेराव-प्रदर्शन के बाद कुलसचिव प्रो. एसएस मिश्र द्वारा दो दिन में व्यवस्था सही करने के आश्वासन पर शिक्षकों ने धरना समाप्त किया।

अनुदानित महाविद्यालय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर सोमवार को मूल्यांकन कार्य में लगाए गए शिक्षक आक्रोशित हो गए। तीन दिन पहले व्यवस्था की मांग किए जाने के बाद भी आज तक कुछ न होने पर एकजुट होकर कुलपति कार्यालय पहुंच गए। कुलपति तब तक वहां मौजूद नहीं थे, तो शिक्षकों ने वहीं धरना शुरू कर दिया। दोपहर कुलपति के आगमन पर जब वार्ता के लिए अनुरोध किया तो वहां से मना कर दिया गया। जिसे लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ गया और नारेबाजी शुरू कर दी।



कुलपति कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते अवध विश्वविद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार

शिक्षकों का कहना है कि मूल्यांकन व्यवस्था को लेकर कई वर्षों से विश्वविद्यालय प्रशासन पूर्ण रूप से उदासीन रहा है। मूल्यांकन हाल की बहुत दयनीय स्थिति है। इस भीषण गर्मी में पानी पीने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है और वॉशरूम तो दुर्गंध से भरा हुआ है। इन विपरीत परिस्थितियों के लिए कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक जिम्मेदार हैं। इतना ही नहीं सोमवार से वाणिज्य विभाग की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हुआ है, जिसकी सूचना भी परीक्षा नियंत्रक को नहीं है। आरोप लगाया कि जिस विषय की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा रहीं हैं उसका विषय विशेषज्ञ पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त नहीं किया गया है।

अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी व महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के दौरान यदि कुलपति हम लोगों की बात सुन लेते तो तत्काल व्यवस्था हो सकती थी लेकिन उन्होंने मना कर दिया। बताया कि कुलसचिव और मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्रा ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि दो से तीन दिनों के भीतर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाएं मूल्यांकन हाल में की कर दी जाएंगी। इसी के बाद धरना समाप्त किया गया। धरना-प्रदर्शन में शिक्षक संघ कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष डॉ. उदल कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय कुमार, संयुक्त मंत्री डॉ. पूनम शुक्ला, आशीष प्रताप सिंह, डॉ. रमेश कुमार सिंह, डॉ.समरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार पाण्डेय, डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. विनय कुमार सिंह, प्रो.मिर्ज़ा शाहब शाह, डॉ. रवि कुमार चौरसिया, डॉ. राम लाल विश्वकर्मा, डॉ. घनश्याम यादव, डॉ. बद्री विशाल सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. वेद मणि, डॉ.अजीत कुमार वर्मा, डॉ. सूरज प्रसाद, डॉ. विष्णु कुमार, डॉ. उमाकांत यादव आदि शामिल रहे।

### प्रमुख मांगे

- मूल्यांकन केन्द्र पर पानी, शौचालय, एसी की सर्विस आदि हो।
- अन्य विश्वविद्यालयों की भांति समन्वयक व उप समन्वयक किसी शिक्षक को ही नियुक्त किया जाए।
- कई वर्षों से मूल्यांकन में लगे कर्मचारियों जिनके कारण विवि की छवि खराब हुई है उन्हें हटाया जाए।
- मूल्यांकन की कोडिंग व्यवस्था में सुधार किया जाए।
- मूल्यांकन शुरु होने से दो दिन पहले शिक्षक संघ को अवगत कराया जाए।
- शिक्षक के बकाया बिलों का अतिशीघ्र भुगतान कराया।
- विभिन्न समितियों में शिक्षक प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

"शिक्षक संघ जिन बातों को लेकर धरना दे रहा है वह विश्वविद्यालय की आवश्यकताएं हैं। संघ द्वारा दिए गए पत्र पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। उन आवश्यकताओं को पूरा किया जायेगा। - **प्रो. एसएस मिश्र, प्रभारी कुलसचिव।**"

# किसान नेता से अभद्रता के विरोध में प्रदर्शन

▶▶ **जमीन के विवाद में जबरन कागजों पर हस्ताक्षर कराने का आरोप, सीओ ने दिया जांच का आश्वासन**

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन किसान सेना संगठन ने खण्डासा चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर उसरन भवानी पर धरना-प्रदर्शन किया। सीओ के जांच के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया है।

नेताओ ने कहा कि 27 मई को जिलाध्यक्ष ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल पर कार्यकर्ता गुरुदीन के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गुरुदीन और गांव के सरवन तिवारी के बीच आबादी की जमीन को लेकर विवाद था। चौकी प्रभारी ने गुरुदीन को बुलाकर दूसरे पक्ष की अनुपस्थिति में जबरन कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिया। उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। संगठन ने पहले एसडीएम मिल्कीपुर को शिकायती पत्र सौंपा था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर दो जून को रने के बाद सरयू में जलसामाधि लेने की घोषणा कर दी।

सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक खंडाया संदीप कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश पुलिस फोर्स के साथ सोमवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने संगठन के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव से वार्ता की और स्थिति को शांत कराया। मंडल अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो हम मजबूरन सीओ कार्यालय के सामने धरना शुरू करेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र नाथ, महिला जिला अध्यक्ष अवंतिका भारतीय, ब्लॉक प्रभारी मिल्कीपुर राधा कुमारी, जिला संगठन प्रभारी अजय यादव, गायत्री समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत निगमों को बेचना चाह रही भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ** : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है।

# फाइटर व अयोध्या डायमंड टीम सेमीफाइनल में पहुंची




मैन-ऑफ-द-मैच को पुरस्कृत करते डॉ. रजनीश।

**अयोध्या चैम्पियंस ट्रॉफी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** फाइटर क्लब ने बैंकर्स इलेवन को तथा अयोध्या डायमंड क्लब ने केनरा बैंक टीम को पराजित कर अयोध्या चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। डॉ. रजनीश ने मैच के मैन-ऑफ-द-मैच खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

डाभासेमर के स्टार स्पोर्ट्स स्टेडियम में अयोध्या चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला क्वार्टर फाइनल बैंकर्स इलेवन व फाइटर क्लब के बीच खेला गया। बैंकर्स इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 232 रन बनाये। विवेक ने 52, अभय ने 51 व अजीत ने 49 रन बनाए। फाइटर क्लब के विकास ने तीन विकेट लिए। जवाब में फाइटर क्लब ने 18.1 ओवरों में चार विकेट शेष रहते जीत का लक्ष्य हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अकीब ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 114 व मनोज सिंह ने 51 रन बनाए। बैंकर्स टीम के अतुल ने तीन व अभिषेक ने दो विकेट लिए। अकीब मैन-ऑफ-द-मैच रहे। दूसरे मुकाबले में केनरा बैंक टीम ने 18.4 ओवरों में शशि के 33 व अमरनाथ के 29 रनों की बदौलत सभी विकेट खोकर 133 रन बनाये। अयोध्या डायमंड क्लब के सौरभ व लुकमान ने दो-दो विकेट लिये। जवाब में अयोध्या डायमंड टीम ने 15.3 ओवरों में छह विकेट शेष रहते मैच जीत कर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। मजीद ने 41 व लुकमान ने 37 रन बनाये। लुकमान मैन-ऑफ-द-मैच रहे। आयोजन अध्यक्ष रवि कृष्ण यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया।

# देश के लिए हर कुर्बानी देने को मुसलमान तैयार : इमरान

▶▶ **बोले, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री, कहा- अल्पसंख्यकों को भ्रमित करते हैं गैर भाजपाई दल**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री इमरान खां ने कहा कि भारत का मुसलमान वफादार है और देश के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार है। आंतकवाद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो जवाब दिया उसने पूरी दुनिया को हिंदुस्तान की शक्ति का एहसास करा दिया है।

वह सोमवार को सुल्तानपुर जाते समय अमृत विचार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गैर भाजपाई दल केवल मुस्लिम समाज को भ्रमित कर रहे हैं। अब मुसलमान उनकी हकीकत जान गया है। कहा कि आजादी की लड़ाई से अब तक मुस्लिम समाज का अतुलनीय योगदान रहा है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। बोले कि 2014, जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है। सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ किया है। वह न केवल अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं बल्कि पूरी दुनिया के सबसे ताकतवर शासक भी।



उन्होंने कहा कि 14 वर्षों में मुस्लिम समाज तेजी से भाजपा से जुड़ा है। कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में ईद-बकरीद और मोहर्रम शांति से होते चले आ रहे हैं। जबकि पूर्व की सरकारों में ऐसे मौके पर दंगे फसाद होते थे। अयोध्या का ऐसा विकास आज तक नहीं हुआ जितना प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हुआ। शीघ्र ही अयोध्या में मोर्चा की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**लाल विजयानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टिकरी - अमेठी (उ. प्र.)**

**आवश्यकता है**

**बीएड विभागाध्यक्ष** – एक पद, **प्राचार्य**– एक पद **बीएड प्रवक्ता**– छः पद, **स्नातक पाठ्यक्रम हेतु, गृह विज्ञान**– एक पद, **शिक्षा शास्त्र**– एक पद, **अंग्रेजी**– एक पद, **राजनीति विज्ञान**– एक पद, **भूगोल**– एक पद, **हिंदी**– एक पद, **समाजशास्त्र**– एक पद, **संस्कृत**– एक पद, **परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु**– हिंदी– दो पद, **भूगोल**– दो पद एवं **समाजशास्त्र**– दो पद

**योग्यता**– डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के मानक के अनुरूप

**नोट**– इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञप्ति तिथि के एक सप्ताह के भीतर डाक द्वारा, मेल द्वारा या स्वयं अपने समस्त प्रमाण पत्र, अंक पत्र, कार्यालय में प्रेषित करें।

**कपिल देव तिवारी**
**प्रबंधक**

# गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड पर रहें : पाठक

● **उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार** : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों में दवाएं, मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री के सोमवार को जारी निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। ताकि मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि 102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए। अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का इंतजाम रखें। खासतौर पर गर्मी से होने वाली बीमारियों की।

# प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। नए डीजीपी की तैनाती होने के बाद सरकार ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वहीं, आशुतोष पांडेय को पदोन्नत होने के बाद पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम और नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) के साथ यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# ई-गवर्नेंस का शुरू होगा नया युग

## यूपीस्वान के तीसरे चरण की आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू की तैयारी

● **यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी किया नियुक्त**
● **सभी तहसील, ब्लॉक कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : योगी सरकार प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस कर रही है। उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के तीसरे चरण में ई-गवर्नेंस का 'नया युग' शुरू होगा। इसे लागू करने की तैयारी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू कर दी है। इसके लिए शासन ने यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। जल्द ही प्रदेश के सभी तहसील, ब्लॉक, कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को इससे जोड़ा जाएगा।

यूपीडेस्को द्वारा तैयार कार्ययोजना तैयार के अनुसार, पूरे राज्य में यूपीस्वान 2.0 से जुड़ने से वंचित रह गए कार्यालयों को जोड़ने की तैयारी है। प्रदेश में स्टेट हेडक्वॉर्टर, कमिश्नरेट ऑफिसेस व जिला मुख्यायल पहले ही जोड़े जा चुके हैं। जबकि, प्रदेश के 351 तहसील मुख्यालयों में से 235 तथा 828 ब्लॉक मुख्यालयों में से 574 को जोड़ने में सफलता मिली है। ऐसे में, तीसरे वर्जन के जरिए 116 तहसील मुख्यालयों, 254 ब्लॉक मुख्यालयों तथा 75 विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी है।

शासन में आईटी सॉल्यूशंस के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर विभागों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। यह इंडस्ट्री स्टैंडर्ड को लागू करने के साथ ही उन्नत तकनीकों को प्रभावी बनाकर एक स्केलेबल, कॉन्फ़िगर करने योग्य व भविष्य की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। यह स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क तकनीक को एकीकृत करेगा ताकि मल्टीप्रोटोकॉल स्विचिंग और इंटरनेट लीज्ड लाइन्स में डायनामिक ट्रैफिक रूटिंग सुनिश्चित की जा सकेगी।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे एलआईसी पालिसी संख्या 228052962 में मेरा नाम जितेंद्र दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में सुकई है, यह दोनों नाम मेरे ही हैं । **सुकई पुत्र स्व. नानबाबू, केवलपुर, छब्बीसवा, देवतहा, गोंडा।**

**सूचना**

मैं **सुनील कुमार पुत्र श्री रामनाथ गुप्ता निवासी सचिन आटो पार्टस मेन रोड सरायमीर आजमगढ़** घोषणा करता हूँ कि मेरे नाम एक फ्लैट संख्या 8/B1/907 का आवंटन गोमती इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ मे हुआ था आवंटित दस्तावेज में मेरा नाम सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो गया है जबकि सुनील कुमार और सुनील गुप्ता दोनों एक ही व्यक्ति है। यदि मेरा नाम कहीं सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो तो उसे सुनील कुमार पुत्र रामनाथ गुप्ता पढ़ा जाये

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र राम भिलाए शुक्ल जन्मतिथि 01–01–1968 पैन कार्ड में दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01–01–1966, **पता– ग्राम बहदुरिया गरेठी गुरुदत्त सिंह जनपद बहराइच** है। ऐसे में मुझे सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01–01–1966 के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **सूरज कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र राम लाल निवासी–20 अम्बेडकर नगर, मानस नगर, थाना–कृष्णा नगर, लखनऊ** का रहने वाला है। शपथी अपनी पत्नी राजकुमारी पुत्र संदीप और पुत्री ममता की गलत हरकतों और बदनीयती के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। शपथी की पत्नी,पुत्र व पुत्री किसी प्रकार के गलत गतिविधियों में पाए जाते है तो उसका शपथी से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रविन्द्र को उसके गलत चाल–चलन व दुर्व्यवहार के कारण उसको अपनी समस्त चल–अचल सम्मपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्यो अथवा लेने–देन से मेरा व मेरी पत्नी पूजा अथवा परिवार के सभी सदस्यों से कोई लेना–देना व कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **नरेन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ नि0– शाहपुर, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **श्यामपाल सिंह पुत्र बीरपाल सिंह नि0– थियरमहोलिया तहसील व जिला हरदोई** मेरे पुत्र रूद्र प्रताप सिंह का हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2022 अनुक्रमांक 1220981910 अंक पत्र/सहप्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है तथा मेरे पुत्र ने विद्या सिंह हाईस्कूल मंगली पुरवा हरदोई से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

● **न्यायालयी केस निपटाने में जौनपुर ने मारी बाजी सुल्तानपुर दूसरे व गाजीपुर तीसरे स्थान पर**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल रहा, जबकि जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। न्यायालयों में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर नजर आ रहा है। योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा करते हैं।

राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई माह की रिपोर्ट के अनुसार, मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है।

### अयोध्या डीएम कोर्ट प्रदेश में सबसे आगे

मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं, जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित हुए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमश: जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।

### भू-राजस्व संबंधित मामलों के निस्तारण में भी जौनपुर आगे

अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं।

# शेष 26 जिलों में भी शुरू होंगे बचपन डे केयर सेंटर

● **दिव्यांगजनों की बढ़ेंगी सुविधाएं योजनाओं का होगा विस्तार**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम नयी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में सरकार बचपन-डे-केयर सेंटर्स का विस्तार करने जा रही है। प्रदेश में अभी तक 25 जिलों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित हैं, जिसमें सभी मंडल मुख्यालय व 7 महत्वाकांक्षी जिले शामिल हैं। योगी सरकार इसका विस्तार करते हुए इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना बना रही है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके अंतर्गत सभी खेल परिसर अब दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किए जाएंगे। यह पहल उन्हें खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी। सरकार मानसिक रूप से मंदित बच्चों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए सभी जिलों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

## एक नजर

### चोरों ने गुमटी काट विदेशी चिड़ियां व नकदी किया पार

**जलालपुर (अंबेडकरनगर), अमृत विचार :** रविवार रात अज्ञात चोरों ने वाजिदपुर निवासी आकिब अंसारी की बसखारी रोड स्थित गुमटी को काटकर विदेशी चिड़ियां, खरगोश, पिंजड़ा और 2,000 नकद समेत करीब 50,000 का माल चोरी कर लिया। आकिब ने बताया कि वह जीविकोपार्जन के लिए पालतू पक्षियों की बिक्री करता है। चोर ट्रक से आए थे और पूरी गुमटी से सामान उठा ले गए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है। इससे पहले घसियारी टोला से रविकांत जायसवाल की बाइक और नगपुर में मुकेश कुमार की बाइक चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कराई जाएगी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### हादसे में युवक की मौत

**बसखारी, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** बसखारी थाना क्षेत्र के नई बाजार में एक अज्ञात वाहन ने श्याम बहादुर को जोराद टक्कर मार दी। जिससे श्याम बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने श्याम बहादुर को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक गदनपुर जहांगीरगंज के रहने वाले था। वह पड़रिया फौलादपुर स्थित अपने रिश्तेदार के यहां से घर लौटा रहा था। मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### तालाब में डूबने से युवक की गई जान

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** हंसवर थाना क्षेत्र के मेंढ़ी सुलेमपुर में सुरेंद्र के 22 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। नीरज घर के पीछे स्थित तालाब में कूड़ा फेंकने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह तालाब की दलदल में फंस गया। दलदल से बाहर नहीं निकल पाने के कारण उसकी डूबने से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही हंसवर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर दिया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है।

### अभियान के तहत 3 हजार 539 वाहनों का कटा चालान

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 मई से 1 जून तक चलाया गया। प्रभारी यातायात निरीक्षक जय बहादुर यादव ने बताया कि इस महीने में कुल 3 हजार 539 वाहनों का चालान किया गया। वहीं 122 वाहनों से 1 लाख 28 हजार 800 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस ने 385 चालकों की जांच की, जिनमें से 11 चालक नशे में पाए गए। इन पर चालान की कार्रवाई करते हुए 1 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### भूसे से लदी ट्रक पलटी बाल-बाल बचा चालक

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** जनपद के रामनगर के विडहर हंसवर मुख्य मार्ग चहोड़ा चौक पर रविवार देर रात भूसे से लदी एक ट्रक पलट गई। हादसा रात करीब 12 बजे आलापुर थाना क्षेत्र के रामनगर मोड़ पर हुआ। चालक को नींद आने के कारण ट्रक सडक़ किनारे पलट गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। आसपास की दुकानों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सूचना मिलते ही आलापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं बकरीद : एसडीएम

जलालपुर, अंबेडकरनगर



जलालपुर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

**अमृत विचार :** नगर के कोतवाली में उप जिला अधिकारी पवन कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि बकरीद के त्योहार को लोग शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं, जिससे किसी को कोई समस्या उत्पन्न न हो और खुले में कदापि कुर्बानी न करें।

क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने कहा कि ऐसा कुछ त्यौहार में न करें जिससे आपस में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो। फिलहाल पुलिस सब पर नजर बनाए हुए हैं, कोई भी अनैतिक कार्य करेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सराय चौक में अतिक्रमण के मुद्दे तथा बिना लाइसेंस की बेचे जा रहे मछली दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग किया तथा लोगों ने पानी, सडक़, बिजली और अन्य समस्याओं पर बताया कि सब कुछ ठीक है, किसी को कोई शिकायत नहीं। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार, नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता, कृष्ण गोपाल कसौधन, शत्रुघ्न सोनी, देवेश मिश्रा, आनंद मिश्रा, एहसान रजा मीशम, मोहम्मद जकरिया, सोहेल अहमद, मसूद अहमद, कजीबुल्लाह, आशीष सोनी, रमेश मौर्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महामाया मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक शवगृह शुरू

संवाददाता,टांडा, अंबेडकरनगर



महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में बना आधुनिक शवगृह।

- छात्रों को मिलेगा लाइव फॉरेंसिक प्रशिक्षण
- आधुनिक तकनीकों से है लैस शवगृह

**अमृत विचार :** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में आधुनिक शवगृह का शुभारंभ हो गया है। यह नया शवगृह आधुनिक तकनीकों से लैस है और इसमें हाइजीनिक ऑटोप्सी टेबल्स के साथ कोल्ड स्टोरेज की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे शवों को सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से रखा जा सकेगा।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार इस शवगृह की स्थापना का उद्देश्य न केवल सुविधा उपलब्ध कराना है, बल्कि इसे मेडिकल शिक्षा और शोध के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करना भी है। अब मेडिकल छात्रों को फॉरेंसिक मेडिसिन और ऑटोप्सी की लाइव ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में ही उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें बाहरी संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत स्नातकोत्तर विद्यार्थी पोस्टमार्टम और अन्य मेडिको-लीगल कार्यों में प्रत्यक्ष भागीदारी करेंगे, जो उनके प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा होगा। इससे उन्हें न केवल बेहतर व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, बल्कि शोध कार्यों में भी सुविधा होगी। स्थानीय स्तर पर मृत्यु दर दुर्घटनाओं और असामान्य मामलों पर आधारित डेटा इकट्ठा कर पब्लिक हेल्थ नीतियों के निर्माण में योगदान देने की योजना भी बनाई गई है। आज से मिलेगा शव विच्छेदन और संबंधित मेडिको-लीगल कार्यों का प्रशिक्षण : पोस्टमार्टम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से जनपद के चिकित्साधिकारी, पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों को 3 जून से शव विच्छेदन और संबंधित मेडिको-लीगल कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि यह शवगृह केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि शिक्षा, सेवा और न्याय के संगम का प्रतीक है। इसे प्रदेश में फॉरेंसिक और पब्लिक हेल्थ के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# चिह्नित दिव्यांग बच्चों को मिलेंगे योजनाओं के लाभ

## जनपद के सभी विकास खंडों में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए लगेगा शिविर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन करने तथा उनका चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और सभी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की दृष्टिगत ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना अंतर्गत आवेदन पत्र भराए जाएंगे। साथ ही शिविरों में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को चिकित्सीय सुविधा, शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए विद्यालयों में प्रवेश और सरकार की अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकास खंड मुख्यालयों पर पूर्वाहन 11 से अपराह्न 3:30 बजे तक विभिन्न तिथियां विकासखंड भीटी में 3 जून, कटेहरी में 5 जून, अकबरपुर में 10 जून, टांडा में 12 जून, बसखारी में 17 जून, जलालपुर में 19 जून, भियांव में 24 जून, रामनगर में 26 जून तथा जहांगीरगंज में 28 जून को दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजन शिविर में पंजीकरण कराने के लिए अपने साथ एक फोटो, दिव्यंगता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा।

बीएसए और डीआईओएस छात्रों का कराएं नामांकन : जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह को प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में समस्त अध्यनरत छात्राओं को शिविर तक लाने, पंजीकरण कराने तथा घर तक ले जाने के साथ ही शिविर में आए और गैर पंजीकृत छात्र-छात्राओं को विद्यालय में नामांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शैवाल को शिविर में आए दिव्यांग बच्चों, लाभार्थियों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र स्थल पर निर्गत करने और उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण का मापन का कार्य सुनिश्चित करने, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव को शिविर में आए बच्चों लाभार्थियों को सूचीबद्ध करने, उनको उपकरण प्रदान करने आदि के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## साहित्यकारों और लेखकों से मांगे गए आवेदन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** निदेशक उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अंतर्गत विषम आर्थिक स्थिति ग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी आय पांच लाख रुपए तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। उन्हें अधिकतम 50 हजार रुपए तक अनावर्तक चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून है। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र और चिकित्सा प्रमाण पत्र दो साहित्यकारों की संस्तुतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इसी के साथ ही प्रकाशन अनुदान योजना के तहत ऐसे रचनाकारों को जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपए तक है उनकी पांडुलिपि के मुद्रण के लिए अनावर्तक प्रकाशन अनुदान प्रदान करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित हैं। पुस्तक अधिकतम 200 पृष्ठों की हो।


अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी।

- 60 वर्ष से अधिक के लेखकों को 50 हजार की चिकित्सा सहायता, प्रकाशन अनुदान भी मिलेगा

पांडुलिपि संलग्न करना अनिवार्य है, प्रस्तुत पांडुलिपि वापस नहीं की जाएगी। स्वीकृत पांडुलिपि लेखक के उत्तराधिकारी द्वारा मुद्रित कराई जाएगी। निर्धारित तिथि तक संस्थान में मुद्रित पुस्तक की पांच प्रतियां एवं मुद्रक का प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई है। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, तीन प्रेसों के कोटेशन, दो साहित्यकारों की संस्तुतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है। शोध ग्रंथों, संपादित पांडुलिपि अनुदान के लिए स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमानुसार अनुदान लेखक को स्वीकृत होगा। युक्त योजनाओं की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हिंदी भवन 6 महात्मा गांधी मार्ग हजरतगंज लखनऊ संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। योजनाओं का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि साहित्यकारों द्वारा प्रस्ताव सीधे निदेशक उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हिंदी भवन 6 महात्मा गांधी मार्ग हजरतगंज लखनऊ को प्रेषित कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### मृतकों के खाते में भेजी जा रही थी पेंशन, सत्यापन से हुआ खुलासा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा किए गए सत्यापन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सत्यापन में लगभग 4 हजार 939 मृत व्यक्तियों के खाते में वृद्धावस्था पेंशन भेजी जा रही थी। विभाग ने 90 प्रतिशत से अधिक मृतकों की पेंशन रोक दी है। शेष की पेंशन रोकने की प्रक्रिया जारी है। बता दें कि जनपद में वर्तमान में 1 लाख 38 हजार 446 लोग वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। समाज कल्याण विभाग प्रति माह एक हजार रुपए की दर से हर तिमाही में तीन हजार रुपए लाभार्थियों के खाते में भेजता है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद विभाग ने ब्लॉक स्तर पर सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराया। यह प्रक्रिया एक महीने से अधिक समय तक चली। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि सत्यापन में पाया गया कि 4 हजार 939 मृत व्यक्तियों के खातों में पेंशन जा रही थी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मृत पेंशनधारकों के खातों में भेजी गई राशि को कोई निकाल नहीं सकता है। विभाग इन सभी खातों से धनराशि की वसूली करेगा। आगामी महीने से इन खातों में पेंशन भेजना बंद कर दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**आजमगढ़,अमृत विचार :** अहरौला थाना क्षेत्र के बरईपुर गांव में सोमवार की सुबह कमरे में छत के चुल्ले से फंदे से लटका शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक बरईपुर गांव निवासी संजू उर्फ अरूण प्रजापति (26) पुत्र रामाधीन वर्तमान समय में अंबेडकर नगर के जलालापुर में रह कर चाट-पकौड़ी व भूजा की दूकान लगाता था। परिजनों की मानें तो संजू उर्फ अरूण प्रजापति रविवार की रात 11 बजे के बाद बरईपुर घर आया था, आने के बाद अपने कमरे में चला गया। संजू की पत्नी मायके गयी हुई थी। सोमवार सुबह बहन ने संजू के कमरे में चाय लेकर गई तो दरवाजा खुला हुआ था। उसने संजू को फंदे से लटकता देख शोर मचाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। मौके पर पहुंची पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। संजू उर्फ अरूण प्रजापति अपने मां बाप का इकलौती संतान था। थानाध्यक्ष अहरौला प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। मामले को संदिग्ध मान कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

आजमगढ़,अमृत विचार : जिले के थाना गंभीरपुर के क्षेत्र के एक गांव में ननिहाल में आयी एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार सुबह थानाध्यक्ष बसन्त लाल मय हमराह ने आरोपी सुमित पटेल , दीपक पटेल , फरहान को मुजफ्फरपुर चौराहे पास से गिरफ्तार किया।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंप मार्ग निमार्ण की मांग की

जिला संवाददात, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में सर्वजन अवाम पार्टी ने उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह को ज्ञापन सौंपकर अधूरे मार्ग के निर्माण की मांग की है। जिलाध्यक्ष आदित्य पटेल ने बताया कि रामनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत सहिजना हमजापुर में एक महत्वपूर्ण सडक़ का निर्माण अधूरा है। सेक्टर मार्ग 43 रजवाहा और बसखारी-जहांगीरगंज मुख्य मार्ग को जोड़ता है। इस मार्ग के आधे से अधिक हिस्से में जिला पंचायत सदस्य और प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य कराया जा चुका है। ब्लॉक प्रमुख ने इस मार्ग पर 200 मीटर खड़ंजा भी लगवाया है, लेकिन पिच मार्ग से जोडऩे के लिए अभी भी लगभग 100 मीटर का मिट्टी कार्य शेष है। इस छोटे से हिस्से के पूरा होने से दर्जनों गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे। वर्तमान में लोगों को 8 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। नए मार्ग के बन जाने से यह दूरी घटकर 1-2 किमी रह जाएगी। इससे न केवल ईंधन और समय की बचत होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सर्वजन अवाम पार्टी ने लाखों लोगों के हित को देखते हुए शेष मिट्टी कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की है।

### ग्रामीणों ने काली माता की पूजा कर किया पौधारोपण

**इल्तिफातगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जेष्ठ माह की काली मां की पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों ने शांति पाठ किया। इस दौरान ग्रामीणों ने 51 पौधे लगाकर नई पहल किया। ग्रामीणों ने पौधारोपण कर उसकी अहमियत के बारे में लोगों को बताया। महिलाओं ने भी पौधारोपण में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। बता दें कि विकास खंड टांडा अंतर्गत अवसानपुर ग्राम सभा के बरवाईया में सामाजिक कार्यकर्ता रामध्यान यादव, अनिल पांडेय उर्फ बबलू के नेतृत्व में जेष्ठ माह में काली मां की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने 51 पौधे लगाएं। अनिल पांडेय ने बताया कि एक पौधा लगाना मतलब सौ पुत्र के समान है। हमे अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। काली मां की पूजा के दौरान गांव के रोहित यादव, अजय, अवधेश, अशोक यादव, डब्लू पांडेय, राजेश, राजेन्द्र पाण्डे, अभिषेक पांडेय, प्रिंस, ललकार यादव, रामजीत, गप्पू यादव, अव्यान सिंह, शोभाराम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित रहे।

### जाफर हुसैन की याद में मजलिस कल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बड़ा इमामबाड़ा राजा साहब मीरानपुर में इम्तियाज हुसैन जाफरी की ओर से मरहूम सैयद जाफर हुसैन इब्ने सैयद जर्रार हुसैन और रेशमा बानो पत्नी सैयद जाफर हुसैन के पुण्य के लिए आयोजित मजलिस को मौलाना मोहम्मद मेहदी आजमी बुधवार को रात्रि साढ़े आठ बजे संबोधित करेंगे।

### इंसान को जमीं पर बेमकसद नहीं भेजा गया है: नदीम रजा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** जिस खालिक ने हमें वजूद दिया है उसी परवर दिगार ने अपने रबूबियत के तकाजे से हमें होशियार भी किया है। यह बात वसीका अरबी कॉलेज अयोध्या के प्रवक्ता मौलाना सैयद नदीम रजा जैदी ने रविवार को जलालपुर स्थित इमामबाड़ा करीमपुर नगपुर में इमाम अली आदि की ओर से आयोजित दिवंगत मौलाना मोहम्मद सगीर जलालपुरी की बरसी की मजलिस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इर्शाद-ए-इलाही है कि याद रखो कि क्या तुम्हें यूं ही पैदा किया है। हर्गिज ऐसा नहीं है, बल्कि तुम्हें बा-मकसद पैदा किया गया है। तुम एक संयोग मात्र नहीं हो। अस्ल में तुम्हें ताज-ए-अशरफियत बनाकर भेजा गया है। उससे पूर्व मीसम जलालपुरी और हमनवा ने मर्सियाखानी किया। जबकि वरिष्ठ शायर डॉ. अजहर एजाज कायमी ने पेशखानी करते हुए कहा कि सगीर मुझको न समझो कबीर शान हूं मैं, इसी लिए तो बहत्तर के दरम्यान हूं मैं। इसी क्रम में मास्टर हैदर अली करीमपुरी ने पढ़ा सरे हुसैन दिखाया गया सकीना को, कुछ इस तरह से रुलाया गया सकीना को। सैफ जलालपुरी ने पढ़ा सामरा और कुम नजफ और कर्बला की रौशनी, ऐ खुदा दिखला दे मुझको हर जगह की रौशनी।


मौलाना नदीम रजा जैदी।

### चेयरमैन को गोली मार ने की धमकी, नहीं मिली सुरक्षा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता को गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बसखारी निवासी विनोद कुमार यादव ने सभासद लालमन रावत को फोन कर अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। अध्यक्ष की ओर से तहरीर दिए जाने के बावजूद बसखारी पुलिस ने केवल शांति भंग की आशंका में मामूली कार्रवाई की है। यह मामला एक संवेदनशील क्षेत्र से जुड़ा है और आरोपी का ऑडियो भी मौजूद है, फिर भी अब तक अध्यक्ष को कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई है। पुलिस की यह ढुलमुल कार्यशैली कई सवाल खड़े करती है। वहीं आरोपी के समर्थन में थाने पर जुटी भीड़, इस मामले में उसकी संलिप्तता की आशंका को भी जन्म देती है। पूरे घटनाक्रम ने नगर पंचायत में दहशत और प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है।

# एसपी कार्यालय के प्रधान लिपिक पर मुकदमा दर्ज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

- पुलिस भर्ती में छात्रों से सत्यापन के नाम पर ली रिश्वत

**अमृत विचार:** जनपद में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक अशोक यादव पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी शुभम कुमार ने अकबरपुर कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि प्रधान लिपिक ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों से सत्यापन के नाम पर रिश्वत ली। जांच में पता चला कि बीते 18 मई रविवार को कुछ अभ्यर्थियों को कार्यालय बुलाया गया था। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और अशोक यादव के मोबाइल नंबर की सीडीआर से यह पुष्टि हुई कि अभ्यर्थियों से उनकी बातचीत हुई थी। इस मामले में पहले पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने उन्हें निलंबित किया। बाद में अकबरपुर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# संपूर्ण क्रांति के 51वीं वर्षगांठ पर कूच करेंगे लोकतंत्र सेनानी

**आजमगढ़,अमृत विचार :** संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच यूपी के तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक सोमवार को पुरानी कोतवाली स्थित जिलाध्यक्ष एडवोकेट स्वंतत्र कुमार गुप्ता के आवास पर सम्पन्न हुई। प्रभारी राष्ट्रीय संयोजक नई दिल्ली डॉ रमाशंकर सिंह ने कहा इस यादगार क्रांति की 51वीं वर्षगांठ लखनऊ स्थित दारूलसफा के बी ब्लाक में मनाया मनाया जायेगा। जिसमे अधिक से अधिक लोकतंत्र सेनानियों का पहुंचना तय है। जिलाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार गुप्ता ने सभी लोकतंत्र सेनानियों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में वर्षगांठ के मौके पर पहुंचने के लिए तैयार रहें ताकि इस दिवस को यादगार बनाया जा सके। इस अवसर पर तमाम लोकतंत्र सेनानी मौजूद रहे।

### चारा काटने को लेकर युवक को पीटा, हालत गंभीर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जसवंत आकाश ने बताया कि गांव के एक खेत में जानवरों के चारे के लिए घास काटने गया था। इसी दौरान गांव के हो कोटेदार अशोक वर्मा आकर गाली देने लगा। जब उसका विरोध करने लगा तो विपक्षी ने अपने पुत्र अखिलेश सहित अन्य परिजनों को बुला लिया और सभी लोगों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें दाहिना हाथ पूरी तरह से टूट गया जबकि पूरे शरीर पर गंभीर चोटे आई है। बुरी तरह से हो रही पिटाई से पीडि़त ने हल्ला-गोहर शुरू कर दिया। हल्ला-गुहार पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह जान बचाई। जलालपुर कोतवाली पहुंचे विपक्षी के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जलालपुर कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल यादव ने बताया कि पीडि़त की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मेडिकल के लिए भेजा गया है। जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार : एमएलसी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम के समापन पर महारानी के जीवन दर्शन पर हुई ऑन लाइन प्रतियोगिता के उपरान्त पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी एमएलसी पदम सेन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में विचार परिवार के विशिष्ट अतिथि संजीव जायसवाल द्वारा किया गया।

विशिष्ट अतिथि ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन पर हुई ऑन लाइन प्रतियोगिता में जनपद के दो छात्रों उत्कर्ष कुमार को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और 1500 रुपए और द्वितीय पुरस्कार विशाल गुप्ता को भी अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और 1000 रुपए का पुरस्कार जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी ने देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पदमसेन चौधरी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष पर 21 से 31 मई तक जनपद से लेकर मंडल स्तर तक अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश की नारियों के सम्मान और समृद्धि के लिए अनेकों कार्य किए हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर हुई परेड के टुकडियों का नेतृत्व महिलाओं को दिया गया। पाकिस्तान को लड़ाई में धूल चटाने का कार्य हमारे देश की वीरांगना महिला सैन्य अधिकारियों ने किया। महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मराठा राज्य की कमान संभाल कर दुश्मनों को परास्त कर महिला सशक्तिकरण का अनूठा मिशाल कायम किया था। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने का कार्य कर रही है।

## राष्ट्र के निर्माण के लिए छात्र महापुरुषों के विचारों का करें अध्यन

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राजनीति से इतर भी सामाजिक कार्य करती रहती है। राष्ट्र के निर्माण के लिए विद्यार्थियों को महापुरुषों के विचारों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नारी वंदन कानून लागू कर राजनीतिक भागीदारी के साथ ही अनेकों कार्यों में अग्रिम पंक्ति की भूमिका में लाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई होलकर ने सती प्रथा सहित अनेकों सामाजिक सुधारों को लागू किया। महारानी ने कहा था कि धर्म ही राजधर्म और प्रजा की सेवा ही मेरी पूजा है। संचालन विनय पाण्डेय और आभार पंकज वर्मा ने व्यक्त किया। मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, चंद्रिका प्रसाद, रिंकल सिंह रघुवंशी, डॉ. विनोद कुमार, विजय विश्वकर्मा, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, नंद कुमार तिवारी राना, मनीष मिश्र, अंकित पाण्डेय, अमित पाण्डेय, आनंद श्रीवास्तव, शिव पूजन राजभर, मनोज गुप्ता, शशि द्विवेदी, अरविंद सिंह डिंपू, अतुल वर्मा, अमित सिंह, चंद्रपाल वर्मा आदि शामिल रहे।

**दीपोत्सव** — तमसा नदी की तलहटी की सफाई, नदी तक जाने वाले मार्गों पर चूने का छिड़काव व प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की

# जनप्रतिनिधियों ने ईओ को गंगा दशहरा को लेकर सौंपा ज्ञापन

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के समीप बहने वाली पौराणिक तमसा नदी के तट पर इस वर्ष भी गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गंगा आरती और दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आगामी पांच जून को आयोजित होने वाले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

सोमवार को भाजपा एमएलसी प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल कसौधन, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार पासवान से मुलाकात कर कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने अधिशासी अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए तमसा नदी की तलहटी की सफाई पोकलैंड मशीन द्वारा कराने, नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़े जाने, साथ ही नदी तक जाने वाले मार्गों की सफाई, चूने का छिडक़ाव और प्रकाश व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण जागरूकता से भी जुड़ा है। अतः इसे गरिमामयी ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर प्रशासन की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है।


गंगा दशहरा को लेकर ईओ अरविंद कुमार पासवान से बातचीत करते जनप्रतिनिधि।

## एमएलसी होंगे मुख्य अतिथि, करेंगे दीपोत्सव का शुभारंभ

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व वर्तमान भाजपा एमएलसी हरिओम पांडे शिरकत करेंगे। वह दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, नगरवासी और भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। आयोजन स्थल पर गंगा आरती, दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन का भी आयोजन प्रस्तावित है। इस प्रतिनिधिमंडल में तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट के अध्यक्ष केशव लाल श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, आनंद मिश्रा समेत कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु भी शामिल रहे। सभी ने नगर प्रशासन से आग्रह किया कि समय रहते जरूरी इंतजाम किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हो सके।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन आयोजन की महत्ता को समझते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। जल्द ही नदी की साफ-सफाई और अन्य तैयारियों की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### शार्ट-सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान

**मुबारकपुर,आज़मगढ़,अमृत विचार :** जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव के निवासी नसरूल्लाह के घर सोमवार की भोर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना समय के परिजन छत पर सो रहे थे। फजर की नमाज पढ़ने के लिए उठे, तो घर में धुआं देखकर शोर मचाते हुए किसी तरह घर से बाहर निकल कर जान बचाई। शोर सुनकर ग्रामीण ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। तब तक लाखों के सामान जल गए। पीड़ित नसरुल्लाह के अनुसार अगलगी की घटना में घर में रखा फ्रिज, लकड़ी की आलमारी, डबल बेड, पंखा, इनवर्टर बैटरी, रजाई गद्दा, कालीन, कपड़ा समेत सत्तर हजार रुपये नगद जलकर राख हो गए।

## एक नजर

### शिविर में 21 मरीजों का होगा ऑपरेशन

**मनकापुर** : जन्म से कटे होंठ व कटे तालू का निशुल्क पंजीकरण शिविर लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ एस एन सिंह ने बताया कि जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में 02 जून से 06 तक जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से संबंधित समस्या वाले मरीजों के इलाज के लिए नि :शुल्क पंजीकरण शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में नि :शुल्क पंजीकरण शिविर लगाकर 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है।पंजीकृत मरीजों का नि :शुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा।

### डीएम ने लिपिक व एसडीएम के कार्य क्षेत्र बदले

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम पवन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट और तहसीलों में कार्यरत 9 लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के पटल में परिवर्तन किया है, जिसमें इरशाद अली खान को रीडर न्यायालय जिलाधिकारी और विशेष कार्याधिकारी के पटल पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, मनोज कुमार, आनंद कुमार, चौधरी, रवि प्रकाश शुक्ला, मैराज हैदर, रूपनारायण, पाटेश्वरी प्रसाद और संजय कुमार श्रीवास्तव के पटल में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा, डीएम ने तहसीलों के एसडीएम का फेरबदल भी किया है, जिसमें राकेश कुमार जयंत को एसडीएम तुलसीपुर, अभय कुमार सिंह को एसडीएम (न्यायिक) तुलसीपुर और अवधेश कुमार को अपर एसडीएम बलरामपुर बनाया गया है। राजेंद्र बहादुर को एसडीएम उतरौला के साथ एसडीएम (न्यायिक) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### कार्यशाला में दी गई कथक नृत्य की जानकारी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पंडित बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य की सातदिवसीय नि :शुल्क कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस


प्रोफेसर जेपी पांडे।

कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को कथक नृत्य की मूल बातें सिखाना और इस कला रूप के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो . जे पी पाण्डेय ने कहा कि कथक कार्यशाला न केवल नृत्य की तकनीक सिखाती है, बल्कि इसके पीछे की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को भी समझने का अवसर प्रदान करती है। प्रो . एस पी मिश्र ने कहा कि संगीत मन को आनंदित करता है और कथक गुरु हर्षिता चौहान ने बताया कि कथक नृत्य की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि कथक नृत्य आत्म-अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है और प्रतिभागियों को नृत्य के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यशाला में कथक नृत्य की प्राथमिक जानकारी दी गई और प्रतिभागियों को कथक की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर जताया विरोध

संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में बदहाल विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज, अघोषित कटौती की समस्या को लेकर उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी अभय सिंह को देकर समस्या में सुधार की मांग की गई है।

अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि ने बताया कि यहां तैनात विभागीय अधिकारियों का रात्रि निवास सुनिश्चित किया जाए,संविदा कर्मी को आवश्यक उपकरण देने के साथ उनकी संख्या बढ़ाई जाए जिसे लगभग 40000 की आबादी वाले नगर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो आपूर्ति बंद होने पर अधिकारियों के सी यू जी नम्बर चालू रखे जाएं।महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने कहा कि लगभग 9 करोड़ की लागत से निर्मित 132 केवी बिजली केंद्र आधे नगर समेत 450 गांवों के उपभोक्ताओं के लिए सफेद हाथी बन गया है,बेहतर वोल्टेज व आपूर्ति के लिए 132 स्टेशन शुगर मिल से 33/11 विद्युत उपकेंद्र नई बाज़ार को 33 केवी की लाइनों से जोड़ा जाए,कार्यरत लाइनमैनों को विभाग द्वारा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। राधेश्याम चौरसिया,सरदार बबलू सिंह, शिव कुमार गुप्त, प्रदीप गुप्ता,कुन्दन लाल,सूरज गुप्ता,जय सिंह, राधेश्याम कौशल, अवधेश शुक्ल मौजूद रहे।

### बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बलरामपुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी बलरामपुर ने विद्युत विभाग द्वारा भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन अधिशासी अभियंता अजय सिंह को सौंपा। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार के दावों के बावजूद शहरी क्षेत्रों में बिजली बामुश्किल 12-14 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 8-10 घंटे ही मिल पाती है, जिसमें लो वोल्टेज और बार-बार बिजली ट्रिप की समस्या भी है।

पूर्व महामंत्री विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि बिजली कटौती से पूरा जिला परेशान है और सरकार पूरी तरह फेल है। पीसीसी डॉक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर फ्लॉप है और बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

# 15 फीट से अधिक नहीं रखी जाएगी ताजिया

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : सोमवार को कोतवाली मनकापुर परिसर में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में बकरीद के दृष्टिगत पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया।

उपजिलाधिकारी अवनीश तिवारी ने कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी बैठक में मौजूद पीस कमेटी के सदस्यों, मौलवी मौलाना व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द के साथ बकरीद व मोहर्रम मनाने को कहा। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोगों द्वारा गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाते चले आ रहे हैं। इसी क्रम मे पुलिस क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल ने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि मोर्हरम में रखे जाने वाला ताजिया जमीन से 15 फुट की ऊंचाई से ज्यादा का नहीं रहेगा जिसका पालन सभी ताजीयादारों को करना होगा।


कोतवाली में बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**त्योहार में खुले में नहीं दी जाएगी कुर्बानी**

उन्होंने बकरीद को लेकर कहा कि प्रतिबंधित जानवरों को नहीं काटा जाएगा व बकरों को खुले में कोई नहीं काटेगा और उसके अवशेष को ढक कर जमीन में गाड़ना होगा। पुलिस का सहयोग हमेशा रहेगा और पुलिस भी चाहती है कि आप लोग भी पूर्ण सहयोग करें। किसी प्रकार की अराजकता क्षम्य नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने कहा कि फिलहाल एक ही समुदाय का आगामी त्यौहार है। इसलिए अन्य समुदाय के लोग सहयोग करें। इस मौके बड़ी मस्जिद सचिव तनवीर खान उर्फ सोनू खान, मोहम्मद यासीन खान, जाहिद अली आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रक से टकरायी कार, दंपति समेत 4 की मौत

## कानपुर में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गोंडा लौट रहा था प्रापर्टी डीलर का परिवार

**रफ्तार की मार**

- मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों की मदद के दिये निर्देश

संवाददाता, बाराबंकी/गोंडा




रमाशंकर, चालक अयान कुरैशी, राजवीर व पत्नी शांति की फाइल फोटो।


हादसे में कार के उड़े परखचे।


क्रेन से हटाया जाता ट्रक।

**अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर सोमवार सुबह ट्रक व कार के बीच भीषण टक्कर में प्रार्पटी डीलर व उसके साले समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रार्पटी डीलर परिवार के साथ कानपुर में साले की गोदभराई की रस्म के बाद वापस गोण्डा लौट रहा था। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने लगा लंबा जाम हटवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुःख जताते हुए अफसरों को यथासंभव मदद के निर्देश दिए हैं।

गोंडा जिला के नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिराभा निवासी प्रार्पटी डीलर रमाशंकर मौर्या (40) पुत्र दुखहरण मौर्य अपने साले राजवीर उर्फ सुधीर (35) पुत्र शंकर कुशवाहा, सरहज शान्ति (32) तथा अपनी पत्नी पूजा व दो बच्चों के साथ रविवार को कानपुर में अपने साले की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम निपटने के बाद पूरा परिवार सोमवार की रात अर्टिगा कार से वापस गोंडा के लिए चल दिया। सुबह करीब 6 बजे कार लखनऊ-गोंडा हाईवे पर बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में गणेशपुर स्थित गुप्ता ढाबे के निकट पहुंची ही थी कि बहराइच से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक व कार में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखचे उड़ गए तथा कार सवार रमाशंकर मौर्य, उनके साले राजवीर उर्फ सुधीर, सरहज शान्ति देवी व चालक अयान कुरैशी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमाशंकर मौर्य की पत्नी पूजा, पुत्र अक्क्ष (9) व पुत्री अनवी (6) गंभीर रूप से घायल हो गई। सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय व कोतवाल बदोसरांय संतोष कुमार सिंह फोर्स के साथ मोके पर पहुंचे ओर घायलों को सीएचसी रामनगर भिजवाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं इस घटना के चलते हाईवे पर जाम लग गया, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पलक झपकते ही गोद भराई की खुशियां मातम में बदल गईं। उधर इस हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। उन्होने अफसरों को निर्देश दिए कि बचाव कार्य से लेकर घायलों के इलाज में कोई कसर न रखी जाए। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास त्रिपाठी ने बताया कि हादसा सुबह करीब सवा छह बजे हुआ। ट्रक कब्जे में ले लिया गया है।

## आनवी व अक्ष हुए अनाथ, छिन गया रुकसाना के जीने का सहारा

**गोंडा, अमृत विचार** : बाराबंकी जिले के रामनगर के समीप रविवार रात हुए सड़क हादसे ने जिले के तीन तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे ने किसी का बेटा छिन गया तो किसी के सिर से माता पिता का साया उठ गया। इस भीषण हादसे में मासूम आनवी के माता पिता तो अक्ष के सिर से उसके पिता का साया छीन लिया। नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली रुकसाना ने भी अपने बेटे को खो दिया। हादसे के बाद तीनों परिवारों में मातम पसरा है। मृतकों के घर पर रिश्तेदारों का जमावड़ा लगा है। घटना से हर कोई स्तब्ध है। हादसे में जान गंवाने वाले राजवीर की मां बेटे, बहू और दामाद की मौत से अवाक हैं और तीनों को यादकर बेसुध हैं।

रविवार की रात बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर गणेशपुर मोड़ स्थित अंचल-चंचल ढाबे के सामने हुई सड़क दुर्घटना में साले-बहनोई समेत चार की मौत हो गयी। चारों मृतक गोंडा जिले के रहने वाले थे और चचेरे भाई की सगाई में शामिल होने कानपुर गए थे। नगर कोतवाली क्षेत्र के मालवीय नगर चौक निवासी अतुल ने बताया कि उनके चचेरे भाई का सगाई समारोह कानपुर में आयोजित था। परिवार के राजवीर कुशवाहा, उनकी पत्नी शांति, बहनोई खिराभा निवासी रमाशंकर मौर्य, उनकी पत्नी पूजा मौर्या, उनका बेटा अक्ष और राजवीर की बेटी अनवी अर्टिगा कार से कानपुर गए थे। रविवार की रात घर वापस लौटते समय उनकी आर्टिगा कार बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर गणेशपुर मोड़ स्थित अंचल-चंचल ढाबे के सामने ट्रक ने टकरा गयी। इस भीषण हादसे में राजवीर कुशवाहा, उनकी पत्नी शांति, बहनोई रमाशंकर मौर्य व कार चालक अयान निवासी इमामबाड़ा कोतवाली नगर की मौत हो गयी।

मृतकों के घर लोगों की भीड़ जुट गई। राजवीर के परिवार के सदस्य शव लेने बाराबंकी के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक राजवीर पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर थे। राजवीर पत्नी के साथ मालवीय नगर चौक बाजार में कास्मेटिक की दुकान चलाते थे। रमाशंकर मौर्य बीमा कंपनी में एजेंट थे। मृतक की मां मालादेवी, पिता शंकर कुमार कुशवाहा, भाई वेद प्रकाश व आलोक समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। हादसे में आनवी और अक्ष अनाथ हो गए हैं जबकि कार चालक अयान की मां को जीने का सहारा छीन गया है। अयान के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपनी मां के साथ रहता था। पहले वह फ्रिज एसी बनाने का काम करता था। एक वर्ष पहले ही उनके वाहन चलाना शुरू किया था। बेटे की मौत ने रुकसाना के बुढापे की लाठी छीन ली है। रुकसाना का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्री चंडी महायज्ञ शुरू


श्री चंडी महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** चोरसी गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास श्री चंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन रविवार से प्रारंभ हुआ। नव दिवसीय श्री चंडी महायज्ञ सम्मेलन का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। जिसमें 108 पुरुष महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर मनोरमा नाले से कलश में जल धारण करते हुए पूरे गांव का भ्रमण करके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। विराट संत सम्मेलन में संत अस्वनी व्यास महाराज , राम ललन ओझा बाबा, अशोक नंद महाराज वृंदावन रामायणी, अंजनी किशोरी महायज्ञ का कथा सुनाएगें। यज्ञाचार्य शिवम शास्त्री एवं वैदिक मंडल होगें।कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ग्राम प्रधान, भानु प्रताप चौधरी,शिव प्रसाद उपाध्याय श्री 1008 श्री स्वामी सत्य सवारूपानंद जी महाराज तथा ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन किया गया है।यज्ञ की पूर्णाहुति आगामी 9 जून को विशाल भंडारे के साथ होगी।

### लोगों को दी गई कुशल भारत के बारे में जानकारी

**बलरामपुर।** 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा ग्राम कांदभारी घुघुलपुर में जीवंत भारत एवं कौशल व कुशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में वक्ताओं ने कौशल व कुशल भारत के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने कहा कि कौशल भारत मिशन आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना और देश के विकास में योगदान देना है। वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश सिंह ने उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में इको टूरिज्म पर जोर दिया। डॉ शिवानंद पाण्डेय ने भारत की आर्थिक स्थिति में युवाओं की भूमिका पर बल दिया और कहा कि युवाओं को शिक्षित, कुशल और उद्यमी बनाने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ने निजी उद्यम स्थापित करने के लिए बैंक से ऋण प्रदान करने और स्वरोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। एनसीसी कैडेट्स ने स्किल इंडिया और फिट इंडिया के स्लोगन के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा और एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक करना था।

### 24 लाख से तैयार होगा अंत्येष्टि स्थल


भूमि व नींव पूजन करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

**गोंडा** : ग्राम पंचायत दौलतपुर ग्रांट विकासखंड बभनजोत में 24 लाख रुपये से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने सोमवार को अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। विधायक वर्मा ने बताया कि यह अंत्येष्टि स्थल लगभग 24 लाख के निर्माण किया जाएगा। यह अंत्येष्टि स्थल बन जाने से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को अंतिम संस्कार में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे ए .डी .ओ .पंचायत बभनजोत हुकुम सिंह, गोमती यादव, अरविंद शुक्ला, इंदल प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव महेश कुमार सैनी, कमलेश सिंह, अनिल कुमार राजभर, मो . कफील, रंजीत महतो, नोखयी चौहान, दिनेश यादव, फूलचंद वर्मा, केदारनाथ वर्मा, मोहम्मद इरफान अली, रामराज पांडे, हुसैनी राजभर, गुलाम हुसैन, अवध राम वर्मा, राजाराम यादव, राजेश चतुर्वेदी भारी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।

## शादी समारोह से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**परसपुर, अमृत विचारः** शादी समारोह से घर लौट रहे युवक की रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


प्रदीप सिंह (फाइल फोटो)।

परसपुर थाना क्षेत्र के मकरन चौहान पुरवा मरचौर गांव निवासी प्रदीप सिंह (30) पुत्र दूधनाथ सिंह सोमवार की शाम उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के परास गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात घर लौटते समय परसपुर-पसका मार्ग पर स्थित लाली पुरवा गांव के पास पुलिया के समीप अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से प्रदीप को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में खुलेगी कैंटीन

**बलरामपुर।** जिला मेमोरियल चिकित्सालय में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर में कैंटीन खोलने की तैयारी की जा रही है। यह कैंटीन अस्पताल की लैब के सामने स्थापित की जाएगी। कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक अखिलेश मौर्य ने जानकारी दी कि कैंटीन संचालन के लिए उपयुक्त समूह का चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन ने बताया कि कैंटीन के संचालन हेतु अस्पताल परिसर में आवश्यक स्थान निर्धारित कर दिया गया है।

## 58 लाख की ठगी करने वाले तीन लोग चढ़े पुलिस के हत्थे

**खरगूपुर, अमृत विचारः** 58 लाख रुपये की ठगी के मामले में तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दस लाख रुपये से अधिक तथा तीन मोबाइल एवं बाइक बरामद की है। एक अप्रैल को जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर बैनामा कराने के लिए 58 लख रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया था।

कस्बा निवासी शत्रुहन लाल ने 11 आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 21 लाख 40 हजार रुपये बरामद कर सात आरोपियों को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। तीन और आरोपी दीनानाथ, दुर्गा प्रसाद, मायावती निवासी बहराइच को सोमवार को पुलिस ने गोंडा बलरामपुर मार्ग पर महराजगंज के निकट संझवल गांव के धुसवा पोखरा से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार सब इंस्पेक्टर डोरी लाल गंगवार, हेड कांस्टेबल राजकिशोर, धनंजय सिंह, सुजीत सिंह एवं महिला आरक्षी हिमांशी अवस्थी, शताक्षी शुक्ला की टीम ने उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। महिला सहित गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों के पास दस लाख 24 हजार रुपये के साथ ही एक बाइक एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को सोमवार न्यायालय के लिए रवाना किया गया है ।

**मुहिम** कार्यक्रम को अद्भुत और अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं

# धूमधाम से मनाया जाएगा पर्यावरण दिवस, तैयारी तेज

संवाददाता, बलरामपुर


विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारी को लेकर लोगों को जागरूक करते भाजपा विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पर्यावरण दिवस 5 जून को महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह (एमपीपी) इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक शाम प्रकृति के नाम कार्यक्रम की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं। बलरामपुर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम को अद्भुत और अविस्मरणीय बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी कर रहे हैं।

बलरामपुर फर्स्ट और अभ्युदय कोचिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकृति प्रेमियों का अद्भुत संगम होने जा रहा है। बलरामपुर के छात्र-छात्राओं ने नवाचार के माध्यम से प्रकृति और उसके महत्व को प्रदर्शित करने के लिए तरह-तरह के इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को पूरी तरह इको फ्रेंडली बनाया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान नेचर गैलरी भी तैयार की जा रही है। भाषण प्रतियोगिता, क्विज और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मनमोहक नाटक का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी किया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राएं अतिथियों से अपनी जिज्ञासा वाले प्रश्न पूछ सकेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महान विचारक, चिंतक और गौरक्षा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.गुरुप्रसाद सिंह शामिल हो रहे हैं। वनविभाग की ओर से भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजन में बलरामपुर के मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

# प्रस्तावित नाला निर्माण को लेकर जताया विरोध

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय नगर पंचायत में गंधैली पुल से नकटी नाला तक प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य पर विवाद गहरा गया है। स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस परियोजना पर आपत्ति जताई है और इसके निर्माण को रोकने की मांग की है।

समाजसेवी शुकदेव चौरसिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रस्तावित नाला निर्माण स्थल पर पहले से ही रियासत कालीन नाली मौजूद है, जो जल निकासी की आवश्यकताओं को पूरा करती है। निर्माण कार्य से जर्जर भवनों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है और सैकड़ों दुकानदारों की आजीविका संकट में पड़ सकती है। इसके अलावा नगर पंचायत द्वारा


नाला निर्माण के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते स्थानीय लोग। अमृत विचार

अन्य वार्डों में जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया है, जहां बरसात के समय जलभराव होता है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य को रोका जाए और वास्तविक जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह मामला अब स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है, जिसमें संतुलन बनाते हुए विकास और जनहित दोनों का ध्यान रखना आवश्यक होगा।

# जंगली जानवर का अभी तक नहीं लगा सुराग

## दो बच्चों को बना चुका है शिकार, एक की हो चुकी मौत, झाड़ियों में डंडे हिला रहे वन विभाग के कर्मी

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार** : बीते 22 मई को जब एक बच्चे पर हमला हुआ तो वन कर्मियों ने उसे केवल अफवाह समझा। इसलिए एक दिन चहलकदमी कर वापस हो गए। लेकिन रविवार को दिन में जब जानवर अपने जबड़े में एक दो साल के बच्चे को दबोच कर भागा तो गांव के लोगों ने देखा और सूचना दी। बच्चे की बड़ी मां ने बहादुर दिखाते हुए जानवर से भिड़ गई जिससे बच्चे छुड़ाया जा सका, लेकिन गंभीर रूप से घायल बच्चा अभी जीवन मृत्यु के बीच जूझ रहा है।


गांव की झाड़ियों में कांबिंग करते वन विभाग की टीम। अमृत विचार

हमला करने वाले जानवर को पकड़ने के लिए वन विभाग पिंजरा लगाकर कांबिंग कर रहा है। बच्चे पर जंगली जानवर के जान लेवा हमले के बाद गांव के लोग दहशत में हैं और दिन में भी बच्चे घर के अंदर रहने को मजबूर हैं। रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया के मजरा नाग बाबा पुरवा में दिन दहाड़े चारपाई से नरभक्षी जंगली जानवर ने दो वर्षीय अवोध शिवांश पुत्र शिव भोला को नोंचकर गंभीर रूप घायल कर दिया था। यहां 22 मई को भी इसी से सटे तमाही पुरवा में जंगली जानवर ने रविंद्र दुबे की चार माह की बेटी गंगोत्री को रात को मड़हे में लेटी चारपाई से उठा ले गया था। जिसका शव क्षत विक्षत अवस्था में घर से थोड़ी दूर मिला था। रविवार को दिन दहाड़े दूसरे बच्चे को जानवर के उठा ले जाने तथा गंभीर रूप से घायल करने की घटना के बाद इस गांव के अलावा आस पास गौनरिया, तमाही पुरवा, पोखरा पुरवा, परसोहनी पुरवा, नौवा बगिया गांव के लोग कोई और घटना न हो जाय इसके लिए दहशत के साये में जी रहे हैं। लोग दस वर्ष तक के बच्चों को दिन में भी घर अंदर रखने के लिए विवश हैं। गांव के देवराज दुबे, अलखराम दुबे, मुकेश दुबे, शिव शंकर तिवारी, जुल्फिकार अली, शशांक दुबे, गोविंद नारायण दुबे ने बताया कि एक बच्ची की मौत व दूसरे बच्चे पर दिन में हमले करने वाला कोई सामान्य जानवर नहीं हो सकता है। क्योंकि हमला का सिलसिला जारी है। इसलिए यह जंगली जानवर नरभक्षी तेंदुआ या उसका शावक हो सकता है। वन विभाग ने पिंजरे के पास न तो कैमरा लगवाया और न ही ड्रोन कैमरे की व्यवस्था की है। जिससे जानवर का लोकेशन मिल सके। दूसरे हमले के बाद से वन विभाग के डिप्टी रेंजर राम चंद्र सिंह विशेन, महेंद्र कुमार जायसवाल, वन दरोगा सचिन प्रजापति, वन रक्षक समीर रंजन चौधरी, दूधनाथ, दीपक कुमार गांव में आठ आठ घंटे की शिफ्ट वाइज ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं टीम ग्रामीणों के साथ झाड़ियों व गन्ने के खेतों में सर्च अभियान चलाकर जानवर के बारें में पता लगाती नजर आई। डिप्टी रेंजर अभिषेक प्रताप ने बताया कि पिंजरे को सुनसान स्थान पर लगाकर जंगली जानवर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### डीएम के चौपाल कार्यक्रम की तैयारी जांची

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ ग्राम पंचायत पुरैनिया व ग्राम पंचायत हरखापुर के उमरा गांव का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने हरखापुर के प्रधान आनंद मोहन मिश्र व पुरैनिया के प्रदीप कुमार तिवारी से जिलाधिकारी के चौपाल कार्यक्रम को देखते हुए उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल की। पंचायत सचिव यमुना प्रसाद व राजेश चौधरी भी उपस्थित रहे।

### 20 शिक्षकों का किया गया अंतर्जनपदीय स्थानांतरण

**रुपईडीह।** परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के अंतर्जनपदीय पारस्परिक तबादले के तहत ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों को मिलाकर 20 शिक्षक शिक्षिकाओं का तबादला विभाग द्वारा किया गया है। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इन स्थानांतरित शिक्षक शिक्षिकाओं में से 18 शिक्षक शिक्षिकाओं को ब्लॉक संसाधन केंद्र से कार्य मुक्त किया जा चुका है। अन्य दो अध्यापकों की पत्रावली मिलने पर शीघ्र ही उन्हें भी कार्य मुक्त कर दिया जाएगा।

### समिति के सदस्यों ने गरीब कन्या के हाथ पीले कराए

**इटियाथोक, गोंडा :** नया सोच सेवा समिति के द्वारा गरीब लड़की की शादी बड़ी धूमधाम से कराई गई। क्षेत्र के लोगों ने समिति के इस कार्य की सराहना की। नया सोच सेवा समिति प्रतिवर्ष क्षेत्र के गरीब परिवार की लड़की की शादी करवाती है। इसी क्रम में परसिया गूदर ग्राम पंचायत भागेलु शाह की पुत्री की शादी नया सोच सेवा समिति के पदाधिकारी ने पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करवाई शादी का पूरा खर्चा उठाया इसमें मुख्य रूप से सहयोग मुश्ताक चौधरी सलाहुद्दीन चौधरी रविन्द्र कुमार शुक्ला शैलेन्द्र कुमार मौर्य पूर्व ब्लॉक प्रमुख दद्दन खान का सिरताज खान प्रधान हिंदू नगर पप्पू खान जाबिर फारूकी हनीफ सिद्दीकी का सहयोग रहा।

### जमीन के विवाद में महिला व परिजनों से मारपीट

**परसपुर, गोंडा।** ग्राम रूपी पुरवा विशुनपुर कला गांव में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि चार लोगों ने एक महिला समेत उसके परिजनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता रिंकी पत्नी पिंकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही जसकरन, फकीरे पुत्र राम समुझ, अनिल, सूरज पुत्र जसकरन ने पहले उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं और फिर मुक्का-थप्पड़ व लाठी से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब रोशन देवी, बरसाती, पिंकू और छोटू बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी मारा-पीटा। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज :** पार्वती गांव के मिलकिनिया गांव निवासी अनिल कुमार शुक्ल ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह पेशे से वकील हैं। सोमवार की सुबह करीब दस बजे कपड़ा पहन कर कचहरी जाने के लिए अपने घर के बरामदे में खड़े थे। गांव के राज बहादुर पांडेय, आशीष पांडेय, पुष्पेन्द्र पांडेय, और किशुनदास पुर के बैरी शाल पुरवा निवासी रत्नेश मिश्रा लाठी डंडा, भाला तथा चाकू लेकर आए और गाली देने लगे। मना करने पर मारने लगे। मारपीट के दौरान उसके बाएं हाथ के कलाई पर भाला तथा चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में काफी चोटें आई। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से महिला समेत तीन घायल

**परसपुर।** सुकई पुरवा बंधा के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। ग्राम नन्दौर बलगर पुरवा निवासी अवधेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अप्रैल की सुबह वह अपनी मां बिट्टो पत्नी फूलचंद, भाई मुकेश और बहन की पुत्री शिवानी के साथ अपने जीजा निवासी ग्राम जानकीलाल पुरवा, थाना उमरी बेगमगंज के घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। सुबह करीब 7:30 बजे जब वे सुकई पुरवा बंधा के पास पहुंचे, इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने आकर जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चालक की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए जिला मुख्यालय पर निजी अस्पताल पहुंचाया गया। तब से इलाज चल रहा है। तथा मां की हालत गंभीर बनी हुई है।

## तीमारदार से मारपीट के मामले में डॉक्टर समेत 11 पर केस

**गोंडा :** नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद अहमद अपने भाई सद्दाम हुसैन के साथ बीते 5 अगस्त को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में ब्लड प्रेशर नापने आए थे। आरोप था कि इमरजेंसी में बैठे चिकित्सक व अन्य ने मारपीट किया। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। डीआईजी ने सख्त रुख अपनाते हुए मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। नगर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अतुल मिश्रा, एमके गुप्ता तथा अजय फार्मासिस्ट एसके सिंह आजाद, वार्ड बॉय अश्वनी कश्यप तथा छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि डॉक्टर समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच का दिया आदेश

**सोनू पासी एनकाउंटर**

- शीर्ष कोर्ट व मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर शुरू हुई जांच
- अपर जिलाधिकारी करेंगे जांच 15 दिन में सौंपेंगे रिपोर्ट

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस मुठभेड़ में मारे गए शातिर अपराधी सोनी पासी उर्फ भुर्रे के एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटी जांच होगी। शीर्ष कोर्ट व मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस मुठभेड़ की जांच का आदेश दिया है और अपर जिलाधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया है। एडीएम 15 दिन के भीतर जांच कर घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

करनैलगंज के ग्राम कादीपुर के रहने वाले सोनू पासी उर्फ भूरे को पुलिस ने बीते 20 मई को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। सोनू पर हत्या, लूट, डकैती समेत कुल 53 मुकदमे दर्ज थे। वह गोंडा, बहराइच, बाराबंकी व बस्ती समेत आसपास के जिले में आतंक का पर्याय बना था। बीते 24 अप्रैल की रात सोनू और उसके गिरोह के सदस्यों ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नी पुरवा गांव में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था तथा विरोध करने पर शिवदीन नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात के बाद उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोनू की तलाश में जुटी पुलिस टीम की 20 मई को उमरी इलाके में ही मुठभेड़ हो गयी थी जिससे जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोनू को मार गिराया था। इस घटना को लेकर सोनू के परिजनों ने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया था और सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर घटना की जांच की मांग उठाई थी। परिजनों की मांग पर शीर्ष अदालत और आयोग ने घटना की जांच का आदेश प्रदेश के डीजीपी को दिया था।


सोनू पासी (फाइल फोटो)।

शीर्ष कोर्ट के आदेश पर डीजीपी ने डीएम को पत्र भेजकर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराए जाने की अपेक्षा की थी। शीर्ष कोर्ट के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के अन्तर्गत इस मुठभेड़ के घटना की मजिस्ट्रियल जांच जांच का आदेश दिया है और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को मजिस्ट्रेट नामित किया है। अपर जिलाधिकारी 15 दिनों में इस घटना की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को देंगे।

## सड़क किनारे युवक का मिला शव

**गोंडा :** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा गिर्द के रहने वाले सालिक राम के मुताबिक उनका बेटा अर्जुन वर्मा (18) जो मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग पर सफाई का कार्य करता था। वह बीते रविवार देर शाम को घर से घूमने निकला था। जब वह वापस नहीं आया तो खोजबीन की गई। सोमवार सुबह सूचना मिली कि अर्जुन बेहोशी हालत में आवाज विकास कॉलोनी में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सालिक राम ने हत्या की आशंका जताई है। नगर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक अरविंद यादव में बताया कि एक युवक आवास विकास कॉलोनी में पड़ा मिला था। जिसे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। शव को पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारण का पता चल सकेगा। फिलहाल जांच की जा रही है।

## एसडीएम के स्थानांतरण के साथ वकीलों का धरना समाप्त


एसडीएम के तबादले के बाद जुटे अधिवक्ता। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और उपजिलाधिकारी भारत भार्गव की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने बार एसोसिएशन के नेतृत्व में पिछले एक माह से धरना प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांग एसडीएम भारत भार्गव का स्थानांतरण था।

अंततः सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा शासकीय कार्य व जनहित को ध्यान में रखते हुए भारत भार्गव को करनैलगंज से स्थानांतरित कर अपर उपजिलाधिकारी प्रथम, गोंडा नियुक्त कर दिया गया। उनके स्थान पर यशवंत कुमार राव को करनैलगंज का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है। इन स्थानांतरणों के साथ ही वकीलों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

### यशवंत राव बने करनैलगंज के नए एसडीएम

**गोंडा :** करनैलगंज तहसील के एसडीएम रहे भारत भार्गव को जिलाधिकारी ने हटा दिया है। उनके स्थान पर अपर उप जिलाधिकारी प्रथम गोण्डा को उपजिलाधिकारी करनैलगंज बनाया गया है। भारत भार्गव को अपर उप जिलाधिकारी प्रथम गोण्डा के पद भेजा गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि तरबगंज की तहसीलदार सुरभि गौतम को तहसीलदार मनकापुर बनाया गया है। मनकापुर से सत्यपाल सिंह को तहसीलदार तरबगंज बनाया गया है।

## वित्त लेखा कार्यालय में 500 से अधिक शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावली लंबित

**गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को चयन वेतनमान देने की प्रक्रिया अफसरों के लापरवाही की भेंट चढ़ गयी है। जिले के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ा रहे करीब 500 शिक्षकों को चयन वेतनमान नहीं मिल रहा है। इन शिक्षकों के चयन वेतनमान की पत्रावली वित्त लेखाधिकारी कार्यालय में लंबित है। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद शिक्षक इसके लिए चक्कर काट रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में 10 वर्ष की सेवा पूरी करने पर शिक्षकों को चयन वेतनमान दिए जाने का नियम है। वित्त लेखाधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित का कहना है कि जल्द ही प्रक्रिया को पूरा कर लिया जायेगा।

### बीईओ कार्यालय में भी आवेदन लंबित

नियमानुसार सभी बीईओ को अपने-अपने ब्लॉक के पात्र शिक्षकों की सूची मानव संपदा पोर्टल के चयन व प्रोन्नत वेतनमान के मॉड्यूल में ऑनलाइन अपलोड करनी है लेकिन कई ब्लाकों के बीईओ शिक्षकों के वेतनमान से संबंधित प्रकरणों को लटकाए हुए हैं।


बीएसए को मांगपत्र देते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### शिक्षक संगठनों ने की ऑफलाइन व्यवस्था की मांग

वित्त लेखा कार्यालय की लापरवाही को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए से मिलकर ऑफलाइन व्यवस्था शुरू करने की मांग की है। सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व पदाधिकारियों ने बीएसए अतुल तिवारी से मुलाकात कर उन्हे इससे संबंधित मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर जिला संयुक्त महामंत्री आनन्द प्रताप सिंह ,ब्लॉक बेलसर के मंत्री मनोज कुमार शुक्ला, राजेन्द्र कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी के नेतृत्व में बीएसए से मिले और कहा कि चयन वेतनमान की स्वीकृति की प्रत्याशा में सैकड़ों शिक्षकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

> चयन वेतनमान की जितनी फाइलें उनके पास पहुंची थी सभी को स्वीकृत कर वित्त लेखाधिकारी कार्यालय भेज दिया गया है। वहां से आगे की कार्रवाई नहीं हो रही है। जल्द ही इस स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। बीईओ स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी।
>
> -अतुल तिवारी, बीएसए

## बिना काम पूरा किए निकल गए करोड़ों

- सभासदों ने खोला मोर्चा, आयुक्त व डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**गोंडा, अमृत विचार:** नगर पंचायत कटरा में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सभासदों ने जिलाधिकारी व कमिश्नर देवीपाटन मंडल को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों अमरमणि त्रिपाठी, इनायत अली, रवींद्र कुमार, साजिद अली, नेहा देवी, विमला देवी, कुसुम देवी, ओम प्रकाश और सरोज जायसवाल ने जिलाधिकारी व आयुक्त को संयुक्त रूप से शिकायती पत्र सौंपते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष समा परवीन व वहां पर तैनात कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।


डीएम कार्यालय पर प्रार्थना पत्र के साथ सभासद। अमृत विचार

जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग द्वारा स्वीकृत कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये की निकासी की गई, लेकिन ज़्यादातर कार्य जमीन पर नजर ही नहीं आ रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा कि कुल 45 कार्यों के टेंडर स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 90 प्रतिशत कार्य पूरे नहीं हुए, इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर निजी कार्य कर रहे 5–6 लोगों को नगर पंचायत के खाते से वेतन दिया जा रहा है, जिनकी नियुक्ति के लिए कोई वैध आदेश या अनुमोदन मौजूद नहीं है। आरोप है कि चेयरमैन के ड्राइवर के नाम पर फर्जी कंपनी है जिसमे लाखों रुपये के भुगतान का मामला भी संदेह के घेरे में है। सदस्यों ने पूरे नगर में केवल दो ही नाले साफ किए गए हैं।

नगर पंचायत के मुख्य गेट पर "सलाहकार" के नाम का उल्लेख बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के किया गया है,जिसे हटाने की भी मांग की गई है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि अभी तक हमे कोई पत्र नहीं मिला है यदि हमें कुछ मिलता है तो जांच कराकर आवश्यक कारवाही की जाएगी।

## कृषि सेवा केंद्र में तोड़फोड़ व मारपीट मामले में केस दर्ज

**करनैलगंज :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढ़वलिया निवासी विनय कुमार मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट, मारपीट, धमकी और तोड़फोड़ सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। विनय कुमार मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई की शाम करीब सात बजे वह अपने घर से छतौनी चौराहे पर स्थित कृषि सेवा केंद्र पहुंचा तो देखा कि आरोपी शेरबहादुर, जितेंद्र, शैलेन्द्र निवासी ग्राम अहिरौरा दुबे पुरवा और कुछ अज्ञात लोग उसके भाई को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने गल्ले में रखा करीब 30 हजार रुपये लूट लिए। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### गन्ना के साथ सह फसली खेती से किसान होंगे मालामाल


गोष्ठी में उपस्थित किसान। अमृत विचार

**गोंडा :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड पंडरी कृपाल के खैरा, सेमरा दमन तथा दत्तनगर बिसेन में कृषकों को खेती की तकनीकी जानकारी सहित जनपद में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. दिलीप कुमार शर्मा प्रधान वैज्ञानिक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने गन्ना उत्पादन तकनीक, गन्ना के साथ सह फसली खेती, गुड़ उत्पादन तकनीक आदि की जानकारी दी। कृषि विज्ञान मनकापुर के वैज्ञानिकों डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने धान, तिल, अरहर, उड़द एवं मूंग की वैज्ञानिक खेती, खरीफ फसलों की उन्नतशील प्रजातियां, दलहनी तिलहनी फसलों में गंधक का प्रयोग, धान की सीधी बुवाई, हरी खाद की खेती आदि तथा डा. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक ने बागवानी फसलों के साथ सह फसली खेती, मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, नैनो उर्वरकों,जल विलेय उर्वरकों तथा जैव उर्वरकों का प्रयोग, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी दी। उपेंद्र प्रताप सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार में उपलब्ध कृषि निवेशों, जगदीश प्रसाद एडीओ एजी ने स्मार्ट कृषि,कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन की उपयोगिता आदि, सत्य प्रकाश तिवारी बीटीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री सहित गन्ना, उद्यान, पशुपालन, रेशम आदि विभागों की योजनाओं की जानकारी दी।

### जेईई एडवांस में रवि प्रकाश को मिली 213वीं रैंक

**उमरी बेगमगंज :** विकासखंड बेलसर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौली के निवासी अशोक कुमार मिश्रा के पुत्र रवि प्रकाश मिश्रा ने अपनी अभूतपूर्व सफलता से जिले का नाम रोशन किया है। रवि ने प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा में 213 वीं रैंक हासिल कर जिले सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। रवि ने अपनी इंटरमीडिएट की पढ़ाई दिल्ली के जोसेफ एंड मैरी पब्लिक स्कूल से पूरी की, जहां उन्होंने शानदार अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जब उनसे उनकी सफलता के बारे में बात की गई, तो रवि ने बताया कि उन्होंने आईआईटी की तैयारी कक्षा 11वीं से शुरू की थी। उस समय थोड़ा कंफ्यूजन और नर्वसनेस थी, समझ नहीं आ रहा था कि कैसे तैयारी करनी है। लेकिन समय के साथ समझ आने लगा कि कैसे पढ़ना है। 12वीं में आते-आते मेहनत और बढ़ गई। हालांकि बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी को साथ-साथ मैनेज करना थोड़ा कठिन था, इस वजह से पहले साल मनचाही सफलता नहीं मिल पाई। तब एक साल का ड्रॉप लिया और इस वर्ष पूरे मनोयोग से तैयारी की।" उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी की लहर है। रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाइयां दीं।



### समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों से लुभाया



**मनकापुर :** कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में समर कैंप में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिसमें खो-खो, कबड्डी, व्यायाम, आसन, क्राफ्ट, किचन, गार्डन, कुकिंग, खेल तथा अन्य कार्यक्रम बच्चों द्वारा निर्धारित दिनों पर किए जा रहे हैं। सोमवार को बच्चों ने कार्यक्रम के अनुसार टमाटर सूप और ढोकला बनाया। सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक कंपोजिट विद्यालय बंजरिया के अनुदेशक लालता प्रसाद वर्मा तथा महिला अनुदेशक पूजा मनमोहिनी द्वारा बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसनाथ जायसवाल बीच-बीच में विद्यालय पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन कर रहे हैं। कंपोजिट विद्यालय बंजरिया के बच्चे आर्ट कला में कितने निपुण हैं कि वह भगवान श्री कृष्ण का, राम जी का, गौतम बुद्ध का, गणेश लक्ष्मी तथा अन्य देवी देवताओं तथा महापुरुषों की कितनी सुंदर मूर्तियां बनाते हैं जो काबिले तारीफ होती है, खुशी, शुभी, मन्नत, ममता, माही, रश्मि, अंकित, पीयूष, गजानन, सुमित, रीना, हिमांशी, आरती, खुशबू आदि बच्चे समर कैंप में बराबर शामिल हो रहे हैं।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मां-बेटे पर मुकदमा

**खरगूपुर :** ग्राम पंचायत जमुनही हरदोपट्टी के बाबू पुरवा निवासी ललिता देवी के पति महेश (29) पुत्र साहू प्रसाद वर्मा ने 19 दिसम्बर को पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पीड़िता ने ग्रामवासी सुंदरा पत्नी रामचन्द्र उनके पुत्र सूरजलाल व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा लिखाने के लिए स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र दिया था मगर कोई सुनवाई नहीं हुई थी। परेशान होकर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसके सास की जमीन फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था। उसकी सास और उसके पति ने जमीन वापस कराने के लिए पुलिस और प्रशासन से गुहार लगाई मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जमीन के शोक में उसके सास की मौत हो गई। इसी दौरान दबंगों ने उसके पति को धमकी देना शुरू कर दिया जिससे परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 1630 ई-रिक्शा का हुआ रजिस्ट्रेशन, अब होगा सत्यापन


शहर में ई-रिक्शा। अमृत विचार

**गोंडा :** सड़कों पर दौड़ रहे ई रिक्शा के सत्यापन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 1630 ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। अब इसके सत्यापन के लिए अभिलेख पुलिस को सौंप जा रहे हैं। इसके बाद दर्ज पते पर पुलिस पहुंचकर ई रिक्शा मालिक और ड्राइवर का सत्यापन करेगी। करीब दो माह पहले यातायात पुलिस ने ई रिक्शा चालक व मालिकों के रजिस्ट्रेशन शुरू किया था। इसके बाद नियमित रूप से गुरु नानक चौराहे पर यातायात विभाग की ऑफिस में किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त की ओर से जिला प्रशासन अभियान चलाने को लेकर आदेश आया था, ई रिक्शा का संचालकों से ई-रिक्शा से संबंधित अभिलेख लाइसेंस आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा कराया जा रहा है। जिले में करीब 10500 से अधिक ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें से कई ऐसे से चालाक होते हैं जो नाबालिग भी होते हैं उनको यातायात नियमों की जानकारी नहीं होती है। काफी संख्या में ऐसे भी ई रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे जिनका रजिस्ट्रेशन ही नहीं हुआ है। अक्सर ये लोग दुर्घटना का कारण बनते हैं रजिस्ट्रेशन ना होने के वजह से इन पर कार्रवाई भी नहीं हो पाती है। शहर के गुरु नानक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा, झूलेलाल, जय नारायण चौराहा, शास्त्री महाविद्यालय चौराहा, अंबेडकर चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। अक्सर जाम की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। माना जा रहा है कि मुख्यालय पर करीब 2 हजार ई रिक्शा प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सड़कों पर नाबालिग द्वारा रिक्शा चलाया जा रहा है। जो दुर्घटनाओं के होने में बड़ी में बड़ी वजह है। जिले स्तर पर टीम का गठन किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन , पुलिस टीम तथा परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी है। यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि ई-रिक्शा को लेकर अभियान चलाने का आदेश आया है। जिले में करीब 10500 से अधिक ई रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सत्यापन का आदेश आया था। काफी संख्या में ई रिक्शा चालकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।पहले चरण में जिला मुख्यालय पर अभियान चलेगा। यातायात प्रभारी जगदंबा गुप्ता ने बताया कि शहर में करीब 2 हजार ई रिक्शा प्रतिदिन सड़कों पर चलते हैं। पहले इनका ही सत्यापन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अभी भी शुरू है । कैंप में अब तक करीब 1630 ई-रिक्शा संचालकों का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

# बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण–पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40–45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।

बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## प्रसंगवश

# आम आदमी की सवारी

**विश्व साइकिल दिवस पर**

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।


रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर


प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात–ए–इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनूस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनूस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनूस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनूस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

## सोशल फोरम

# पहली बार पता चला

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते। परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहतें हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# फल का नहीं कोई फ़ल


रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाडिम़, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ू जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# लोकपाल मनरेगा को बीडीओ ने दी जान से मारने की धमकी

## एसपी समेत अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** लोकपाल मनरेगा द्वारा चित्तौरा बीडीओ पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक गांव में फर्जी उपस्थिति मनरेगा ऐप पर अपलोड की गई थी। जिस पर उन्होंने बीडीओ से स्पष्टीकरण भी मांगा था। जिससे नाराज वीडियो ने उन्हें एपीओ के मोबाइल से फोन कर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

जनपद में तैनात लोकपाल मनरेगा उमेश कुमार तिवारी द्वारा जिले के आलाधिकारियों को पत्र लिखकर सुरक्षा दिलाई जाने की मांग की है। उन्होंने बीती 26 मई को बीडीओ को जारी स्पष्टीकरण पत्र में कहा है कि चितौरा ब्लॉक के मंझौवा बुजुर्ग गांव में तीन तालाबों की खुदाई पर 30 मास्टर रोल चला कर 300 श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस एप्प पर प्रदर्शित की गई है। मगर मात्र 10 श्रमिकों की ही फोटो डाली गई है। वही फोटो मास्टर रोल पर अपलोड की गई है। जिससे यह प्रतीत होता है कि 10 श्रमिक ही



लोकपाल अधिकारी उमेश तिवारी।

कार्य कर रहे हैं। बाकी 290 श्रमिकों की उपस्थिति फर्जी अंकित की जा रही है। ऐसा ही अन्य ग्राम पंचायत में भी देखा जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी होने के नाते आपका दायित्व है कि कार्यों की निगरानी करते रहें, किंतु पूर्व में भी आपको इस बात से अवगत कराया जा चुका है, फिर भी आप द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कहीं ना कहीं आपकी मूक सहमति से ऐसा फर्जीवाड़ा ग्राम पंचायत द्वारा करके सरकारी धन की लूट की जा रही है। इस पत्र में यह भी लिखा गया कि बीती 29 तारीख को सुबह 11:00 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर सभी साक्ष्यों के साथ अपना स्पष्टीकरण दें। मनरेगा लोकपाल उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि जैसे ही बीडीओ चित्तौरा को स्पष्टीकरण का पत्र मिला तो वह नाराज हो गए और बीते 31 तारीख को उनके कार्यालय विकास भवन स्थित कार्यालय पर आकर जहां वह मौजूद नहीं थे उन्हें एपीओ चित्तौरा के द्वारा फोन कर बीडीओ विजय कुमार सिंह से बात किये जाने की बात कही जाती है। जैसे ही फोन पर बात होने लगती है बीडीओ द्वारा फोन पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। लोकपाल मनरेगा द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार समेत डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को आज सोमवार को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि उन्हें सुरक्षा भी मुहैय्या कराई जाए।

इस मामले में बीडीओ चित्तौरा विजय कुमार सिंह ने बताया कि लोकपाल को उनसे स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार नही है वही कार्यालय में आकर धमकी देने के मामले में उन्होंने कहा कि ये पूर्ण रूप से गलत है।

# पुलिस को देख चोरों ने झोंका फायर कार्रवाई में पुलिस ने पैर में मारी गोली

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** फखरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और चोरों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भकला के गांधीघाट में 4 चोर चोरी के सामान का बटवारा कर रहे हैं और पुनः चोरी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना फखरपुर मय स्क्वाट टीम के साथ ग्राम भकला के गांधीघाट पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश दी गई । अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान शातिर अभियुक्त रज्जब अली पुत्र सुबराती निवासी मौसण्डी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के पैर में गोली लगी। मौके से तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों के पास से दो अदद तमंचा 12 बोर, दो अदद फायर शुदा कारतूस 12 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर और चोरी के सामान, सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व चोरी करने के उपकरण व दो मोटर साइकिल बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों के ऊपर पूर्व से कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी फखरपुर रवाना किया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों को नियमानुसार हिरासत में लिया है और आगे की जांच में जुटी हुई है। इस मामले में एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि फखरपुर इलाके में हुई चोरी में यह सभी लोग सम्मिलित थे। अब यह लोग फिर से चोरी की योजना बना रहे थे। और चोरी का माल भी बांट रहे थे। इनके पास से चोरी किया हुआ माल भी बरामद हुआ है। जो इसके तीन अन्य साथी हिरासत में लिए गए हैं सभी से पूछताछ की जा रही है। इन सभी का आपराधिक इतिहास भी है।

### चोरों ने दो घरों पर हाथ किया साफ

**बहराइच अमृत विचार।** पेटरहा निवासी राम प्रकाश के घर रात में चोरों ने संदूक का ताला तोड़ 50हजार की नकदी समेत पांच लाख के जेवर चुरा ले गए। सोमवार सुबह पत्नी शीला कमरे में पहुंची तो सामान बिखरा मिला, जिसे देख उसने शोर मचाया। पत्नी की आवाज सुन रामप्रकाश व अन्य स्वजन भी नीचे आ गए। दूसरी चोरी पड़ोस में रहने वाले मैंकू यादव के घर भी चोरों ने आलमारी से 25 हजार रुपए की नगदी व तीन लाख रुपए की कीमत के जेवरात चोर चुरा ले गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने दोनों घरों का मौका मुआयना करते हुए जल्द राजफाश किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि चोरी की वारदात की जांच की जा रही है जल्द दोनों चोरियों का राजफाश किया जाएगा।

# मदरसों में जल रही बिजली मगर नहीं लगा था मीटर निरीक्षण में हुआ खुलासा

**बहराइच अमृत विचार।** जनपद में संचालित हो रहे मस्जिद व मदरसों में बिजली तो जल रही थी मगर मीटर नही लगे हुए थे। ये खुलासा तब हुआ जब अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा मदरसों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस मामले में उन्होंने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर मीटर लगाए जाने की बात कही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा आज सोमवार को महसी के दो व फखरपुर के दो मदरसों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान यह पाया गया कि सभी मदरसे करीब 20 से 25 वर्षों से संचालित है। इन सभी में बिजली का उपयोग तो किया जा रहा है मगर मीटर कनेक्शन नहीं है। जिसको लेकर उन्होंने अधिशासी अभियंता कैसरगंज, नानपारा और बहराइच को पत्र लिखा है और सभी मदरसों के जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि जनपद में सरकार द्वारा 11 अनुदानित मदरसे हैं, 290 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं व 495 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित है। इन सभी की जांच कराकर की कितने मदरसों में विद्युत मीटर लगा हुआ है और कितने में नही लगा हुआ है। इसकी रिपोर्ट उन्हें भी सौंपी जाए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि जनपद में लगातार अवैध रूप से संचालित मदरसों की जांच चल रही है। कई मदरसों को सीज भी किया जा चुका है।

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर फंदे से लटकता मिला युवक का शव



मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। अमृत विचार

**पयागपुर बहराइच अमृत विचार।** जिले के तुलसी राम पुरवा गांव स्थित आम के बाग में पेड़ की डाल पर फंदे से लटकता मिला एक युवक का शव युवक की पहचान होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने लाश को कब्जे में लेते हुवे शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जांच में जुटी है पुलिस मृतक युवक की पहचान पयागपुर थाने के तुलसीरामपुरवा निवासी गौरी शंकर (32) पुत्र टीकम दत्त के रूप में हुई है। परिवार वालों ने बताया कि गौरी शंकर सुबह शौच के लिए घर से निकला था। थोड़ी देर बाद सूचना मिली और परिवारजन मौके पर पहुंच कर सूचना थाना पयागपुर दी गई। एसएचओ करुणाकर पाण्डेय, पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। खुदकुशी की वजह का पता नही चल सका है।

### कटका धाम में आयोजित 5 दिवसीय भंडारे में भक्तों की उमड़ी भीड़



आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** सजिले के कटका धाम मन्दिर में चल रहे पांच दिवसीय विशाल भंडारे में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मंगलवार को भी बड़े मंगलवार को लेकर भी कटका धाम में भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह भंडारा भक्ति भाव से बुधवार को भी जारी रहेगा।इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और सेवा की व्यवस्था अत्यंत व्यवस्थित और भव्य रूप में की गई है।आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की खूब प्रशंसा की और चारों ओर शंखनाद, मंत्रोच्चार और भजन–कीर्तन से वातावरण दिव्यता से सराबोर हो उठा है।महन्त सत्यव्रत दास ने कहा कि यह आयोजन केवल पूजा–पाठ का क्रम नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता, सेवा भावना और लोककल्याण का संदेश भी देता है। इससे पूर्व श्रीराम–जानकी, राधा–कृष्ण, माँ दुर्गा तथा शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। इस अनुष्ठान का नेतृत्व पं. बृजेश शास्त्री एवं पं. बाबुल महाराज ने किया।इस आयोजन की सफलता में अनेकों सेवाभावी श्रद्धालुओं में देवव्रत दास, प्रियव्रत दास, बंसीलाल साहू, इन्द्रसेन सिंह, रामदुलारे यादव, हनुमान यादव, बंशराज यादव, बाबा रामेन्द्र सिंह, नरपति सिंह, अवनीश सिंह, अन्नू सिंह, अर्जुन सिंह, रमेश मौर्य, अंकित मौर्य, रामगोपाल, संजय, रमाकान्त पाठक, भरत, झुल्लन, सांवली प्रसाद यादव, गुड्डू यादव, रामपाल यादव, पारस सिंह, मुनीजर सिंह, सन्तराम सिंह, स्वामेश्वर दूबे सहित कई अन्य समर्पित कार्यकर्ता सेवा में निरंतर जुटे हुए हैं।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन घर जलकर राख

**कैसरगंज, बहराइच अमृत विचार।** कैसरगंज कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर दो के मजरे लाला पुरवा में सोमवार की शाम अज्ञात कारणो से आग लग गई जिसमें विनोद, मनोज व दिनेश के घर जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में दो लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई है।काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।इस घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बलराम यादव ने राजस्व विभाग व स्थानीय पुलिस को दी है। बचाव कार्य जारी है।

### भाजपा नेता के साथ मारपीट कर छीनी सोने की चेन

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के नगर कोतवाली इलाके के अकबरपुरा निवासी रजनीश गुप्ता जो कि सोमवार दोपहर में देहात कोतवाली के कटी चौराहे स्थित भूमि पर बिजली कनेक्शन को गए थे। आरोप है कि कुछ हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला किया। जिसे रोकने पर उनके हाथ में जख्म हो गया। हमलावरों ने उनके गले मे पहनी हुई लगभग दो लाख कीमत की सोने की चेन छीन ली। जानकारी पाकर उनके छोटे भाई भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष अम्बरीष कुमार गुप्ता पहुंचे। तो उनकी जान बची। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### भाजपा सांसद ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

**बहराइच, अमृत विचार।** दरगाह थाने के बख्शीपुरा नई बस्ती चांदमारी निवासनी 25 वर्षीय रोशनी गुप्ता व उनके पांच वर्षीय बेटे दिव्यांश की शनिवार रात ट्रेन से कटकर दुखद मौत हो गई थी। सोमवार को सांसद डा. आनंद गोंड ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित हर्षित गुप्ता व उनके परिजनों को ढाढस बंधाया।

# मेडिकल कॉलेज में किशोरी की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** जिले मेडिकल कालेज में सोमवार दोपहर में बुखार से पीड़िता एक किशोरी की मौत हो जाने से नाराज परिजनों द्वारा जमकर हंगामा काटा। बेटी की मौत से दुखी रोते बिलखते परिजनों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के धक्का देकर बाहर करने लगे। परिजने इलाज में लापरवाही व स्टाफ नर्स के गलत व्यवहार के विरूद्ध कार्यवाई के मांग पर अड़े रहे। हरदी थाने के सिंकदरपुर निवासी पंकज कुमार मिश्रा की 16 वर्षीय भतीजी गुलशन की रविवार शाम बुखार, उल्टी, दस्त से हालत ज्यादा बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन फानन में महसी सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया। गुलशन को आराम के बजाय लगातार हालत बिगड़ने पर सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पंकज मिश्रा का आरोप है कि बीमार बेटी को भर्ती किए जाने के बाद ग्लुकोज बोतल लगाने के बाद से चिकित्सकों ने उसे आकर नही देखा। चिकित्सीय स्टाफ का तीमारदारों से व्यवहार काफी अभद्र रहा। बेटी की जान बच जाए इसलिए परिजन बार बार चिकित्सकों के पास जाकर गिड़गिड़ाते रहे। चिकित्सकों पर उनकी विनय का कोई असर नही हुआ। घबराए परिजनों ने बेटी की हालत लगातार दयनीय होते देख चिकित्सकों से उसे लखनऊ रेफर किए जाने के अनुरोध को भी अनसुना कर दिया गया। लगभग दो बजे गुलशन ने अंतिम सांस ली। तो परिजनों के रोने बिलखने पर किसी स्वास्थ कर्मी ने पंकज व गुलशन की मां को वार्ड से धक्का मार निकालने की कोशिश पर हंगामा खड़ा हो गया। बेटी की इलाज में लापरवाही से मौत से दुखी परिजनों ने हंगामा काटते हुए दोषी चिकित्सकों व स्टाफ नर्स पर कार्यवाई की मांग कर लाश को नही उठाया। परिजन अड़ गए कि जब तक दोषी स्टाफ पर कार्यवाई नही होगी। तब तक वह लाश नही उठाऐगें। हंगामा की जानकारी पर कोतवाली व अस्पताल पुलिस चौकी से पुलिस पहुंची। नाराज लोगों को शव का अंतिम संस्कार करने को ले जाने को मनाया। लगभग साढ़े चार बजे जब परिजन शव को लेकर चले गए। तब जाकर माहौल शांत हुआ। पीड़ित पंकज ने कहा है कि वह बेटी के शव का अंतिम संस्कार कर दोषी स्टाफ के इलाज में लापरवाही, धन की मांग व अभद्र व्यवहार को लेकर सीएम के यहां शिकायत करेंगे।

# तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर गड्ढे में गिरी , 4 घायल



गड्ढे में गिरी क्षतिग्रस्त कार।

जरवलरोड बहराइच

**अमृत विचार।** गोंडा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर तूफानी चौराहे के पास डिवाइडर से टकराते हुए गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई। जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों का का चल रहा उपचार।

जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र के तूफानी चौराहे के पास लखनऊ के राजाजी पुरम निवासी अमित अग्रवाल पुत्र श्रीकांत अग्रवाल एक प्राइवेट कार से गोंडा अपने मित्र के यहां जा रहे थे। तभी जरवलरोड थाना क्षेत्र स्थित तूफानी चौराहे के पास अचानक कार असंतुलित होकर गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई। मौके पर मौजूद लोगो द्वारा गड्ढे में पलटी कार के पीड़ित घायलों की मदद के लिए पहुंचे और एंबुलेंस बुलवाकर सभी घायलों को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है।

घायल के परिवार के लोगो ने बताया कि वाहन में लखनऊ के राजाजीपुरम निवासी 52 वर्षीय अकरम पुत्र शिवदे असगर, दुबग्गा लखनऊ निवासी 35 वर्षीय शिवम, अमित अग्रवाल सहित चार घायल हुए है।अमित व अकरम को चोटें आई है जिनका इलाज किया जा रहा है।

## पिकअप ने बाइक को मारी ठोकर होमगार्ड सहित दो घायल

**नवाबगंज, बहराइच,अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप ने गश्त पर बाइक से जा पुलिस कर्मी व एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार होमगार्ड सहित दो घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनो वाहनों को कब्जे में ले लिया है। घायल होमगार्ड की तहरीर पर पिकअप चालक को नामजद कर केस दर्ज किया गया है। नवाबगंज थाने के कस्बे में राजकीय यूनानी चिकित्सालय के निकट रफीक मार्बल की दुकान के सामने सोमवार दोपहर में लगभग 12 :30 बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने चीता मोबाइल बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते हेड कांस्टेबल हरेंद्र मिश्रा, होमगार्ड सुनील कुमार पुष्कर घायल हो गए। अनियंत्रित पिकअप रफीक मार्बल की दुकान के सामने खड़ी उनकी बुलेट बाइक से जा भिड़ी। जिसके चलते बुलेट क्षतिग्रस्त हो गई । पीड़ित होमगार्ड ने बताया कि वह जवाहर स्कूल से नवाबगंज कस्बे की तरफ हज्जिन मस्जिद चौराहे पर गस्त के लिए आ रहे थे। एसएचओ रमाशंकर यादव ने बताया कि होमगार्ड सुनील कुमार पुष्कर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चालक व पिकअप को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा लखीमपुर मार्ग के चेहल्लुम ढाबा के पास देर रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर आगे जा रही बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस मंगवाकर घायल को मोतीपुर सीएचसी भेजा।चिकित्सकों ने उसे गंभीरावस्था में देख प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। उसके हाथ की हड्डी भी फ्रेंक्चर हो गई है। मोतीपुर थाने के नानपारा लखीमपुर हाईवे पर चहल्लुम ढाबा के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रही बाइक में भीषण टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार इसी थाने के खड़िया निवासी चन्द्रपत (65) पुत्र झुर्री गंभीर रूप से घायल हो गया। वह अपनी बाइक से मिहींपुरवा से घर जा रहे थे। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस मंगवाकर घायल को सीएचसी मोतीपुर पंहुचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

## धर्म दर्शन

# गंगा: भारतीय संस्कृति की प्रतीक

श्रीरामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा समस्त आनंद–मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

'गंगा दशहरा' हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो गंगा नदी की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार हिन्दू माह ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा की स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति की जाती है। भक्त नदी के किनारे एकत्र होते हैं, पवित्र स्नान करते हैं, रीति–रिवाज करते हैं और आशीर्वाद के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह त्योहार गंगा को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को भी दर्शाता है, जो हिन्दू धर्म में अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के कमंडल से राजा भागीरथ द्वारा देवी गंगा को धरती पर अवतार दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर अवतार से पहले गंगा नदी स्वर्ग का हिस्सा थीं। गंगा दशहरा के दिन भक्त देवी गंगा की पूजा करते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं, और दान–पुण्य, उपवास, भजन और गंगा आरती का आयोजन करते हैं। मान्यता है इस दिन मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होगी।



पं.मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी मां का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में भौतिक जीवन जी रहे मनुष्य से जाने अनजाने जो पापकर्म हो जाते हैं उनकी मुक्ति के लिए मां गंगा की साधना करनी चाहिए कहने का तात्पर्य है जिस किसी ने भी पापकर्म किये हैं और जिसे अपने किए का पश्चाताप है और इससे मुक्ति पाना चाहता है तो उसे सच्चे मन से मां गंगा की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

### गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। अगर आपके लिए ऐसा कर पाना संभव न हो तो आपको घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा–अर्चना की जाती है। गंगा दशहरे के पर्व पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली- 450

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क–भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल–पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा–सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक्कारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| 4 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -449 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | ■ | ■ | म | ■ | वी |
| मा | ■ | 4 वि | ल | स | न |
| ला | ■ | ■ | ता | ■ | ता |
| ■ | 5 सु | खा | स | न | ■ |
| ■ | दि | ■ | ■ | ■ | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | ■ | लू |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून, मंगलवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि– अष्टमी 09 .56 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आज आप नव समाचारों को लेकर अति उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** – आज अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आयेगा। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है।

**मिथुन** – आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। आपकी सलाहों से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाये रखें। अविवाहित महिला जातकों को विवाह की चिन्ता रहेगी।

**कर्क** – आज दूरस्थ परिजनों के साथ गंभीर चर्चा हो सकती है। जॉब इन्टरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में आज अधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**सिंह** – आज नई संपत्ति खरीदने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग्स में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज आपको उधार लेने से आपको बचना चाहिए। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है।

**तुला** – आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे। मार्केटिंग पर आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।

**धनु** – आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती हैं। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जायेंगे। विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होंगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज आवश्यक कार्य दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। हित शत्रु आपकी भावनाओं का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। एनीमिया और विटामिन की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

**कुंभ** – आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा। वाद–विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मीन** – आज अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर अधिक सोच–विचार न करें। कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिल सकता है। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण परिवर्तित सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**– उत्तर। **ऋतु**– ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल– अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र– पूर्वा फाल्गुनी 4 जनू 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## सुडोकू -174

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 6 | | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 173 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |

# दलित उत्पीड़न के मामले में साक्ष्य के अभाव में 7 बरी

## एससी/एसटी अदालत ने 19 वर्ष पुराने मामले में सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विशेष एससी/एसटी अदालत ने 19 वर्ष पुराने दलित उत्पीड़न, बलवा, मारपीट और हत्या की धमकी के एक मामले में सात आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला वर्ष 2006 में चांदा थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था, जिसमें वादी राजमणि ने आरोप लगाया था कि खेल प्रतियोगिता के दौरान उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं और शारीरिक रूप से हमला किया गया।

विशेष न्यायाधीश संध्या चौधरी ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं कर सका। अदालत ने यह भी माना कि घटना के पीछे चुनावी रंजिश की भूमिका थी और जातिगत घृणा का कोई स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका।बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अदालत को बताया कि वादी को जो चोटें लगी थीं, वे एक दुर्घटना में हुई थीं, जिसे अदालत ने स्वीकार किया। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दोष सिद्धि के लिए यह साबित करना आवश्यक है कि अपराध जातिगत द्वेष के कारण किया गया हो, जबकि इस मामले में ऐसा कोई प्रमाण नहीं था।इस आधार पर अदालत ने सदरपुर चांदा के विनोद सिंह, शरद सिंह, हेमंत सिंह, अजय सिंह, श्याम बहादुर सिंह, संजय उर्फ पिंटू तथा अमहा निवासी मनीष सिंह को दोषमुक्त कर दिया।


दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारी गण। अमृत विचार

### अपहरण मामले में दोष सिद्ध, आज सुनाई जाएगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के अपहरण के चार साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। मामला 8 दिसंबर 2021 का है, जब अम्बेडकर नगर जनपद के कोतवाली अकबरपुर के बदलपुर गांव निवासी मनराज उर्फ मल्लू पर किशोरी के पिता ने अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए छह गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को आरोपी को अपहरण का दोषी मानते हुए जेल भेजने का आदेश दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता रमेश चन्द्र सिंह ने बताया कि दोषी को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर सजा सुनाई जाएगी।

### धोखाधड़ी के केस में एआरटीओ सीतापुर तलब

फर्जी अभिलेखों के जरिए बुलेट मोटर साइकिल को दूसरें के नाम दर्ज कराने के मामले में विचाराधीन केस में एआरटीओ सीतापुर माला वाजपेई को अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने तलब कर सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तारीख नियत की है। कादीपुर कोतवाली के सराय कल्याण निवासी प्रताप सिंह की तहरीर पर तीन सितंबर 2019 को रुद्र प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी व जलसा जी का केस दर्ज किया गया था । आरोप है कि आरोपी रुद्र प्रताप सिंह ने धोखाधड़ी व फर्जी अभिलेखों के सहारे वादी शैलेंद्र प्रताप सिंह की बुलेट अपने नाम स्थानांतरित कर लिया था। इसी मामले में अभियोजन पद के तीसरी गवाह सीतापुर एआरटीओ माला वाजपेई को कोर्ट ने तलब किया है।

### लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमा रद

थाना लम्भुआ क्षेत्र के बेलाही गांव में ग्राम सभा की भूमि पर कब्जे के आरोप में दर्ज केस को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। यह मुकदमा तत्कालीन लेखपाल प्रवीण शुक्ला की तहरीर पर दर्ज हुआ था, जिसमें मोहम्मद सलीम सहित कई लोग आरोपी थे। सलीम को पुलिस ने जेल भेजा था, जिसे अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने जमानत दिलवाई। बाद में अधिवक्ता प्रमोद के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने दोनों क्रिमिनल केस को रद्द करते हुए मुकदमे को समाप्त कर दिया।

### सेवानिवृत्त सीओ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

पिस्टल बरामदगी के मामले में वादी मुकदमा रहे रिटायर्ड सीओ उदय प्रताप सिंह के खिलाफ न्यायाधीश निशा सिंह ने गैर जमानतीय वारंट जारी कर सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख तय की है। पूर्व कोतवाल उदय प्रताप सिंह ने 16 जून 2009 को जयसिंहपुर के महमूदपुर सेमरी निवासी आनंद मिश्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से इटली की बनी हुई पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किया था। कोर्ट ने उन्हें गवाही के लिए तलब किया था परंतु वे गैरहाजिर चल रहे हैं जिस कारण कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

### दहेज उत्पीड़न में चार आरोपियों ने दाखिल की अग्रिम जमानत अर्जी

थाना मोतिगरपुर में दर्ज एक दहेज उत्पीड़न एवं यौन शोषण के मामले में नामजद आरोपियों क्षितिज बरनवाल, शैव्या बरनवाल, सत्यम बरनवाल और अक्षिता बरनवाल ने सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के अनुसार, पीड़िता प्रिया बरनवाल ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद ससुरालीजनों द्वारा पांच लाख रुपये नकद व एक मोटरसाइकिल की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को प्रताड़ित किया गया और घर से निकाल दिया गया। मामला गंभीर धाराओं सहित दर्ज किया गया है। अदालत ने मामले को विचाराधीन रखते हुए अगली सुनवाई की तारीख 11 जून नियत कर दी है।

### राहुल गांधी के मानहानि केस में सुनवाई एक जुलाई तक टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के केस में सोमवार को वकीलों के शोक प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। परिवादी भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव बैंक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया बार के प्रस्ताव के कारण सुनवाई एक जुलाई तक के लिए टल गई है। बीती तारीख पर कोतवाली देहात के पीताम्बरपुर निवासी अनिल मिश्र की गवाही दर्ज की गई थी, जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता केपी शुक्ला ने जिरह की थी, परंतु जिरह पूरी नहीं हो सकी थी। मामले में सोमवार को परिवादी के गवाह से शेष जिरह होनी थी परंतु वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई एक जुलाई तक टल गई । गौरतलब है कि बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी पर तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है । टिप्पणी से आहत होकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। राहुल गांधी ने अपने बयान में लगाए गये आरोपों से इंकार करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। कोर्ट द्वारा निर्धारित अगली नियत तारीख पर परिवादी के गवाह से बचाव पक्ष शेष जिरह करेगा।

### चौकी इंचार्ज समेत पांच के खिलाफ अर्जी पर 16 को होगी सुनवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बल्दीराय के वल्लीपुर चौकी इंचार्ज समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए दाखिल अर्जी पर सोमवार को वकीलों के शोकावकाश के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दाखिल कर दी है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 19 जून की तारीख तय की है। वादी के वकील राजेंद्र तिवारी के मुताबिक बल्दीराय थाना क्षेत्र के वलीपुर के ग्राम केवटली निवासी नरसिंह नारायण ने चौकी इंचार्ज वल्लीपुर समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कराने की अर्जी सीजेएम कोर्ट की अदालत में दाखिल की है।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 16 जून तक टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में गुरुवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई 16 जून तक के लिए टल गई। मामले में अभियोजन गवाह सीएमएस डॉक्टर आरके मिश्र गवाही दर्ज की जा चुकी है जिनसे बचाव पक्ष की जिरह होनी है। छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई थी जिसमें मृतक के पिता मोहम्मद सलीम मे लोलेपुर के सिराज अहमद समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज कराया था। मामले में आरोप तय हो चुके है तथा केस अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

# अनियंत्रित कार पलटने से युवक की गई जान


सलमान (फाइल फोटो)।

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** रविवार की रात लखनऊ से लौटते समय राय नगर थाना धम्मौर निवासी सलमान (28) की कार लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर असरोगा टोल प्लाजा के पास अचानक नीलगाय सामने आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि सलमान की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सलमान बंधुआ कला बाजार में पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री का कारोबार करता था। रविवार को वह लखनऊ से वापस अपने घर लौट रहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गई। कार के पलटने के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कुड़वार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक सलमान की पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। युवक की असामयिक मौत से घर में कोहराम मच गया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप


पीएचसी देहली बाजार में मौजूद सीएचओ हिमांशी ओझा व अन्य स्टाफ।

### मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों की हुई जांच

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सोमवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पीएचसी देहली बाजार और विंदेश्वरीगंज में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान महिलाओं को जरूरी परामर्श और अल्ट्रासाउंड सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।देहली बाजार स्थित पीएचसी पर कुल 8 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हिमांशी ओझा, फार्मासिस्ट मनोज श्रीवास्तव, एएनएम अमिता श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स राजनंदिनी की टीम ने जांच और परामर्श का कार्य किया। वहीं, विंदेश्वरीगंज पीएचसी पर मात्र 4 गर्भवती महिलाओं की जांच हो सकी। डॉक्टर आकांक्षा मिश्रा और स्टाफ नर्स सरिता पाल द्वारा परीक्षण किया गया। यहां कम उपस्थिति के कारण आयोजन औपचारिकता तक सीमित रहा।

### बार अध्यक्ष के हस्तक्षेप से लंभुआ बार का गतिरोध समाप्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार अध्यक्ष सुलतानपुर के हस्तक्षेप से लंभुआ तहसील में एसडीएम और अधिवक्ताओं के बीच चल रही रार समाप्त हो गई। अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे को लेकर सोमवार को डीएम के निर्देश पर सीडीओ समेत अन्य अधिकारियों ने लम्भुआ बार के वकीलों से मुलाकात कर जनकारी हासिल की। वहीं, बार एसोसिएशन सुलतानपुर अध्यक्ष रणजीत सिंह, महासचिव रमाशंकर पांडेय भी लम्भुआ बार पहुंचकर जांच टीम व एसडीएम से मुलाकात कर मामले को अवगत कराया। बार अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया वकीलों पर दर्ज मुकदमें समाप्त करने का आश्वासन एसपी ने दिया है तथा लम्भुआ में जारी गतिरोध समाप्त हो गया है ।

### अधिवक्ता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता व पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव के निधन पर सोमवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। शोक प्रस्ताव कारण वकील न्यायिक कामकाज से विरत रहे। शोक सभा में बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिशुंडी महासचिव रमाशंकर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, रामविशाल तिवारी, नरोत्तम शुक्ल, महेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह राजा, सूर्यनाथ यादव, अजय सिंह, दिनेश दूबे, अब्बास अहमद खान समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### लंगूर की शरारत से ट्रांसफॉर्मर गिरा, 3 गांवों की बिजली गुल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के अभियाखुर्द गांव में एक लंगूर की हरकत से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह एक लंगूर 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर लगे बिजली खंभे पर चढ़ गया और उसे हिला दिया, जिससे ट्रांसफॉर्मर नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना अशोक सिंह के ईंट भट्ठे के पास की है। मजदूरों ने लंगूर को भगाने की कोशिश की, जिससे वह नाराज होकर खंभे पर चढ़ गया। गनीमत रही कि उस समय बिजली सप्लाई रोस्टर के अनुसार बंद थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इससे अभियाखुर्द, रामपुर, हनुमानगंज और दोमुंहा के हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब दस नलकूपों का संचालन भी रुक गया। भदैंया उपकेंद्र के एसडीओ कुमार विकल्प ने बताया कि लाइनमैन भेजकर जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

### चोरों ने ई-रिक्शा की बैटरी चोरी की, पुलिस जांच में जुटी

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुप्तारगंज बाजार में रविवार रात अज्ञात चोरों ने एक ई-रिक्शा को निशाना बनाते हुए बैटरी चुरा ली। घटना अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग-330 के पास की है। गुप्तारगंज निवासी सुशील मोदनवाल का ई-रिक्शा उनके घर के सामने खड़ा था। रात करीब 3 बजे चोर रिक्शा को उठाकर मीरदासपुर मार्ग पर ले गए और बैटरी निकालकर फरार हो गए। सोमवार सुबह जब परिजनों ने रिक्शा को नदारद पाया तो खोजबीन शुरू हुई। कुछ दूरी पर रिक्शा तो मिल गया, लेकिन बैटरी गायब थी। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस टीम सुराग जुटाने में लगी है।

### अनियंत्रित पिकअप पलटी, चालक घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को बनकेगांव के पास अनियंत्रित पिकअप पलटने से चालक आफताब (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। समाजसेवी पंकज पांडेय और सक्षम सिंह ने घायल को मोतिगरपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। समाजसेवियों ने परिजनों को सूचना देकर सामान सुपुर्द किया।

### बोलेरो सवार चोर उठा ले गए दो बकरियां

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ईरुल तिराहा के पास रविवार रात अज्ञात चोर बोलेरो में दो बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित मुहर्रम अली ने बताया कि घर के पास बंधी बकरियों में से दो को चोर उठाकर बेरुगंज की ओर भाग निकले। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है, जांच जारी है।

### विवाहिता को मारपीट कर किया घायल, चार पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद के चलते खण्डौरा गांव में विवाहिता रेशमा को ससुराल वालों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता के भाई राजू की तहरीर पर पुलिस ने पति पिंटू, सास नगीना, देवर अंबुज और पंकज के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

### सड़क हादसे में उप निरीक्षक घायल

▸▸ प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर किया गया रेफर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार शाम लखनऊ-बलिया हाईवे पर शाहपुर लपटा गांव के पास हुए सड़क हादसे में मोतिगरपुर थाने में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक भुवाली प्रसाद (59) घायल हो गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनकी बाइक फिसल गई, जिससे वे वाहन के नीचे दब गए और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे की है, जब उप निरीक्षक भुवाली प्रसाद बाइक से क्षेत्रीय गश्त पर निकले थे। अचानक हुई बूंदाबांदी के चलते सड़क पर फिसलन हो गई। जैसे ही वे एसएन पब्लिक स्कूल, शाहपुर लपटा के पास पहुंचे, बाइक फिसल गई और वे गिर पड़े। बाइक के नीचे दबने से उनके पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विजय सिंह व अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## एक नजर

### धमकी दी, दो पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिजेथुआ महावीरन धाम से लौट रहे महेंद्र मिश्र को पड़ेला गांव के पास रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। उनकी शिकायत पर विकास विक्रम सिंह व एक अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है।

### मारपीट में मां-बेटे घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पोखरदहा गांव में जल निकासी पाइप उतरवाने को लेकर हुए विवाद में पंकज तिवारी व उनकी मां धर्मा देवी को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हमले के आरोपी को जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के धनाइतपुर निवासी राम आशीष को पुलिस ने मैनेपारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। उस पर जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### महिला से मारपीट, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीरीहाजीपुर गांव में रंजिश के चलते एक महिला को विपक्षियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा। घायल निर्मला देवी की तहरीर पर पुलिस ने रामजीत, प्रभावती, वेचन, अरुण, नीतू, आंशिक व विजय पर केस दर्ज किया है।

### किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी ने स्थलीय निरीक्षण गृह परिसर में बैठक कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जर्जर बिजली तारों को बदलने व सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

# जगदीशपुर में 8 किमी सड़क बदहाल

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ब्लॉक से बभनगंवा होते हुए जगदीशपुर तक की करीब 8 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। लोनिवि द्वारा नहर की पटरी पर बनाई गई इस पक्की सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और गिट्टियां उखड़कर सतह पर फैल गई हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मार्ग का उपयोग टोड़रपुर, बेलोमोहन, झौवारा, बरुई, बभनगंवा, जगदीशपुर, तिवारीपुर और चाचपारा समेत दस गांवों के करीब 30 हजार लोग प्रतिदिन करते हैं। यह सड़क बभनगंवा स्थित गोमती पुल को जोड़ती है, जिससे प्रतापगढ़ और अंबेडकरनगर जनपदों से भी लोगों की आवाजाही होती है। खस्ताहाल सड़क की वजह से लगभग 20 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक और चार इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की रोजाना की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बभनगंवा, जगदीशपुर और बोझवा के पास सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तीन वर्षों से मिट्टी और बालू लदे भारी डंपरों की आवाजाही से सड़क की हालत बद से बदतर होती चली गई। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता एसके यादव ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जैसे ही बजट उपलब्ध होगा, काम शुरू कराया जाएगा।


जर्जर सड़क पर चलना हुआ दूभर। अमृत विचार

▸▸ दस गांवों के करीब 30 हजार लोग प्रतिदिन इस सड़क से करते हैं आवागमन

# तीन जुलाई से शुरू होंगी खेल प्रतियोगिताएं, आदेश जारी

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ डीआईओएस कार्यालय ने विद्यालयों को दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचारः** जनपद में इस वर्ष आयोजित होने वाली विद्यालयी खेल-कूद प्रतियोगिता को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा सभी संबंधित विद्यालयों को पत्र जारी कर दिशा-निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। जिला स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताएं आगामी 3 जुलाई से शुरू होकर सितंबर तक आयोजित की जाएगी, जिनका संचालन मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं की निर्धारित तिथि के अनुसार किया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न विद्यालयों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने स्तर पर प्रतियोगिताएं समय से सम्पन्न कराएं। खेल आयोजन की समुचित निगरानी की जिम्मेदारी क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह को सौंपी गई है। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्रता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छह-छह प्रतियां जमा करनी होंगी। शहर स्थित विद्यालयों के साथ-साथ नजदीकी ब्लॉक क्षेत्रों के स्कूलों को भी इस बार आयोजन स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।


लोगों को शरबत वितरित करते स्वयंसेवक। अमृत विचार

### तपती धूप में शरबत वितरण कर कमाया पुण्य

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार में सोमवार को शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, सोनू पांडेय, संदीप यादव, राकेश अग्रहरि और आलोक गुप्ता समेत कई युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ज्येष्ठ माह में धार्मिक व सेवा कार्यों की परंपरा को निभाते हुए युवाओं ने सोमवार को भी सेवा भाव से इस कार्य को अंजाम दिया।

# जीवन को बेहतर बनाता है योगः डा. सलिल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुलतानपुर में शनिवार को योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ विषय पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन और सामूहिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सलील श्रीवास्तव ने की। उन्होंने उद्घाटन भाषण में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और एक सकारात्मक जीवनशैली की कुंजी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी फैकल्टी सदस्य, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों के नेतृत्व में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। डॉ. सलील श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग न केवल रोगों से लड़ने में मदद करता है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है।


मेडिकल कॉलेज में योग करते चिकित्सक व मेडिकल छात्र। अमृत विचार

▸▸ सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में योग कार्यक्रम संपन्न

**विडंबना** — राम भरोसे चल रहा सरकारी फल संरक्षण केंद्र, जिम्मेदारों का इस ओर नहीं है ध्यान

# एक ही कर्मचारी संभाल रहा पूरे विभाग का काम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में एक विभाग ऐसा भी है जो एक कर्मी के भरोसे चल रहा है। इतना ही नहीं यह कर्मी कभी क्लर्क तो कभी टीचर तो वर्कर भी बन जाता है। बात कर रहे हैं हम राजकीय फल संरक्षण केंद्र की। जिले के राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र में अलगू राम नाम के यह कर्मचारी हाल ही में परिचर पद से प्रमोशन पाकर पर्यवेक्षक बने हैं। यहां एक अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है। एक ही कर्मचारी पूरे विभाग का कामकाज संभाल रहा है।

अलगू राम बताते हैं कि सुबह से शाम तक वह विभाग के सभी काम करते हैं। वे अचार-मुरब्बा बनाने से लेकर लेखा-जोखा तैयार करने, प्रशिक्षण देने और परीक्षा लेने तक के काम निपटाते हैं। सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्यों को भी पूरा कर रहे हैं। बात चीत के दौरान अलगू राम ने बताया कि पहले इस विभाग में सात कर्मचारी होते थे। एक प्रभारी विभागीय कार्यों का निरीक्षण करता था। एक सहायक प्रभारी लेखा-जोखा और प्रशिक्षण का काम देखता था। दो पर्यवेक्षक और तीन परिचर भी तैनात थे। परिचर मुरब्बा, अचार, जैम, जेली, चटनी, शरबत, सिरका, स्क्वैश और सॉस बनाने का काम करते थे।

वर्ष 2008-09 के बाद कर्मचारियों की कमी के कारण जिले की सभी तहसीलों में चल रहे फल संरक्षण केंद्र बंद कर दिए गए। अब जिला मुख्यालय का केंद्र भी एक ही कर्मचारी के सहारे चल रहा है। 2004 से तैनात अलगू राम अकेले ही पूरे केंद्र का संचालन कर रहे हैं। केंद्र में आम, कटहल और आंवले का मुरब्बा तैयार किया जाता है। साथ ही गोभी, गाजर, मटर, हरी मिर्च और अदरक का मिश्रित अचार भी बनाया जाता है। यह सभी उत्पाद सरकारी दरों पर तैयार किए जाते हैं।अलगूराम स्कूली छात्रों और स्थानीय समूहों को प्रशिक्षण भी देते हैं। वे मुरब्बा, अचार, जैम, जेली, चटनी, शरबत, सिरका, स्क्वैश और सॉस बनाने की विधि सिखाते हैं। प्रशिक्षण एक दिवसीय और 15 दिवसीय होता है। 15 दिवसीय कोर्स में 7 दिन थ्योरी और 7 दिन प्रैक्टिकल शामिल है।

सरकार ने केंद्र को हर साल 200 लोगों को प्रशिक्षण देने और 1500 किलोग्राम सामुदायिक फल संरक्षण का लक्ष्य दिया है। अलगू राम 53 हजार रुपये मासिक वेतन पर इन सभी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होने पर विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र भी दिया जाता है।

# श्रीराम कथा का हुआ समापन भक्तिभाव से सराबोर रहा क्षेत्र

▸▸ कन्हाईन समिति ने पूर्ण की क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कच्छवाहा वंशी क्षत्रियों की कुलदेवी दुर्गा माता के पावन स्थान पिलाई कोट, देवनगर अखंडनगर, सुल्तानपुर 29 मई से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा का सोमवार को हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। 52 गांवों में फैले श्रद्धालुजनों की बहुप्रतीक्षित मांग पर कन्हाईन समिति द्वारा इस आध्यात्मिक आयोजन का सफल संचालन किया गया। व्यास पीठ पर विराजमान श्री श्री 108 श्रीनिवास दास वेदांती महाराज ने पांच दिवसीय कथा के दौरान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग एवं धर्म के संदेशों का गूढ़ वर्णन किया। वेदांती जी महाराज ने कहा कि बीते 20 वर्षों के वनवास के बाद पुनः माताजी के दरबार में कथा कहने का सौभाग्य मिला, यह मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। कथा के अंतिम दिन प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व विधायक इसौली चंदभद्र सिंह सोनू उपस्थित रहे। साथ ही, भाजपा के जिला मंत्री राजेश सिंह तथा निषाद पार्टी के प्रवक्ता/सचिव रत्नेश सिंह ने भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज की। भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अशोक सिंह, यशवंत सिंह, इंद्रसेन सिंह, संतराम मौर्य, सीताराम वर्मा, विनोद कुमार सिंह, विंध्यवासिनी प्रताप सिंह, आलोक सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, डॉ. गंगा प्रसाद सिंह, राम प्रकाश सिंह, विनय सिंह, जगदंबा सिंह, हेमराज सिंह, संतोष सिंह, जेटू सिंह, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पोखरे के सौंदर्यीकरण का स्टीमेट करें तैयार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा विकास खण्ड मिठवल के ग्राम पंचायत महदेवा में पोखरे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी मिठवल को पोखरे का सौन्दर्यीकरण कराने हेतु स्टीमेट तैयार कराने का निर्देश दिया जिससे पोखरे का सौन्दर्यीकरण हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पोखरे के किनारे पाथ-वे, लाइटिंग, बेंच आदि की व्यवस्था आदि शामिल किया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय, तहसीलदार बांसी, खण्ड विकास अधिकारी मिठवल उपस्थित थे।

### भंडारे और शर्बत वितरण कार्यक्रम में उमड़े लोग

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** बड़े मंगल के उपलक्ष्य में गोपी रुंगटा द्वारा विशाल भण्डारा एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया है। इसमें स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा हुआ। शरबत वितरण कार्यक्रम दिन में 11:00 बजे से शुरू होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा, तो वही विशाल भण्डारा कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से कार्यक्रम के समापन तक चलता रहेगा। उक्त की जानकारी देते हुए गोपी रूंगटा ने यह भी बताया कि दिन में 2:00 बजे से हनुमान जी महाराज का सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन उनके प्रतिष्ठान पर किया जा रहा है, जिसमें उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम का हिस्सा बनने की अपील की है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में नगर व्यवसाई, संभ्रान्त नगरवासी समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा भी कार्यक्रम का हिस्सेदारी होंगे।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं बकरीद

## थाना सभागार में एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर


पीस कमेटी की बैठक करते सीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना सभागार में आगामी बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को एसडीएम राहुल सिंह व सीओ सुजीत कुमार राय की अध्यक्षता में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में सीओ सुजीत कुमार राय ने संभ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कस्बा शोहरतगढ़ को लेकर उच्च अधिकारियों ने कोई टिप्पड़ी नहीं की है, फिर भी पर्व को लेकर सावधानी बरतने की जरुरत है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुभाष यादव से नमाज अदा करने एवं कुर्बानी स्थलों को चिन्हित कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजनें की बात कहीं है।

साथ ही एसडीएम राहुल सिंह ने पर्व को लेकर कुर्बानी के बाद उसके अवशेष को उचित स्थान पर समाधान करने हेतु ईओ शोहरतगढ़ को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही खुले स्थानों पर मीट न काटने और न ही उसका प्रयोग करने सम्बन्धी निर्देश दिये है। कहा कि चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी दी जायें। प्रसाद (सिननी) का वितरण खुले में न करें। कुर्बानी के बाद उसके निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जायें। बिगत दिनों चर्चा में रहे सोसल मीडिया के फेसबुक वार से बचने की भी सलाह दी है। साथ ही कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोसल मीडिया पर गलत भाषा की टिप्पड़ी करता है, तो वह खुद उसका जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में नमाज स्थल पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्युत् व्यवस्था को बेहतर बनाने, उचित स्थानों पर पानी टैंकर की व्यवस्था बनाने की बात कहीं है। साथ ही कहा कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें।

कस्बे में शान्ति व्यवस्था बनाये रखें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों एवं अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें व सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान प्रमुख रूप से चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार, अल्ताफ नेता, सभासद वकील खान, सतीश वर्मा, राजकुमार मोदनवाल, प्रधान राममिलन चौधरी, प्रधान श्रवण जायसवाल, वीरेन्द्र गौड़, नंदू गौड़, विक्रांत सिंह, राजेन्द्र गौतम, मुनीर अहमद, सुरेश कसौधन, छोटू गौड़, एडीओ कृषि राजीव सिंह, एसडीओ विनोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नमाज स्थल पर ही पढ़ें नमाज : एसपी

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कुशीनगर में आगामी बकरीद पर्व को लेकर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर जनपद के सभी थानों द्वारा क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई। बैठकों का उद्देश्य सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना और पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना है। इन बैठकों में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।सभी धर्मगुरुओं को शांति और भाईचारे को बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सभी समुदायों से अपील की गई है कि वे आपसी भाईचारा और सहयोग के साथ बकरीद का पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से बचने और उन्हें तुरंत पुलिस के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया गया है। सभी लोग नमाज स्थलों पर ही नमाज पढ़े, सड़क पर कोई भी नमाज न पढ़े और साफ-सफाई भी बनाये रखें। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सतर्कता बढ़ाई जाएगी।इसके अतिरिक्त, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। सभी लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने समुदाय के लोगों को शांति और सहयोग के लिए प्रेरित करें। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ सामग्री को साझा करने से बचने की सलाह दी गई है।

# उपनिरीक्षक ने पेश की मानवता की मिसाल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पुलिस ऑफिस पर तैनात जनता दर्शन प्रभारी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए गायब पर्स फरियादी को सकुशल वापस किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर खोराबार रानीडीहा निवासी संजीव कुमार कसौधन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने लेन देन जैसे समस्याओं के समाधान करने की गुहार लगाने पहुंचा था पुलिस कार्यालय के बाहर फरियादी का पर्स गिर गया अभी पर्स पर किसी और व्यक्ति की नजर पड़े उससे पहले पुलिस ऑफिस पर तैनात जनता दर्शन प्रभारी उपनिरीक्षक जय शंकर दुबे की नजर पड़ गई दुबे ने तत्परता दिखाते हुए प्रार्थना पत्र पर पड़े मोबाइल नंबर के आधार पर फरियादी को फोन कर मिले पर्स में मौजूद एटीएम कार्ड पैन कार्ड आधार कार्ड नगद 5000 संजीव कुमार कसौधन को सम्मान के साथ वापस करने का काम श्री दुबे द्वारा किया गया। पुलिस ऑफिस के जवानों ने गौरवान्वित महसूस किया कसौधन अपना 5000 नगद सहित पर्स में मौजूद आधार, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड पाकर काफी खुश हुआ।


पोखरे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

## जिलाधिकारी ने किया पोखरे का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा द्वारा नगर पालिका बांसी के मोहल्ला निरालानगर में स्थित पोखरे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका बांसी मुकेश कुमार को नगरीय झील/तालाब/पोखरा संरक्षण योजना के अन्तर्गत मोहल्ला निरालानगर में स्थित पोखरे का तीन माह में सौन्दर्यीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात नगर पालिका बांसी के अम्बेडकर नगर वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वार्ड में सभी घरों में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खुली नालियों पर ढक्कन रखवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चमन आरा राइनी, उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय, मुकेश कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# समर कैंप: बीएसए ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह


समर कैंप में कैरम खेलते बच्चे। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उस्का बाजार विकास क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सजनी व उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी में चल रहे समर कैंप में सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पहुंचे और बच्चों के साथ गतिविधियों में सम्मिलित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। बीएसए ने बच्चों के साथ न सिर्फ गिटार पर संगत किया बल्कि कैरम भी खेला। बीएसए सर्वप्रथम सजनी में पहुंचे तो वहाँ कैंप का संचालन हो रहा था। बच्चों के साथ अभिभावक भी मौजूद थे। बीएसए ने अभिभावकों संग टीम बनाकर खेल गतिविधियों को संपन्न कराया और बच्चों के साथ अभिभावकों को भी पुरस्कृत किया। इस दौरान बीएसए ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को कैंप व विद्यालय खुलने पर पढ़ने को नियमित रूप से भेजें। इसके बाद बीएसए उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी पहुंचे। वहां बच्चों को प्रोत्साहित कर गिटार बजवाया। बीएसए ने बच्चों संग बैडमिंटन व कैरम भी खेला और अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के संबंध में बातचीत किया। बीएसए ने कहा कि समर कैंप में इन गतिविधियों का आयोजन एक यादगार और फायदेमंद अनुभव हो सकता है.यह न केवल नया सीखने और कौशल विकसित करने का मौका देता है.बल्कि उन्हें दोस्तों के साथ समय बिताने और एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का भी अवसर प्रदान करता है।

# यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे कटिबद्ध

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी रोकने का निरंतर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 01 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या 05/06 के फुट ओवर ब्रिज के नीचे 02 नाबालिग लड़कियॉ उम्र लगभग क्रमशः 13 व 12 वर्ष मिली, जिनसे पूछताछ कर चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 01 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या 02 पर एसी लाउंज के सामने 01 बच्ची उम्र लगभग 03 वर्ष मिली, जिसे चाइल्डलाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 31 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर व बचपन बचाओ आंदोलन के सदस्य को गाड़ी संख्या 14603 के गोरखपुर आगमन पर 04 नाबालिग लड़के उम्र क्रमशः 16, 16, 14 व 14 वर्ष लावारिस हालत में मिले, जिन्हे पोस्ट पर लाकर पूछताछ कर चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर व बचपन बचाओ आंदोलन के सदस्य को गाड़ी संख्या 12407 के गोरखपुर आगमन पर 06 नाबालिग लड़के उम्र क्रमशः 14, 16, 17, 16, 13 व 17 वर्ष लावारिस हालत में मिले, जिन्हे पोस्ट पर लाकर पूछताछ कर चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल बलिया को प्लेटफार्म संख्या 01 पर पार्सल कार्यालय के सामने 01 बच्ची उम्र लगभग 04 वर्ष घूमते हुए मिली जिसे चाइल्ड लाइन बलिया को सुपुर्द किया गया। 29 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल मऊ को प्लेटफार्म संख्या 02 पर 01 बच्ची उम्र लगभग 16 वर्ष लावारिस हालत में मिली जिसे स्टेशन मास्टर मऊ के समक्ष चाइल्ड लाइन मऊ को सुपुर्द किया गया। 31 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल बुढवल व अपराध आसूचना शाखा लखनऊ जं0 द्वारा जरवल रोड से एक व्यक्ति को चोरी की रेल सम्पत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# हर विधानसभा में बनेगा पंचायत उत्सव भवन

संवाददाता, कुशीनगर


बैठक में मौजूद डीएम महेंद्र सिंह तंवर व सीडीओ गुंजन द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर 1500 तक आबादी वाली ग्राम पंचायतों के लिए स्वयं के संसाधन से आय आधारित पंचायत प्रतिपूर्ति एंव प्रोत्साहन योजना के संबंध में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक संपन्न हुई।जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 163 ऐसे ग्राम पंचायत है जिनमें आय नीलामी, मत्स्य पट्टा, राजस्व या अन्य श्रोतों से शून्य है। जिलाधिकारी ने सभी ऐसे ग्राम पंचायत के लोगों से अपील की है कि वे पंचायत प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाना चाहते है अपनी ग्राम सभा में आय को विभिन्न श्रोतों के माध्यम से बढ़ाए।उक्त आय ग्राम पंचायत के खाते पेयजल एवं स्वच्छता समिति के संचालन एवं अनुरक्षण निधि खाते में प्रदर्शित होनी चाहिए।उक्त खातों में प्राप्त ब्याज की भी गणना की जायेगी। आय की पांच गुना धनराशि ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन धनराशि के रूप में दी जायेगी।पंचायत प्रतिपूर्ति एंव प्रोत्साहन योजना से प्राप्त धनराशि का व्यय राज्य वित्त आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा।धनराशि का व्यय भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से किया जायेगा।

**पंचायत उत्सव भवन के निर्माण को लेकर की बैठक:** पंचायत उत्सव भवन के निर्माण हेतु स्थल का चयन हेतु बैठक की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण आबादी में उचित दर पर मांगलिक कार्यक्रम विवाह, मुण्डन एवं अन्य कार्यक्रमो के आयोजन हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाली प्रत्येक विधान सभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना है। प्रथम चरण में प्रदेश की 71 ग्रामीण विधान सभाओं में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना है। यह योजना ग्राम पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित एंव संचालित की जाएगी। प्रत्येक पंचायत उत्सव भवन की अनुमानित लागत रु0 1. 41 करोड़ आकलन की गई है।विधान सभा तथा ग्राम पंचायत का चयन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।जिन ग्राम पंचायतो द्वारा ओएसआर सेवाओं की उपलब्धता अधिक की जा रही है तथा जिन ग्राम पंचायतो में अन्नपूर्णा भवन का संचालन किया जा रहा है, उनको प्राथमिकता दी जाएगी। यथा संभव आबादी के समीप हो।ऐसे स्थल का चयन किया जाये।जो न्यूनतम 3000 वर्ग मी० भूमि की आवश्यकता होगी। इस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र कार्यवाही हेतु डीपीआरओ को निर्देशित किया। वर्ष 2021 में सम्पन्न पंचायत निर्वाचन के उपरान्त नगर पंचायत के सृजन/सीमा विस्तार के कारण प्रभावित ग्राम पंचायतों राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि पंचायत निर्वाचन 2021 के दौरान 1003 ग्राम पंचायतें अस्तित्व में थी।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नपं वार्ड दस महाराजा अग्रसेननगर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा के चौथे दिवस रविवार की रात्रि में अयोध्या धाम से पधारे स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब- जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा, कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया।

# साफ-सफाई को लेकर किया जागरूक

## आयोजन

संवाददाता, गोरखपुर


साफ-सफाई को लेकर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते बच्चे।

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अभियान के दौरान 31 मई, 01 जून एवं 02 जून 2025 को मुख्य रूप से पार्को की साफ-सफाई पर ध्यान केन्द्रित करते हुये लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों के मध्य कला प्रतियोगिता करा कर उन्हे पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जूट बैग के प्रयोग हेतु यात्रियों तथा जनमानस को प्रोत्साहित किया गया। रेलवे कर्मियों को अपशिष्ट पृथक्करण, खाद बनाने और पुनर्चक्रण पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों और कोचों में जैव-शौचालय का गहन निरीक्षण किया। गया। छात्र - छात्राओं एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए रेलवे कॉलोनियों के भीतर स्कूलों में ड्राइंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को जलवायु, प्लास्टिक में कमी और परिस्थितिक संतुलन के बारे में जागरूक करना शामिल था। पर्यावरण संरक्षण हेतु कागज के इस्तेमाल को कम करने के लिए, यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप और आईआरसीटीसीवेबसाइट जैसे डिजिटल टिकटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्टेशन एवं कर्मियों ने जहाँ भी संभव हुआ,यात्रियों को मोबाइल और पेपरलेस टिकटिंग विकल्प अपनाने में सहायता की। इस प्रकार के पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम मुख्यालय गोरखपुर के अतिरिक्त इज्जतनगर, लखनऊ एवं वाराणसी मंडलों तथा उत्पादन इकाईयों में भी आयोजित किये गये। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# ब्राजीली मक्के की तस्करी जोरों पर, सुरक्षा एजेंसियां फेल

## तस्कर बेलगाम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सुरक्षा एजेंसियां जितनी सक्रिय होकर तस्करों को दबोच रही हैं, तस्कर उनसे आगे बढ़कर मोटी कमाई के लिए कुछ नई और मोटी कमाई वाले वस्तु की तस्करी कर रहे हैं। मौजूदा समय में ब्राजील वाया नेपाल के रास्ते मक्का भारत पहुंच रहा है।

60 से 70 रुपये किलो में उठाकर 100-120 रुपये किलो तक भारत में बिक्री की जा रही है। गाड़ी से लेकर झोला और बोरी में बॉर्डर पार किया जा रहा है। शाम ढलने से लेकर भोर तक यह काम हो रहा है। सुरक्षा एजेंसियों की निगाह में पड़ने पर यह दबोच लिए जाते हैं। गत दिवस 25 बोरी मक्का के साथ एक व्यक्ति को एसएसबी ने पकड़ा था। जिले से लगने वाली 68 किलोमीटर नेपाल सीमा पर तस्करी जगजाहिर है। सुरक्षा एजेंसियों की धरपकड़ और सख्ती के बाद भी तस्कर अपने मंसूबे में कामयाब हो जाते हैं। बॉर्डर पर चीन का लहसुन, उर्वरक, चावल और राइस ब्रान की तस्करी के बाद तस्कर मक्के की तस्करी में जुट गए हैं। बॉर्डर की गतिविधियों को देखा गया तो पता चला कि इन दिनों भारत और नेपाल में ब्राजील के मक्के की कीमत में काफी अंतर का फायदा दोनों देश के तस्कर लेने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। क्योंकि तस्कर प्रतिदिन और रात में सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर सामानों को धड़ल्ले से आरपार करने में लगे रहते हैं।

सूत्रों के मुताबिक बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की सख्ती के दौरान तस्कर खुली सीमा की पगडंडियों के रास्ते कैरियर की मदद से साइकिल या बिना नंबर प्लेट की बाइक से मक्के की खेप बॉर्डर पार कर भारतीय क्षेत्र में पहुंचा देते हैं। बढ़नी के पास के दुकानदार रिजवान ने बताया कि शाम होते ही मक्का बॉर्डर पार करने का काम शुरू हो जाता है। दोनों देशों में तस्करों ने गोदाम बना रखे हैं। जो बॉर्डर पार पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि नेपाल में 70 से 80 रुपये प्रतिकिलो की दर से मक्का मिल जाता है। भारत लाने पर इसकी कीमत 120 से 140 रुपये प्रति किलो हो जाती है। इस बारे में एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट उमेश जाधव ने बताया कि बॉर्डर क्षेत्रों में जवान तस्करी की रोकथाम के लिए लगे हैं। मंगलवार को नेपाल लाया जा रहा 20 बोरी विदेशी मक्का पकड़ा गया है। तस्करी पर लगाम लगाने के लिए जवान क्षेत्र में चेकिंग कर रहे हैं।

### मक्का से कई तरह की बनती है खाद्य सामग्री

ब्राजील के मक्का से कई तरह के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उक्त रूप से मक्के से आटा, कॉर्नफ्लेक्स, पॉपकॉर्न, पशु आहार बनता है। नेपाल से भारत पहुंचने के बाद इस मक्के को तस्कर वैध तरीके से गोरखपुर और कानपुर की मार्केट में प्रतिदिन कई क्विंटल मक्का भेज रहे हैं। तस्कर इसको नेपाल से 8000 रुपये क्विंटल खरीद कर भारत के व्यापारियों को 12 हजार से 14 हजार रुपये क्विंटल में बेच रहे, जिससे तस्कर मोटी रकम की कमाई कर रहे हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्थानीय नगरपालिका क्षेत्र के बाल्मिकीनगर वार्ड में सोमवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव उसी के घर में फांसी के फंदे से लटका पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। आनन फानन में मौके पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है।मृतक युवक का नाम शशिकांत वर्मा है। बताया जाता है कि शशिकांत रविवार को बच्चों के साथ अपनी ससुराल पीपीगंज गया था। वही पत्नी व दोनों बच्चों को ससुराल छोड़ कर शाम को वापस आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। सुबह उसकी माँ बकरियो को घर से बाहर निकालने के लिए उठी और उसके कमरे के सामने से निकली तो देखा कि कमरे कि छत पर पंखे में शशिकान्त फांसी के फंदे से लटका हुआ है जिसे देख उसने शोर मचाया जिससे छत में सो रहे भाई नीचे पहुंचा और फंदे को काटकर नीचे उतारा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने तैयार किए पोषक आहार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की विद्यार्थियों ने विभिन्न अवस्थाओं के लिए जरूरी पोषक आहार बनाकर उनका प्रदर्शन किया। 50 विद्यार्थियों ने दस समूहों में विभक्त होकर गर्भावस्था आहार, विटामिन ए युक्त आहार, संतुलित आहार, उच्च रक्तचाप के रोकथाम से जुड़े आहार, प्रोटीन युक्त आहार, कैल्शियम युक्त आहार, फाइबर युक्त आहार, आयरन युक्त आहार, ब्लैंड डाइट एवं प्रसवोत्तर आहार तैयार किए। तैयार किए गए खाद्य पदार्थों में रागी पोरिज, पालक पराठा, गाजर का हलवा, कद्दू सूप, ब्राउन राइस राजमा, बाजरे की रोटी, मूंग दाल हलवा, पनीर पराठा, पपीते की बर्फी, चुकंदर पराठा, सूजी उपमा और गुड़-गोंद लड्डू शामिल थे। आयोजन अन्नू पटेल, ममता, प्रज्ञा मिश्रा, समरीन, निधि राय, शक्ति, श्रद्धा, गरिमा पांडेय, प्रिया पाठक और सृष्टि के मार्गदर्शन में हुआ।

### शोकसभा आयोजित कर अर्पित किए श्रद्धासुमन


श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बार सभागार में सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के संस्थापक सदस्य केजी सिंह (कृष्ण गोपाल) की शोकसभा आयोजित की गई जिसमें सिंह के चित्र पर बार के अधिवक्ताओं द्वारा पुष्पार्चन किया गया स्व. सिंह को याद करते हुए जमील अहमद सिद्दीकी ने कहा कि आज हमने अपने अधिवक्ता समुदाय का हीरा खो दिया है। सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बार की स्थापना के लिए सिंह के योगदान पर विचार व्यक्त किया और कहा कि आज अधिवक्तागढण सिद्धार्थनगर में जिस सम्मान के साथ रहते हैं उस सम्मान को दिलाने के लिए बाबू केजी सिंह ने बहुत मेहनत किया है। सिंह एक मिलनसार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे व क्रिमिनल की प्रैक्टिस में प्रमुख योगदान देते थे और जब अधिवक्ता सम्मान की बात आती थी तो सर्वप्रथम वह बार के साथ खड़े रहते थे अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया, रमेश पांडे ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि मेरा एक दाहिना हाथ कट गया है हर अच्छे बुरे समय में वह साथ देना जानते थे। संचालन महामंत्री कृपाशंकर त्रिपाठी ने किया।

### मनचलों के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** एंटी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी। प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना-क्षेत्र सिद्धार्थनगर मे राजकीय उद्यान, बुद्ध वन बिहार, तेतरी बाजार, चौक व स्कूल-कॉलेज कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही। उक्त दौरान एण्टी रोमियों म. उनि शाइस्ता प्रभारी, महिला मुख्य आरक्षी सुनीता, महिला मुख्य आरक्षी कंचन आरक्षी प्रकाश चौरसिया रहे।

## एक नजर

### वायदा बाजार में सोने का भाव 1300 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 1300 रुपये तेजी के साथ 97,175 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 1300 रुपये यानी 1.36 प्रतिशत तेजी के साथ 97,175 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 14,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के ताजा सौदे करने से सोने के कीमतों में तेजी आई है।

### इन्फोसिस के सीईओ का वेतन 80.62 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख का वेतन 2024-25 में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 80.62 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में पारेख को 66.25 करोड़ रुपये का वेतन मिला था। पारेख ने 2024-25 में मूल वेतन के रूप में 7.45 करोड़, सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 49 लाख, बोनस और प्रोत्साहन के रूप में 23.18 करोड़, शेयर विकल्पों के इस्तेमाल से 49.5 करोड़ रुपये अर्जित किए।

# छोटी कारों के बाजार को बचाए सरकार

## मारुति ने सरकार से की मांग, कहा- दाम ऊंचा होने से आ रही है गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● पिछले 10 साल में 30 प्रतिशत से भी कम रह गई बाजार में छोटी कारों की हिस्सेदारी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को देश में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहनों की मांग की। कंपनी का कहना है कि छोटी कारों का दाम ऊंचा होने की वजह से इस खंड में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

कभी भारतीय यात्री वाहन बाजार में छोटी कारों का दबदबा था। आज कुल यात्री वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी घटकर 30 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पांच लाख रुपये से कम कीमत वाली प्रवेश स्तर की कारें जो वित्त वर्ष 2015-16 में लगभग 10 लाख इकाई (9,34,538 यूनिट) हुआ करती थीं, 2024-25 में यह घटकर सिर्फ 25,402 इकाई रह गई हैं।

मारुति सुजुकी के ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल की बिक्री मई में घटकर 6,776 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,902 इकाई रही थी। यहां तक कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी मई, 2025 में घटकर 61,502 इकाई रह गई जो पिछले साल इसी महीने 68,206 इकाई की हुई थी।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़े हुए विनियमन के साथ, छोटी कार मॉडलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जिसका असर उन खरीदारों पर पड़ा है जो दोपहिया वाहनों से प्रवेश स्तर की कारों तक जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए कहीं न कहीं सरकार को यह समझना होगा कि अगर वे वाहन उद्योग को गति देना चाहते हैं, तो उन्हें यह समझने की जरूरत है कि समस्या कहां है और छोटी कारों की बिक्री का आकार कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, कुछ प्रोत्साहनों की आवश्यकता है ताकि जो ग्राहक कार खरीदने में सक्षम नहीं है, वे आ सकें और दोपहिया वाहन से चार पहिया वाहन की ओर जा सकें।

### मारुति सुजूकी और हुंदै की मई में बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को आपूर्ति को संतुलित किया है। हुंदै ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई।

### सेंसेक्स 77 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ।

# रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा- ऋण चक्र को बहाल करने के लिए किया जा सकता है ऐसा

भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।' रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी दर कटौती ऋण चक्र को फिर से सक्रिय कर सकती है।

# एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25% बढ़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एक रिपोर्ट ने पेश किया मई का आंकड़ा, आईटी में नौकरियां घटीं

मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह प्रवृत्ति पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे। इसके उलट खुदरा, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्त एवं ब्रोकिंग क्षेत्रों में भर्तियां आठ-नौ प्रतिशत तक घट गईं।

हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में यूनिकॉर्न कंपनियों की भर्तियों में 29 प्रतिशत तक तेजी देखी गई। शहरों के लिहाज से हैदराबाद और कोच्चि में क्रमशः सात प्रतिशत और आठ प्रतिशत की भर्ती वृद्धि देखी गई, जिसमें से अधिकांश वृद्धि 16 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पेशेवरों की थी।

### यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से बात करें तो मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन किए गए, जबकि इससे पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि लेनदेन का मूल्य मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 20.44 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन महीने में दैनिक लेनदेन औसतन 81,106 करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल के 79,831 करोड़ रुपये के स्तर से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

# कॉरपोरेट दिवाला संबंधी संशोधन अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

Insolvency & Bankruptcy Board of India

● आईबीबीआई ने कहा- संशोधनों का उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना और लेनदारों के हितों की रक्षा करना

आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है।

आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

ऐसे मामलों में, वित्तीय लेनदार जो समाधान योजना का समर्थन नहीं करते थे, उन्हें अब कम से कम आनुपातिक आधार पर और पक्ष में मतदान करने वालों से पहले भुगतान प्राप्त होगा। बोर्ड ने कहा कि यह दृष्टिकोण चरणबद्ध कार्यान्वयन की व्यावहारिक बाधाओं के साथ असहमत लेनदारों के वैध अधिकारों को संतुलित करता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### केरल तट के पास से दो यमनी छात्र लापता

**कोच्चि।** नौ यमनी नागरिकों के एक समूह के दो व्यक्ति सोमवार को यहां के निकट समुद्र में लापता हो गए। यह जानकारी एर्णाकुलम जिला अधिकारियों ने दी। यह घटना कोच्चि तालुक के एलमकुन्नापुझा गांव के वलप्पु समुद्र तट की है। लापता व्यक्ति तमिलनाडु के कोयम्बटूर स्थित कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय पुलिस दल नजारक्कल पुलिस और वाइपिन फायर फोर्स की मदद से घटनास्थल पर खोज अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग की नौकाएं और भारतीय नौसेना का एक हेलीकॉप्टर भी इस अभियान में शामिल हो गया है।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर बिहार सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म और क्रूर शारीरिक हमले की शिकार नौ वर्षीय लड़की की पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु पर बिहार सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग ने मेडिकल कॉलेज में उपचार में देरी के कारण हुई मौत का स्वत: संज्ञान लिया है और बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल पर आरोप है कि पीड़ित बच्ची का इलाज शुरू करने के लिए बिस्तर मिलने से पहले उसे कई घंटों तक एम्बुलेंस में ही इंतजार करना पड़ा था।

### पंजाब मंत्रिमंडल ने लैंड पूलिंग नीति को मंजूरी दी

**चंडीगढ़।** पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को लैंड पूलिंग नीति (जमीन इकट्ठा करने की नीति) को मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि भूमि मालिकों से एक गज भी जमीन, जबरन अधिग्रहीत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अक्षय ऊर्जा मंत्री अरोड़ा ने विपक्षी दलों पर राज्य सरकार की 'लैंड पूलिंग नीति' के बारे में पिछले कई दिन से लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने दावा किया कि इससे बेहतर लैंड पूलिंग नीति न केवल राज्य में बल्कि देश में भी नहीं है।

### दिल्ली में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एनडीआर टीम ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में अवैध रूप से रह रहे दो बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मामून खान (30) और उसकी पत्नी माऊ खान (24) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बंगलादेशी नागरिक अवैध रूप से मंडावली में रह रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछाकर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना के केस बढ़कर हुए 4 हजार

## पिछले 24 घंटे में चार की मौत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने की भीड़ में मास्क पहनने की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● केरल में सर्वाधिक 1435 कोरोना के सक्रिय मामले, 506 केसों के साथ महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर

देशभर में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गई।

राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है।

कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1435 केरल में और उसके बाद 506 महाराष्ट्र में हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुडुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्य प्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में नौ, छत्तीसगढ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

### दिल्ली में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 483 हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार से कोविड-19 के 47 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 483 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। संक्रमण के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि एक पुरानी बीमारी से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की कोरोना वायरस से संक्रमण के कारण मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### ओडिशा: पति को पेट्रोल डालकर जला दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शिशिर की पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से शिशिर पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर के अंदर से शिशिर का अधजला शव बरामद किया गया, इसके बाद पत्नी और पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी और पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया।

# ठग लाइफ की रिलीज से पहले कोर्ट पहुंचे कमल हासन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● कर्नाटक में फिल्म के लिए सुरक्षा और संरक्षण की मांग की

अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की सुचारू रिलीज सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया है।

यह कदम कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) की हाल की घोषणा के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उसने कहा था कि वह कर्नाटक में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति तब तक नहीं देगा, जब तक हासन अपने उस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ तमिल से विकसित हुई है।

कर्नाटक में फिल्म निर्माताओं, वितरकों-प्रदर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था केएफसीसी ने पांच जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म के बहिष्कार की घोषणा की है। चैंबर ने हासन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि जब तक अभिनेता माफी नहीं मांगते, तब तक राज्य में फिल्म को प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा। उसने दावा किया कि उसका रुख कर्नाटक के सांस्कृतिक गौरव और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए है।

### दोनों राकांपा में विलय पर कोई चर्चा नहीं: अनिल देशमुख

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने शरद पवार और उनसे अलग हुए भतीजे अजित पवार के बीच हाल में हुई बैठकों के बाद दोनों की अगुवाई वाले दलों के विलय की अटकलों को तवज्जो नहीं देते हुए सोमवार को कहा कि दोनों गुटों के साथ आने पर कोई चर्चा नहीं हुई। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मुलाकात की है जिससे राजनीतिक हलकों में उनके फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गईं। इस बारे में पूछे जाने पर देशमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों राकांपा के फिर से एक होने पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

# तमिलनाडु: अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

**चेन्नई।** चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में अभियुक्त ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

महिला अदालत की न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने उस पर कुल 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि बहुत कड़ी सज़ा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अदालत को धन्यवाद दिया और फैसले का स्वागत किया। याद दिलाया कि हाल में सरकार ने यौन अपराधियों के लिए छूट को खारिज करते हुए संशोधन किए थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि इस मामले में अदालत ने छूट की गुंजाइश के बिना सज़ा सुनाई और पुलिस विभाग की सराहना की।

## राहत अभियान



भारी बारिश से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में लोग फंस गए हैं। आईटीबीपी के जवानों को उन्हें खाद्य वस्तुएं, दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए दुर्गम इलाकों से गुजरना पड़ रहा है। एजेंसी

# शीर्ष कोर्ट का असम में निर्वासन के विरुद्ध दायर याचिका पर विचार करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं। हेगड़े ने कहा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के एक आदेश पर आधारित है। पीठ ने कहा, कृपया गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएं।

हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के समक्ष उचित कदम उठाने के लिए याचिका वापस लेंगे। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

### दिल्ली बार काउंसिल ने शर्मिष्ठा की तत्काल रिहाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कथित टिप्पणियों के लिए कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली की तत्काल रिहाई की सोमवार को मांग की। कोलकाता निवासी एवं पुणे के विधि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई देर रात हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें कोलकाता की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने इन्फ्लूएंसर को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काउंसिल के चेयरमैन सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा, 'दिल्ली बार काउंसिल सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने को लेकर 22 वर्षीय विधि छात्रा शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा करती है। कुछ लोगों के आहत होने के बाद शर्मिष्ठा ने तुरंत वीडियो को डिलीट कर दिया था और माफी भी मांगी थी, इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# पेशेवर संस्थानों में घुसपैठ कर उन्हें बर्बाद कर रहा है संघ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद में गड़बड़ियों का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमतताओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (एबीआईएसवाई) नामक आरएसएस संगठन है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है।' उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।

## खाने के लिए संघर्ष



गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में सामुदायिक रसोई में दान में भोजन पाने के लिए संघर्ष करते फलस्तीनी। एजेंसी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटेन का साथ

## हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन ने भाजपा सांसद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट ने सोमवार को लंदन में विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में एक बैठक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों में उसके साथ है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का उल्लेख किया और कहा कि पूरी मानवता के हित में इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कैथरीन वेस्ट ने ब्रिटेन की ओर से एक बार फिर अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत के योगदान की सराहना की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में भारतीय उच्चायोग ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से अपने दम पर निपटने के भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा बना हुआ है और इसलिए दुनिया को पूरी मानवता के हित में इस संकट को मिटाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकवादी हमलों की ब्रिटेन की ओर से निंदा की। उन्होंने वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता व वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान पर बात की।



लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### मलेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने कहा पानी-खून साथ नहीं बह सकता

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग (कानून एवं संस्थागत सुधार) में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

## एक नजर

### त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### गाजा : बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

## कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो के लगाए नारे

बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के बोल्डर में एक मॉल में एक युवक ने फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।



बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

### हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

### वीडियो में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

### लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।



पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी

- जेलेंस्की से मैक्रों की मुलाकात के बाद अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने दी जानकारी

पेरिस, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है।

### यूक्रेन-रूस ने तुर्किये में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच 1,000 किमी (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए। यूक्रेन ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया।



## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**कराची।** सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

# नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

**इस्लामाबाद।** विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है।

वेमुरी ने बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

**सहयोग** भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।



### रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहा सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल



**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।